राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

वर्ष- 13 अंक - 87
लखनऊ, गुरुवार 27 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

समृद्ध समाज का आधार





राष्ट्रपति करेंगी विश्व एकता ध्यान अभियान का शुभारंभ 03

संविधान हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन करने की देता है प्रेरणा 10


## पूर्वोत्तर के 'ब्ने मेनाशे' समुदाय के लोग मूलतः यहूदी, अब इजरालय में बसेंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इजरायल पूर्वोत्तर भारत के 'ब्ने मेनाशे' समुदाय के 5,800 सदस्यों को 2030 तक अपने यहां बसाने जा रहा है। इस विषय में विदेश मंत्रालय का कहना है कि बहुत से लोग भावनात्मक और आर्थिक कारणों से विदेश जाकर बसते हैं। यह उन लोगों पर निर्भर करता है कि वे क्या करना चाहते हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में इससे जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत और इज़राइल के बीच हजारों वर्षों से सांस्कृतिक जुड़ाव रहा है और इसी कारण वर्षों में लोगों का आवागमन तथा यहूदी विरासत से संबंध मजबूत रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ रिपोर्टों में भारत के एक गुमनाम क़बीले के इज़राइल जाने की बात संज्ञान में आई है। भारत का प्रवासी समुदाय विश्वभर में फैला है और लोग विभिन्न कारणों से विदेश यात्रा करते हैं। यह उनका निजी निर्णय है और वे अपनी सुविधानुसार तय करते हैं कि उन्हें क्या करना है। इजराइल सरकार ने रविवार को घोषणा की कि वह मिजोरम और मणिपुर के 'ब्ने मेनाशे' समुदाय के लगभग 5,800 लोगों को चरणबद्ध तरीके से उत्तर इज़राइल के गलील क्षेत्र में बसाएगी।

# एएनटीएफ के छह थानों के लिए यथाशीघ्र कराएं न्यायालय आवंटन

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) को और अधिक प्रभावी और सक्षम बनाने के दिए निर्देश

▸ एएनटीएफ के हर थाने व यूनिट में निरीक्षक, उपनिरीक्षक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आरक्षी आदि की होगी तैनाती



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को और अधिक प्रभावी और सक्षम बनाने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि फोर्स के लिए सभी 6 थानों और 8 यूनिटों में निरीक्षक, उपनिरीक्षक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आरक्षी, सहित आवश्यक मैनपॉवर की स्थायी तैनाती और विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था शीघ्र पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि टीम को आधुनिक उपकरण, डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम और उन्नत तकनीकी संसाधनों से सुसज्जित किया जाए ताकि कार्रवाई तेज और सटीक हो सके।

प्रस्तावित थानों के लिए न्यायालय आवंटन की प्रक्रिया बिना विलंब पूरी करने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम मामलों की त्वरित सुनवाई और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। उन्होंने फोर्स के सभी थानों के लिए स्थायी भवन निर्माण किए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संसाधन और संरचना मजबूत होने के बाद कार्रवाई की गति और परिणामों में और वृद्धि होगी और प्रदेश ड्रग नेटवर्क को जड़ से समाप्त करने की दिशा में अधिक सशक्त होगा। बैठक में बताया गया कि एएनटीएफ के गठन के बाद कार्रवाई में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2023 से 2025 के बीच 310 मुकदमे दर्ज हुए, 35,313 किलो अवैध मादक पदार्थ जब्त हुए और 883 तस्कर गिरफ्तार किए गए। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 343 करोड़ रुपये से अधिक है।

### ड्रग्स के खिलाफ संघर्ष समाज की सामूहिक जिम्मेदारी

समीक्षा के दौरान यह भी बताया गया कि सामान्य कार्रवाई के साथ साथ बड़े नेटवर्क और माफियाओं पर प्रहार किए गए हैं। पिछले तीन वर्षों में 2,61,391 किलो अवैध मादक पदार्थों का विधिसम्मत विनष्टीकरण किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 775 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने कहा निस्तारण प्रक्रिया नियमित और पारदर्शी ढंग से जारी रहे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ संघर्ष केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। परिवारों, शैक्षणिक संस्थानों, नागरिक संगठनों और प्रशासन को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि नशे की पहुंच युवाओं तक न हो। उन्होंने कहा कि अपराधियों को यह साफ संदेश मिलना चाहिए कि उत्तर प्रदेश में अवैध ड्रग कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,27,910/ |
| 22 कैरेट | = | 1,17250/ |
| 18 कैरेट | = | 95,930/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 169,000/ |



# केन्द्र ने पुणे मेट्रो फेज-2 की लाइन 4 व 4ए को दी मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को पुणे मेट्रो रेल परियोजना के फेज-2 के तहत लाइन-4 और लाइन-4 ए को मंजूरी दे दी।

केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के अनुसार, दोनों कॉरिडोर कुल 31.636 किमी लंबे होंगे और इनमें 28 एलिवेटेड स्टेशन बनेंगे। परियोजना पांच वर्ष में पूरी की जाएगी और इसकी अनुमानित लागत 9,857.85 करोड़ रुपये होगी। इसके लिए भारत सरकार, महाराष्ट्र सरकार और बाहरी वित्तीय एजेंसियां संयुक्त रूप से धन उपलब्ध कराएंगी। लाइन 4 और 4ए पुणे की कम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान का हिस्सा हैं और खराडी बाइपास, नाल स्टॉप (लाइन 2) तथा स्वारगेट (लाइन 1) पर इंटरचेंज बनाया जाएगा। हडपसर रेलवे स्टेशन पर भी इंटरचेंज होगा



और इसे लोनी कालभोर व ससवड रोड की ओर भविष्य के प्रस्तावित कॉरिडोर से भी जोड़ा जाएगा। यह मेट्रो लाइन आईटी पार्क, औद्योगिक क्षेत्रों, व्यापारिक जोन, शिक्षण संस्थानों और घनी आबादी वाले इलाकों को जोड़ेंगी। सोलापुर रोड, मगरपट्टा रोड, सिंहगद रोड, करवे रोड और मुंबई बेंगलुरु राजमार्ग जैसे व्यस्त मार्गों पर यातायात दबाव कम होगा और सुरक्षित, हरित और टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।

इसके बनने के बाद दैनिक यात्रियों का संयुक्त अनुमान 2028 में 4.09 लाख, 2038 में 7 लाख, 2048 में 9.63 लाख और 2058 में 11.70 लाख से अधिक होगा। लाइन 4 पर 2028 में 3.23 लाख से बढ़कर 2058 में 9.33 लाख यात्रियों द्वारा यात्रा करने का अनुमान है, जबकि लाइन 4ए पर 2028 में 85,555 से बढ़कर 2058 में 2.41 लाख यात्रियों के यात्रा करने की संभावना है। परियोजना का क्रियान्वयन महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। सर्वे, डिजाइन और अन्य पूर्व निर्माण कार्य शुरू हो चुके हैं। इस मंजूरी से पुणे मेट्रो नेटवर्क 100 किमी के लक्ष्य के करीब पहुंच जाएगा।

### रेयर अर्थ मैग्नेट के उत्पाद को बढ़ावा देने की योजना मंजूर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आज 7280 करोड़ रुपये के वित्तीय खर्च के साथ सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (आरईपीएमएस) के उत्पादन को बढ़ावा देने की योजना को बुधवार को मंजूरी दी। आरईपीएमएस सबसे मज़बूत तरह के परमानेंट मैग्नेट में से एक है और इलेक्ट्रिक गाड़ियों, रिन्यूएबल एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस और डिफेंस एप्लीकेशन के लिए बहुत ज़रूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में योजना को मंजूरी प्रदान की गयी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों, रिन्यूएबल एनर्जी, इंडस्ट्रियल एप्लीकेशन और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स की तेज़ी से बढ़ती डिमांड की वजह से भारत में आरईपीएमएस का उपयोग 2025 से 2030 तक दोगुना होने की उम्मीद है। अपनी तरह की इस पहली पहल का मकसद भारत में 6,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष इंटीग्रेटेड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट मैन्युफैक्चरिंग शुरू करना है। इससे आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और भारत ग्लोबल आरईपीएम बाजार में एक अहम खिलाड़ी के तौर पर अपनी जगह बनाएगा। वैष्णव ने बताया कि यह योजना इंटीग्रेटेड आरईपीएमएस उत्पादन फैसिलिटी बनाने में मदद करेगी, जिसमें रेयर अर्थ ऑक्साइड को मेटल में, मेटल को एलॉय में और एलॉय को फिनिश्ड आरईपीएमएस में बदलना शामिल है।

### भारत को मिली कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी
### अहमदाबाद में होगा आयोजन

**अहमदाबाद।** भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिल गई है। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स जनरल असेंबली में भारत की बोली को औपचारिक मंजूरी दी गई। गुजरात के अहमदाबाद में ये खेल कराए जाएंगे। यह भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि भारत दूसरी बार इस वैश्विक खेल का आयोजन करेगा। इससे पहले 2010 में नई दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स का सफल आयोजन हुआ था। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने बुधवार को जारी आधिकारिक बयान में बताया कि अहमदाबाद को 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों का मेजबान घोषित किए जाने के कुछ ही क्षण बाद असेंबली हॉल में 20 गरबा डांसर और 30 ढोल वादक पहुंचे और वहां उपस्थित अन्य देशों के प्रतिनिधियों को सांस्कृतिक प्रदर्शन से आश्चर्यचकित कर दिया। इससे उन्हें उस विरासत और गौरव का एहसास हुआ, जिसकी उम्मीद खिलाड़ी और प्रशंसक भारतीय राज्य गुजरात में आयोजित खेलों से कर सकते हैं। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के अध्यक्ष डॉ. डोनाल्ड रुकारे ने कहा कि यह कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के लिए एक नए स्वर्ण युग की शुरुआत है।

## लालकिला धमाका केस में आतंकी उमर नबी का साथी शोएब गिरफ्तार

▸ एनआईए डॉ. आदिल व डॉ. शाहीन को लाएगी अल-फलाह यूनिवर्सिटी

एजेंसी



**फरीदाबाद।** दिल्ली के लालकिला बम धमाके की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सुसाइड हमलावर आतंकी डॉ. उमर नबी के नजदीकी सहयोगी शोएब को फरीदाबाद के गांव धौज से गिरफ्तार कर लिया है। शोएब हरियाणा के अल-फलाह विश्वविद्यालय में वार्ड बॉय के रूप में कार्यरत था। आरोप है कि उसने उमर नबी को विस्फोटक सामग्री लाने और ले जाने में सहायता की और नूंह में अपनी साली अफसाना के घर में उसके लिए कमरा किराए पर दिलवाया। धमाके से पहले उमर नबी 10 दिन तक वहीं ठहरा था। इस मामले में यह 7वीं गिरफ्तारी है।

आतंकी मॉड्यूल से जुड़े डॉ. मुजम्मिल शकील की निशानदेही के बाद अब एनआईए डॉ. आदिल अहमद और डॉ. शाहीन सईद को अल-फलाह विश्वविद्यालय में लेकर जाएगी। जांच में सामने आया है कि आदिल और उमर नबी कई वर्षों से परिचित थे। आदिल कई बार उमर से मिलने के लिए विश्वविद्यालय आया और उसके छात्रावास स्थित फ्लैट में ठहरा। इसी दौरान उसकी पहचान मुजम्मिल शकील और शाहीन सईद से कराई गई।

सूत्रों के अनुसार, फतेहपुरा तगा और धौज गांव में विस्फोटक सामग्री इकट्ठा करने की योजना आदिल ने ही सुझाई थी। जांच में सामने आया है कि उमर नबी और आदिल दोनों अनंतनाग के सरकारी अस्पताल में कार्यरत थे। बाद में आदिल सहारनपुर और उमर अल-फलाह विश्वविद्यालय में तैनात हुए, लेकिन दोनों का संपर्क बना रहा। जांच में यह भी पता चला है कि डॉ. शाहीन सईद आतंकी मॉड्यूल की महत्वपूर्ण सदस्य थी। वह विश्वविद्यालय की पाठ्यक्रम समिति में तीसरे स्थान पर थी और नए लोगों को इस नेटवर्क में जोड़ने तथा मानसिक रूप से प्रभावित करने का काम करती थी।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति को 27 साल की सजा काटने का आदेश

**ब्रासीलिया।** ब्राज़ील सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्ज़ेंडर डी मोसियस ने पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो और उनके छह करीबी सहयोगियों को तख्तापलट की कोशिश मामले में दोषी पाये जाने पर 27 साल की जेल की सजा काटने का आदेश दिया है। ग्लोबो अखबार ने यह जानकारी दी है। मंगलवार को प्रकाशित रिपोर्ट में न्यायमूर्ति मोराएस के हवाले से कहा गया मैं जेयर बोल्सोनारो की सजा तुरंत शुरू करने का आदेश देता हूं।

### जिहादी गतिविधियों से जुड़ा युवक गिरफ्तार

**दरंग (असम)।** असम के खारुपेटिया थाना अंतर्गत पश्चिम कामारपारा गांव से पुलिस ने मुनसेर अली नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, उस पर अंतरराष्ट्रीय जिहादी संगठन अराकान रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी (एआरएसए) और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से संपर्क रखने का आरोप है। सूत्रों के मुताबिक, मुनसेर अली हाल ही में अपने कार्यस्थल तमिलनाडु से खारुपेटिया लौटा था। जांच में यह भी सामने आया है कि वह सोशल मीडिया के जरिए बांग्लादेशी उग्रवादी तत्वों के संपर्क में था और प्रदेश के कई स्थानों पर असामाजिक गतिविधियों की योजना बना रहा था।

### राष्ट्रपति पुतिन आएंगे भारत दोनों पक्ष वार्ता की तैयारी में

**नई दिल्ली।** रुस के राष्ट्रपति जल्द ही वार्षिक शिखरवार्ता के लिए भारत आएंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि वर्तमान में दोनों पक्ष वार्ता की तैयारियां कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से तैयारियाँ जारी हैं। रूस व भारत के बीच 23वाँ वार्षिक शिखर सम्मेलन इसी साल दिसंबर में दिल्ली में आयोजित होने वाला है। इसकी नियत तिथि और स्थान के बारे में जानकारी जल्द ही आपके साथ साझा की जाएगी।

### 41 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष हथियार डालकर किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के अत्यधिक नक्सल प्रभावित बीजापुर जिला में बुधवार का दिन सुरक्षा अभियानों और पुनर्वास नीति की ऐतिहासिक उपलब्धि का रहा जब 41 सक्रिय माओवादी कैडरों ने लंबे समय तक चली हिंसक, क्रूर और जनविरोधी विचारधारा को छोड़कर भारतीय संविधान, लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक पुनर्समावेशन में आस्था व्यक्त करते हुए आत्मसमर्पण किया। दक्षिण बस्तर, विशेष रूप से बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के घने जंगलों में दशकों से सक्रिय प्रतिबंधित माओवादी संगठन के लिए यह समर्पण इसलिए भी बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि इन कैडरों पर कुल मिलाकर एक करोड़ 19 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

## यूपी की सवा लाख वक्फ संपत्तियां जल्द होंगी उम्मीद पोर्टल पर पंजीकृत

▸ राज्यमंत्री दानिश आजाद ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड कार्यालय का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बुधवार को लखनऊ स्थित सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के कार्यालय का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण वक्फ संशोधन अधिनियम लागू होने के बाद उम्मीद पोर्टल की प्रगति एवं उसके क्रियान्वयन की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया।

नके साथ उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के सीईओ मासूम अली सरवर मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने सभी कक्षों का गहन निरीक्षण किया और रिकॉर्ड रूम में रखी फाइलों को शीघ्र डिजिटल करने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि वक्फ संपत्तियों से जुड़ी सभी फाइलों और दस्तावेज का सही ढंग से रख रखाव किया जाए। मंत्री ने प्रदेशभर से आए विभिन्न वक्फ मुतवल्लियों से मुलाकात की तथा उन्हें वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण, प्रबंधन, पारदर्शिता तथा डिजिटलीकरण से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। इससे न केवल वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं पर भी प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी व वक्फ की संपत्तियों का इस्तेमाल मुस्लिम समाज खासतौर पर पिछड़े पसमांदा मुस्लिम समाज तथा मुस्लिम महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हो सकेगा।

### सीएम फडणवीस समेत पवार ने आतंकी हमलों की 17वीं बरसीं पर वीरों को किया याद

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने बुधवार को मुंबई में 2008 के आतंकवादी हमलों के दौरान जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह श्रद्धांजलि समारोह दक्षिण मुंबई स्थित मुंबई पुलिस आयुक्त कार्यालय परिसर में शहीद स्मारक पर आयोजित किया गया। राज्य मंत्री आशीष शेलार और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारों के सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया और स्मारक पट्टिका के सामने एक मिनट का मौन रखा। शहर भर की पुलिस इकाइयां से यहां पुलिसकर्मी उपस्थित थे, जिन्होंने हमलावरों का सामना करने वाले अपने सहयोगियों की याद में सलामी दी।

## गंभीर रोगों से ग्रस्त शिक्षकों की अब घर के नजदीकी स्कूल में होगी तैनाती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** निदेशक बेसिक शिक्षा प्रताप सिंह बघेल ने कहा,कुछ शिक्षक गंभीर रोगों से ग्रस्त हैं अब उनकी तैनाती घर से नजदीकी विघालयों में की जायेगी। ऐसे मामलों में समायोजन की जिम्मेदारी अब बीएसए को दी गयी है। पूर्व में यह स्थानातंरण निदेशालय स्तर पर होता था जिसमें बदलाव किया गया है।

टीईटी के सवाल पर कहा, टीईटी टीचर एलिजिबिलिटी परीक्षा को लेकर हाईकोर्ट का आदेश है जिसके तहत हर शिक्षक को टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, समाधान निकलेगा। इस मामले को लेकर शिक्षण कार्य कहीं



अब बीएसए करेंगे समायोजन

प्रभावित नहीं हो रहा है। एसआईआर को लेकर बोले, एसआईआर स्पेशल इंटेसिव रिवीजन राष्ट्रीय कार्यक्रम है।

इसमें पिछले कार्यक्रमों की तुलना में कम शिक्षकों की ड्यूटी लगायी गयी है। अधिकांश स्कूलों से एक- एक शिक्षकों की ही ड्यूटी लगायी गयी है। निदेशक ने बताया कि प्रदेश में करीब 50 हजार बाल बाटिकाएं चल रही है जिसमें 38 लाख बच्चे प्री प्राइमरी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

### दूसरों को भाषण न दे दागी पाकिस्तान : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने राम जन्मभूमि मंदिर पर धर्म ध्वजा फहराये जाने पर आपत्ति जताने वाले पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई है। भारत ने कहा है कि अल्पसंख्यकों को लेकर दागदार रिकॉर्ड वाले पाकिस्तान के पास दूसरों को लेक्चर देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि हमने रिपोर्ट किए गऐ बयानों को देखा है और उन्हें उसी अवमानना साथ खारिज करते हैं जिसके वे हकदार हैं। एक ऐसे देश के तौर पर पाकिस्तान का अपने अल्पसंख्यकों के दमन, कट्टरता और व्यवस्थित बुरे बर्ताव का गहरा दागदार रिकॉर्ड है। ऐसे में पाकिस्तान के पास दूसरों को लेक्चर देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

## इस वर्ष खरीफ फसलों का उत्पादन 38.70 लाख टन बढ़ने का अनुमान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ की फसलों के उत्पादन का प्रथम अग्रिम अनुमान जारी कर दिया है। इसके अनुसार, खरीफ की प्रमुख फसलों के उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि का अनुमान है, कुल खाद्यान्न उत्पादन 38.70 लाख टन बढ़कर 1733.30 लाख टन अनुमानित हैं।

खरीफ चावल व मक्का के अच्छे उत्पादन की उम्मीद है। शिवराज सिंह ने मीडिया के साथ बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में निरंतर सकारात्मक प्रगति हो रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा ने फसलों को प्रभावित किया, लेकिन ज्यादातर क्षेत्रों को अच्छे मानसून से काफी लाभ हुआ है, इससे कुल मिलाकर फसलों की अच्छी वृद्धि हुई है। शिवराज सिंह ने कहा कि प्रथम अग्रिम अनुमान के अनुसार, वर्ष 2025-26 के दौरान खरीफ चावल उत्पादन 1245.04 लाख टन अनुमानित है, जो गत वर्ष के खरीफ चावल उत्पादन से 17.32 लाख टन ज्यादा है। खरीफ मक्का का उत्पादन 283.03 लाख टन अनुमानित है, जो गत वर्ष के खरीफ मक्का उत्पादन से 34.95 लाख टन अधिक है। मोटा अनाज 414.14 लाख टन और कुल खरीफ दलहन उत्पादन 74.13 लाख टन अनुमानित है, जिसमें तूर 35.97 लाख टन, उड़द 12.05 लाख टन तथा मूंग 17.20 लाख टन का उत्पादन अनुमानित है।

बड़ा कदम

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद में सेफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन सर्विसेज संयंत्र का किया उद्घाटन

# विमानों के रखरखाव, मरम्मत व कायाकल्प का वैश्विक हब बनेगा भारत

एजेंसी

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह हैदराबाद में सेफ्रॉन एयरक्राफ्ट इंजन सर्विसेज़ की कार्यशाला को भारत में विमानों के रखरखाव, मरम्मत और कायाकल्प का वैश्विक हब विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

श्री मोदी ने राजधानी दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से सेफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन सर्विसेज़ संयंत्र का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज से भारत का वैमानिकी क्षेत्र एक नई उड़ान भरने जा रहा है। सेफ्रान की ये नई



फैसिलिटी भारत को एक वैश्विक एमआरओ हब के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी। ये फैसिलिटी हाईटेक एयरोस्पेस की दुनिया में युवाओं के लिए नए अवसर भी बनाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे देश में एमआरओ का 85 प्रतिशत काम देश के बाहर होता आ रहा है। इससे खर्च बढ़ता है, समय ज्यादा लगता था, और एयरक्राफ्ट लंबे समय तक ग्राउंडेड रहते हैं। ये स्थिति भारत जैसे विशाल विमानन बाज़ार के लिए ठीक नहीं है। इसलिए आज केन्द्र सरकार देश को, दुनिया के एक बड़े एमआरओ केंद्र के रूप में विकसित कर रही है। अब पहली बार देश में एक वैश्विक ओईएम यानी मूल उपकरण निर्माता स्तर की सघन सर्विसिंग की सुविधा स्थापित की जा रही है। मोदी ने कहा, हम हर सेक्टर में डिजाइनिंग इंडिया को भी बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन दे रहे हैं। मैं सेफ्रान की टीम से आग्रह करूंगा कि आप भारत में एयरक्राफ्ट इंजन और कंपोनेंट डिजाइन की संभावनाओं को भी एक्सप्लोर करें। इसमें एमएसएमई का, हमारा बहुत बड़ा नेटवर्क और हमारा युवा टैलेंट पूल आपको बहुत मदद करेगा। सेफ्रान एयर स्पेस प्रोपल्शन सिस्टम पर, बड़े स्तर पर काम करता है।

### इस बार 15 दिन पूर्व आयोजित हो रहा है माघ मेला

मोदी ने कहा, इस संयंत्र के माध्यम से सेफ्रान के वैश्विक प्रशिक्षण, नॉलेज ट्रांसफर और भारत के संस्थानों के साथ साझीदारी, इससे देश में एक ऐसा कार्यबल तैयार होगा, जो आने वाले वर्षों में पूरे एमआरओ इकोसिस्टम को नई गति, नई दिशा देगा। इस फैसिलिटी से देश के दक्षिण भारत के नौजवानों के लिए रोजगार के अनेक अवसर बनेंगे। उन्होंने जलपोतों के अनुरक्षण, मरम्मत एवं कायाकल्प की दिशा में भारत के प्रयासों का उल्लेख करते हुए यह भी कहा, हम सिर्फ विमानन क्षेत्र में एमआरओ तक सीमित नहीं रहना चाहते, हम जहाजरानी से जुड़े एमआरओ इकोसिस्टम पर भी बहुत बड़े पैमाने पर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सैफ्रॉन कंपनी को हर संभव मदद और सहयोग देगा। उन्होंने कहा कि विमानन क्षेत्र में पिछले कुछ सालों से तेज़ी से विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि भारत ने पहले ही 1500 एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दे दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में एयरक्राफ्ट सर्विस सेंटर बनाना बहुत फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि वे लघु मध्यम एवं सूक्ष्म उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देने की नीति के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्रों में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश की इजाज़त दी गई है।

# जमीनी विवाद में चटकी लाठियां, रिश्तेदार सहित सात घायल





▸ पुलिस ने मामला दर्ज कर घायलों को इलाज के लिए भेजा

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत गुजराती पुरवा गांव में बुधवार दोपहर जमीनी विवाद को लेकर सगे भाइयों में जमकर लाठिया चटकी और धारदार हथियार चले।

इस दौरान रिश्तेदार सहित दोनों पक्ष के सात लोगों को चोटें आई। थाना क्षेत्र के बरदहा कला गांव निवासी चंद्रिका प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनका बेटा अक्षय कुमार अपनी बहन सुशीला तथा बहनोई लवकुश को लाने के लिए गुजराती पुरवा गांव गया हुआ था। अक्षय की गोदभराई होनी थी। वहीं जमीनी विवाद को लेकर भगोले, मौजी लाल तथा रामानंद तीनों सगे भाई विवाद कर रहे थे। देखते ही देखते भाइयों के बीच लाठी डंडा और धारदार हथियार चलने लगे। अक्षय कुमार बीच बचाव के लिए गया तभी भगोले और मौजी लाल आदि लोगों ने उस पर भी हमला बोल दिया। घटना में अक्षय कुमार और रामानंद को गंभीर चोटें आई।

लवकुश, चमन, शत्रोहन, मंजू देवी, रज्जो देवी आदि लोगों को मामूली चोटें आई। पुलिस ने मामला दर्ज कर सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी शिवपुर भेजा। जहां चिकित्सकों ने उपचार किया। डॉ. विकास सिंह ने बताया कि अक्षय कुमार और रामानंद को गंभीर चोट आने की वजह से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष आनंद सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## कार ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर, युवक की मौत




**विशेश्वरगंज, बहराइच।** मंगलवार देर शाम गोंडा–बहराइच राजमार्ग पर कंछर गांव के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में घायल युवक आकाश कुमार (24) की इलाज के दौरान मौत हो गई। तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार की सीधी टक्कर में उसकी मां गुड़िया देवी (45) अभी भी गंभीर अवस्था में उपचाराधीन हैं।

पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक की कर रही है तालाश

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आकाश अपनी मां के साथ मोटरसाइकिल से बहराइच से गोंडा की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों दूर तक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजकुमार पांडे टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी विशेश्वरगंज भेजा। डॉ. मनोज कुमार पांडे ने आकाश की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मां का इलाज सीएचसी में जारी है। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।

## विशेश्वरगंज में पुलिस की पैदल गश्त चलाया यातायात जागरूकता अभियान




समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** बुधवार को विशेश्वरगंज थाना पुलिस ने चौकी धनुही क्षेत्र में पैदल गश्त कर यातायात नियमों को लेकर लोगों में जागरूकता पैदा की। थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने पुलिस टीम के साथ वीर इंटर कॉलेज धनुही तथा इकौना-विशेश्वरगंज रोड पर पैदल मार्च कर राहगीरों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया।

गश्त के दौरान उन्होंने युवाओं और छात्रों को चेताया कि ÷सड़क पर जरा-सी लापरवाही बड़ा हादसा बन जाती है। हेलमेट और सीट बेल्ट जिंदगी की सुरक्षा कवच हैं।

थानाध्यक्ष ने छात्रों से अपील की कि वे स्वयं सुरक्षित चलें और दूसरों को भी नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा यातायात व्यवस्था सुधारना तभी संभव है जब हर नागरिक जिम्मेदारी के साथ सड़क पर उतरे। पैदल गश्त से इलाके में सुरक्षा का संदेश गया और स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की। अभियान ने स्पष्ट कर दिया कि विशेश्वरगंज पुलिस अब जागरूकता और अनुशासन–दोनों मोर्चों पर सक्रिय है।

## खबरें एक नजर में

### महिला का पांच लाख का जेवर बैग से हुआ गायब

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र की एक महिला अपने भतीजी की शादी में शामिल होने उतरौला जा रही थी। रोड बेज बस में ही उस का बैग से पांच लाख का जेवर गायब हो गया। उसने कोतवाली देहातमें तहरीर दिया है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गलबा पुर मधई पुरवा निवासी गुड़िया पत्नी राज किशुन अपने भतीजी की शादी में उतरौला रोड बेज बस से जा रही थी। धाने पुर कस्बा के पास रोड बेज बस में ही उस का बैग में रखा पांच लाख का जेवर और कुछ नगद पैसा गायब हो गया। उतरौला घर पहुंचने पर इस की जानकारी उस को हुई। काफी खोज बीन के बाद भी गायब जेवर का कही पता नहीं चल सका। कोतवाली देहात में महिला ने तहरीर दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है घटना की जांच की जा रही है।जांच करने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### जनपद के बी.एल.ओ. के लिए मिसाल बनी उमा देवी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बाल विकास परियोजना कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत रेवली में आंगनबाड़ी के पद पर कार्यरत उमा देवी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस.आई.आर.-2026 के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-286 कैसरगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय दनावल के भाग सं. 217 जिसमें कुल मतदाताओं की संख्या 505 है, में बूथ लेबिल अधिकारी के तौर पर कार्य करते हुए पुनरीक्षण कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण किया है। बी.एल.ओ. द्वारा पूर्ण लगन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से किये गये प्रयासों की जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए बेस्ट बी.एल.ओ. एस.आई.आर.-2026 से सम्मानित करने का निर्णय लिया है। डीएम श्री त्रिपाठी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस.आई.आर.-2026 की प्रक्रिया में लगे हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आहवान किया है कि बी.एल.ओ. उमा देवी के प्रयासों से प्रेरणा लेते हुए निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण एवं पुनीत कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान कर शत-प्रतिशत मतदाओं को प्रपत्र का वितरण कराने के साथ-साथ भरे हुए प्रपत्रों को प्राप्त कर उनके डिजिटाइजेशन के कार्य का समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें।

# अपराध निरोधक समिति के तत्वाधान में निकाली गई यातायात जागरुकता रैली

▸ पाँच सौ से अधिक विद्यार्थियों सहित सीओ नानपारा व रूपईडीहा पुलिस ने किया सहभाग

समृद्धि न्यूज



**रुपईडीहा, बहराइच ।** यातायात माह नवम्बर के अंतर्गत उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति शाखा रुपईडीहा द्वारा बुधवार को एक विशाल यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारम्भ श्री राम जानकी इण्टर कॉलेज परिसर से हुआ, जहाँ रामजानकी इं कालेज के प्राचार्य एवं पूर्व प्रमुख डॉ हरीश चंद्र उर्फ बंटू भैया एवं थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

रैली में श्री राम जानकी इण्टर कॉलेज,आचार्य रमेश चन्द्र गर्ल्स कॉलेज व एनसीसी कैडेट सहित लगभग पाँच सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थी सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा, यातायात नियम का पालन करें, सुरक्षित सड़क, सुरक्षित जीवन जैसे प्रभावी नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे और राहगीरों को जागरूक करने हेतु पंपलेट भी वितरित किए।

डॉ यशपाल ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों के पालन करने में हमारी सुरक्षा है, नियम तोड़ना अपराध है । रैली में उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति रुपईडीहा के पदाधिकारी गण, क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न कुमार सिंह तथा रूपैडिहा कोतवाल रमेश सिंह रावत अपनी पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने पूरे रास्ते रैली व्यवस्था संभालते हुए सहयोग प्रदान किया। रैली पूरे कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जिसका संचालन शेर सिंह कसौंधन और केशव कुमार मौर्य ने किया । विद्यार्थियों की अनुशासित भागीदारी और अधिकारियों का सक्रिय सहयोग रैली को सफल बनाने में महत्वपूर्ण रहा। स्थानीय लोगों ने भी रैली का स्वागत किया। इस अवसर पर राम जानकी इं का के एन सी सी अध्यापक चन्दन गुप्ता, विवेक तिवारी, संजय कुमार वर्मा, महबूब अहमद, राजीव अग्रवाल, राजेश मसीह, रमेश मिश्रा, केशरी प्रसाद सोनी, अल्तमस मेकरानी, रामशंकर शुक्ला मिठाई लाल जायसवाल सहित रूपईडीहा के लोग मौजूद रहे।

# संविधान दिवस पर एसपी ने पुलिसकर्मियों को दिलाई शपथ

समृद्धि न्यूज़



अधिकारियों-जवानों ने राष्ट्र की एकता-अखंडता बनाए रखने का लिया संकल्प

**बहराइच।** संविधान दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में, पुलिस अधीक्षक की ओर से अधिकारियों और पुलिस जवानों को राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कराया।

उन्होंने सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर, पुलिस अधीक्षक ने संविधान में निहित आदर्शों जैसे न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त, रिज़र्व पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार सिंह ने भी पुलिस बल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उन्हें संविधान के प्रति निष्ठा रखने तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता को हर परिस्थिति में बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया। इन कार्यक्रमों के दौरान संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। सभी उपस्थित लोगों को संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन पवन कुमार, पुलिस उपाधीक्षक नारायण दत्त मिश्रा सहित अन्य समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सम्मन देने गए पुलिस कर्मियों को पीटा, केस दर्ज

**गोंडा।** नगर कोतवाली क्षेत्र के महराज गंज चौकी अंतर्गत इमाम बाड़ा चमर टोलिया में दीवान छोटे लाल यादव और सिपाही अरुण कुमार सम्मन का तामील कराने गए हुए थे। वहीं के निवासी शशि गौतम उस के भाई राजन गौतम ने दोनो की पिटाई कर दिया। दीवान छोटे लाल यादव ने नगर कोतवाली में तहरीर दिया है कि वह महराज गंज जिले के बृजमन गंज थाना का दीवान है। महराज गंज चौकी अंतर्गत इमाम बाड़ा निवासी शशि गौतम उर्फ आनंद गौतम ने अपने छोटे भाई की शादी बृजमन गंज थाना क्षेत्र में एक लड़की से लगाई थी। कुछ लेन देन को लेकर राजन गौतम ने शादी करने से इनकार कर दिया था। जिस का मुकदमा लड़की के पिता ने दायर किया है। उसी का सम्मन न्यायालय से राजन गौतम और उस के बड़े भाई शशि गौतम उर्फ आनंद के नाम पर जारी हुआ था। उसी का तामील करने के लिए महराज गंज चौकी के सिपाही अरुण कुमार के साथ गया था। दोनों भाइयों ने मार पीट किए और वर्दी फाड़ दिया।

# मुलायम सिंह यादव स्मृति कप : चौधरी इलेवन व सीएसके बनियाभारी की जीत

समृद्धि न्यूज



**उतरौला (बलरामपुर)।** मोहम्मद यूसुफ उस्मानी इंटर कालेज में मुलायम सिंह यादव की स्मृति में चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता में चौधरी इलेवन में जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया।पहला मुकाबला छ्स्य बनियाभारी व अहमद ट्रेडर्स के बीच खेला गया जिसमें छ्स्य बनियाभारी ने पहले बल्लेबाजी करते हुय 10ओवरमें 4 विकेट पर 152 रन बनाए।छ्स्य बनियाभारी के युवा बल्लेबाज अमन यादवने 21 गेंद में 52 रन व रवि बनारस ने 12 गेंद पे 44 रनों के योगदान दिया। जबाब में अहमद ट्रेडर्स की टीम 10 ओवर में 4 विकेट पर 125 रन ही बना पाई।

लवीश कौशल ने 4 विकेट लिये और मैन आफ मैच चुने गए।चौधरी इलेवन ने 27 रनों से मुकाबले को जीत लिया।दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला छ्स्य बनियाभारी व तुर्कवाल के बीच खेला गया।जिसमें छ्स्य बनियाभारी ने 10 ओवर में 154 रन बनाए रंजीत यादव ने 36 रनो का योगदान किया।

तुर्क वोल्फ 10 ओवरो में 123 रन ही बना स्की सीएसके बनियाभारी ने 31 रनों से जीत हासिल सेमी फाइनल में प्रवेश किया। बेहतरीन पारी खेलने वाले रंजीत यादव मैन आफ मैंच चुना गया।मैन आफ मैच का पुरस्कार विकास सिंह व लवी महमूद ने दिया।

मैच देखने के लिये दर्शको की भारी भीड़ मैदान पर मौजूद रही।मैच के दैरान अखलाक की टीम द्वरा की जा रही कमेंट्री की तारीफ दर्शको द्वारा की जा रही है।

# विधायक खेल सर्धा सदर गोंडा का हुआ आयोजन



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** बुधवार को विधानसभा विधानसभास्तरीय दो दिवसीय बालक/ बालिका खेल प्रतियोगिता का शुभारंभग जनपद मुख्यालय स्थित श्री रघुकुल विद्यापीठ विद्यालय में सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने दीप प्ज्वलित कर किया युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल की इस खेल प्रतियोगिता में पहले दिन एथलेटिक्स, कबड्डी आदि खेल विधाओं का सब जूनियर/जूनियर एवं सीनियर वर्ग आयोजित की गई।

उक्त प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला पचायतला घनश्याम मिश्र रहे साथ ही ब्लॉक प्रमुख झंझरी प्रतिनिधि आशीष मिश्रा, ब्लॉकप्रमुख नवाबगंज सुमित भूषण सिंह उपस्थित रहे द्वितीय दिवस पर बैडमिंटन वॉलीबॉल आदि खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।



# एसआईआर में लगे बीएलओ ने जहर खाकर दी जान

समृद्धि न्यूज

▸ नवजात की हालत बिगड़ने पर पीड़ित ने न्याय व कार्रवाई की मांग की

**गोंडा।** मतदाता पुनरीक्षण कार्य एस आई आर में लगे एक बी एल ओ ने जहर खाकर जान दे दी। मंगलवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे जहर खाने के बाद उन्हें गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। फिर वहां से लखनऊ के केजीएमयू रेफर कर दिया गया था।

वहां उनकी मौत हो गई। एसडीएम सदर अशोक कुमार भी विपिन यादव के साथ लखनऊ आए हैं। वह लगातार एस्कॉर्ट कर रहे थे। वहीं, घटना के बाद मृतक विपिन यादव की पत्नी सीमा यादव ने आरोप लगाया है कि पीड़ित बी एल ओ का ड्यूटी मतदाता सूची पुनरीक्षण में लगाई गई थी।तरबगंज एस डी एम, नवाबगंज बी डी ओ और लेखपाल। लगातार दबाव बना रहे थे। जिस से परेशान होकर मेरे पति ने जहर खा कर जान दे दिया।

जिला अधिकारी प्रियंका निरंजन ने दबाव का आरोप गलत बताया है। उनका कहना है कि बीएलओ पारिवारिक समस्याओं की वजह से तनाव में थे। इसी कारण उन्होंने ये कदम उठाया। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

तरबगंज थाना क्षेत्र के जैतपुर माझा के जौनपुर के मलानी गांव निवासी विपिन यादव जैतपुर माझा स्थित सरकारी स्कूल में असिस्टेंट टीचर थे। विपिन अपनी पत्नी सीमा यादव के साथ जैतपुर माझा में ही किराए के मकान में रहते थे। सीमा यादव ने बताया- विपिन की मतदाता पुनरीक्षण कार्य में ड्यूटी लगाई गई। अधिकारी काम को लेकर लगातार दबाव बना रहे थे।

## 13 उपनिरीक्षक सहित 22 आरक्षी का हुआ स्थानांतरण, दो चौकी प्रभारी भी बदले

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने 13 उपनिरीक्षक सहित 22आरक्षी का तबादला कर दिया है। उपनिरीक्षक में धर्म राज शर्मा को तरब गंज चौकी प्रभारी रहे कर्नल गंज कस्बा के राजीव कन्वजिया को धाने पुर शिव नाथ गुप्ता को चौकी प्रभारी कस्बा कर्नल गंज मनका पुर थाना के कस्बा चौकी प्रभारी पिंटू कुमार यादव को कोतवाली नगर प्रशांत कुमार को चौकी प्रभारी कस्बा मनका पुर थाना खुश मोहमद को थाना मनका पुर सुनील कुमार को कोतवाली नगर प्रवीण पंज को धाने पुर कमला अहमद को कोतवाली देहात राम दरस को अंगुष्ठ छाप राम चंद्र यादव को थाना नवाब गंज विजय प्रकाश नंद किशोर को थाना छपिया आरक्षी में शैलेन्द्र कुमार विवेक सिंह पटेल महेंद्र कुमार को थाना कर्नल गंज रिशि केश यादव धनंजय सिंह को थाना खरगू पुर उपेन्द्र राय को वजीर गंज विनय प्रकाश कोतवाली देहात योगेश पासवान खोड़ारे थाना पूनम देवी पाल को न्यायालय सुरक्षा अशोक कुमार कुशवाहा को एम एस सी सेल जितेन्द्र यादव विजय शंकर सिंह हेमंत कुमार पाठक रविश कुमार गौड़,दुर्गेश कुमार थाना कोतवाली नगर जय प्रकाश चौधरी प्रमोद कुमार को थाना मनका पुर मो जिशान को डब्ल्यू सी एस ओ कार्यालय दिनेश पटेल को अंगुष्ठ छाप जय प्रकाश सिंह को न्यायालय सम्मान सेल जनार्दन यादव को थाना इटिया थोक भेजा गया।

# संविधान दिवस के अवसर पर नन्ही आद्या सम्मानित

▸ सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने किया सम्मानित, विधायक खेल स्पर्धा कार्यक्रम में हुआ सम्मान

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर स्थानीय श्री रघुकुल विद्यापीठ परिसर में आयोजित विधायक खेल स्पर्धा कार्यक्रम में जिले की होनहार बच्ची आद्या मिश्रा का सम्मान किया गया, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने संविधान दिवस के अवसर पर मंच पर हीं आद्या से संविधान की प्रस्तावना सुनी और उसे स्मृति चिन्ह और नगद धनराशि देकर सम्मानित किया।

आपको बता दें जिले के न्यू इंदिरा नगर कॉलोनी निवासी शिक्षक अरुण मिश्रा की पुत्री आद्या मिश्रा ने महज 4 वर्ष की अल्पायु में भारत के संविधान की प्रस्तावना 38.38 सेकंड में सुनाकर अपना नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2025 के एडिशन में दर्ज कराया है। उसके नाम देश के सबसे कम उम्र की आयु के बच्चे के द्वारा सबसे कम समय में प्रस्तावना सुनने का रिकॉर्ड है, आद्या के पिता ने बताया की बच्ची ने तीव्र स्मरण शक्ति, स्पष्ट उच्चारण कौशल और नियमित अभ्यास से यह सफलता हासिल की है उसका सपना बड़े होकर सिविल सर्वेंट बनकर समाज और देश की सेवा करना है, इस अवसर पर सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, सुमित भूषण सिंह, अजय सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशीष कुमार मिश्रा, अमित सिंह, शशांक गुप्ता, डॉ अजय पाठक आशीष शंकर मिश्रा एवं सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संविधान दिवस | हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# अफसरों-कर्मियों ने संप्रभुता व अखंडता की रक्षा का लिया संकल्प

समृद्धि न्यूज





**गोंडा।** संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाते हुए कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा और नागरिकों के अधिकारों का संरक्षक है।

कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके साथ ही उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने संविधान की सामूहिक प्रस्तावना का वाचन किया। इस दौरान देश की संप्रभुता, अखंडता और एकता की रक्षा करने तथा अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने की शपथ ली गई। अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार एवं मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि नागरिकों और सरकारी कर्मियों की जिम्मेदारी है कि वे संविधान में निहित आदर्शों–न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व–को अपने कार्यों में लागू करें। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस हमें लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक मजबूती से अपनाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के सभी कर्मचारी मौजूद रहे और पूरे सम्मान एवं उत्साह के साथ संविधान दिवस मनाया गया।

## संविधान को लेकर युवाओं को रहना होगा सचेत : सुरेंद्र

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** भारतीय संविधान के 76वें वर्षगांठ पर हाईकोर्ट अधिवक्ता सुरेन्द्र मिश्र सूर्य के नेतृत्व में संविधान संदेश जन जागरण यात्रा आरम्भ की गई, जिसके तहत सरस्वती विद्या मंदिर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अभियान के संयोजक सुरेन्द्र मिश्र सूर्य ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए युवाओं में संवैधानिक जागरूकता जरूरी है । नागरिकों को मतदान के अतिरिक्त संविधान में मिले अपने अन्य अधिकारों के प्रति जागरूक होना पड़ेगा।पहले कहा जाता था कि यथा राजा तथा प्रजा किंतु अब लोकतंत्र यह उल्टा हो गया है जैसी प्रजा होगी वैसा ही शासन मिलेगा। आज का विद्यार्थी ही कल लोकतंत्र का प्रहरी बनेगा इसलिए यह आवश्यक है कि वह नैतिक मूल्यों से युक्त व संवेदनशील हो तथा कायरता व कुकर्मों से दूर हो। सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य रवि कुमार शुक्ला ने कहा कि अनुशासित नागरिक से ही देश का विकास संभव है इसलिए हमें संविधान के बताए कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। गोष्ठी का संचालन जितेंद्र पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर करुणा सिंधु मिश्रा, कृष्ण कुमार तिवारी दिग्विजय नाथ मिश्र, राहुल तिवारी, शशि दुबे, संजय पाण्डेय, हनुमंत पाण्डेय सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्काउट-गाइड की भारतीय संस्कृति व आध्यात्मिक परम्पराओं की प्रस्तुति प्रशंसनीय

### वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी कार्यक्रम में पेजेंट शो का किया उद्घाटन, महाकुम्भ की झांकियों ने भी कार्यक्रम को दी भव्यता

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बुधवार को राजधानी लखनऊ में चल रहे 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी कार्यक्रम में पेजेंट शो का उद्घाटन किया।

उनके आगमन पर स्काउट-गाइड के बच्चों ने पारम्परिक स्काउट सलामी, ध्वज सम्मान, गाइड क्लैप और पुष्प भेंट के साथ अत्यंत अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया। स्वागत दल ने मंत्री को सम्मानपूर्वक मुख्य मंच तक एस्कॉर्ट किया, जिसके बाद कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ हुआ।

मंत्री सुरेश खन्ना ने पेजेंट शो में स्काउट-गाइड की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि स्काउट-गाइड ने भारत की संस्कृति, स्वतंत्रता संग्राम और आध्यात्मिक परम्पराओं को जिस सौंदर्य, अनुशासन और सजीवता के साथ प्रस्तुत किया है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने बच्चों के उत्साह और मंचीय क्षमता को राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। मंच पर उपस्थित डॉ. महेन्द्र सिंह और डॉ. प्रभात कुमार ने मंत्री का स्वागत किया और कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं से अवगत कराया।

समापन के अवसर पर मंत्री सुरेश खन्ना को 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का पवित्र शुभंकर शार्दू सम्मान स्वरूप भेंट किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ. प्रभात कुमार, स्टेट कमिश्नर स्काउट डॉ. राजेश मिश्रा, स्टेट कमिश्नर गाइड डॉ. ललिता प्रदीप, वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. वंदना तिवारी, हेडक्वार्टर कमिश्नर इन्फ्रादेवेंद्र बलियान तथा संयुक्त सचिव देवकी शॉभित उपस्थित रहे।

#### मंत्री ने कार्यक्रमों का विस्तृत अवलोकन किया

उद्घाटन के उपरांत मंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों तथा सांस्कृतिक इकाइयों द्वारा प्रस्तुत चलित झांकियों, लोकनृत्यों, पारम्परिक वेशभूषाओं, संगीत प्रस्तुतियों और थीम-आधारित कार्यक्रमों का विस्तृत अवलोकन किया। इस वर्ष पेजेंट शो विशेष रूप से आकर्षक रहा, जिसमें उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक गौरव और स्वतंत्रता आंदोलन की प्रमुख घटनाओं – जैसे काकोरी कांड, चौरी-चौरा कांड को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया। महाकुम्भ की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक छटा और समस्त प्रदेशों की सांस्कृतिक झांकियों ने पूरे कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। प्रतिभागियों ने अपने-अपने प्रदेश की कला, परम्परा और सांस्कृतिक विशेषताओं को अत्यंत अनुशासित, सजीव और मनोहारी रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित दर्शक भारत की विविधता का एक ही मंच पर अनुभव कर सकें।

# कुत्ता ही नहीं अब बिल्ली पालने का भी लेना होगा लाइसेंस

समृद्धि न्यूज

**रजिस्ट्रेशन नहीं तो भरना पड़ेगा जुर्माना**

**लखनऊ।** लखनऊ में अब बिल्ली पालना आसान नहीं। नगर निगम ने शहर में पालतू बिल्लियों के लिए लाइसेंस अनिवार्य कर दिया है। जिन लोगों के घरों में बिल्ली है, उन्हें अब सालाना पंजीकरण कराना होगा नहीं तो तगड़ा जुर्माना भरना पड़ेगा। नगर निगम का पशु कल्याण विभाग डॉग के साथ ही बिल्लियों के लाइसेंस का चेकिंग अभियान चलाएगा।

नगर निगम के अफसरों का कहना है कि शहर में बिल्ली पालने वालों की भी संख्या बहुत बड़ी है। नियम लागू होने के छह महीने बाद भी अब तक महज 12 ही बिल्लियों के लाइसेंस बने हैं। बिल्ली पालने वालों पर सख्ती की जाएगी। नगर पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के मुताबिक लोगों के पास बिल्ली पकड़े जाने पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। लखनऊ नगर निगम का यह कदम कुत्ते पालने के लिए पहले से लागू लाइसेंसिंग प्रक्रिया की तर्ज पर है। इसका लक्ष्य शहर में सभी पालतू जानवर पंजीकृत हों, उन्हें उचित स्वास्थ्य सेवा मिले, उनकी आबादी को नियंत्रित किया जा सके।

## खबरें एक नजर में

### बिजली के निविदा कर्मचारियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुख्यालय शक्ति भवन के बाहर बुधवार सुबह से ही सैकड़ों निविदा कर्मचारी धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों ने सड़क पर कारपेट बिछाकर पूरा मार्ग जाम कर दिया। आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई। प्रदर्शनकारियों ने इंकलाब जिंदाबाद, तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाए। सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाया। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि आउटसोर्सिंग और निविदा आधार पर काम कर रहे कर्मचारी 10,000–11,000 की तनख्वाह पर कठिन ड्यूटी करते हैं, लेकिन अब विभाग उन्हें हटाने की तैयारी कर रहा है। सरकार उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही। लगातार छंटनी का खतरा बना हुआ है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। निविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खालिद ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन में कमीशनखोरी की वजह से निविदा कर्मचारियों को हटाने की कवायद चल रही है। प्रदेश में बिजली व्यवस्था सुधारने में सबसे ज्यादा मेहनत आउटसोर्सिंग और निविदा कर्मचारी करते हैं। 11,000 की तनख्वाह पर काम करने वालों को हटाना सरासर गलत है। सिस्टम हम संभालते हैं और सजा हमें मिल रही है। उन्होंने कहा कि पहले किए गए प्रदर्शन के बाद 18,000 न्यूनतम वेतन तय करने का आदेश तो जारी हुआ, लेकिन आज तक लागू नहीं किया गया।

### बेटी की शादी के लिए रखे गहने चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित धनपाल खेड़ा गांव में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। चोर लाखों रुपए की नकदी, बेटी की शादी के लिए रखे जेवर और भगवान की मूर्तियां चुरा ले गए। पीड़ित परिवार को बुधवार सुबह चोरी का पता चला जब वे सोकर उठे और मोबाइल फोन गायब पाए। एक चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। परिजनों ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच–पड़ताल के बाद थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराने को कहा। धनपाल खेड़ा निवासी शुशांक द्विवेदी ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि वह एक निजी कंपनी में काम करते हैं और परिवार का भरण–पोषण करते हैं। उनके पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है। शुशांक के अनुसार, मंगलवार रात खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्य सो गए थे। देर रात चोर घर में घुसे और दो मोबाइल फोन, ढाई लाख रुपये नकद, चांदी के लक्ष्मी–गणेश की मूर्तियां, पीतल और लोहे का कुछ सामान चुरा लिया। चोर बेटी की शादी के लिए रखी सोने की चेन, अंगूठी और चांदी की पायल भी ले गए।

### आम के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के काकोरी थाना क्षेत्र के कुसमौरा गांव में बुधवार सुबह एक 25 वर्षीय युवक ने आम के बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान कारपेंटर जितेंद्र उर्फबाबू पुत्र स्व. गणेश निवासी कुसमौरा के रूप में हुई है। परिजनों ने कहा पड़ोसन की वजह से जितेंद्र ने आत्महत्या की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक सतीश राठौर ने बताया कि जितेंद्र का शव उसके ही आम के पेड़ पर अंगोछे के सहारे फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों और परिजनों की मदद से वीडियोग्राफी कर शव को नीचे उतारा गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में उसकी मां बेलावती और भाई पुनू हैं। परिजनों ने आरोप लगाया है कि मंगलवार रात पड़ोस में रहने वाले राहुल रावत की पत्नी अनीता मृतक के घर की छत पर बने कमरे में गई थी। जितेंद्र की बहन सरिता ने उसे वहां देख लिया था। परिजनों का दावा है कि इसी घटना से आहत होकर जितेंद्र ने यह कदम उठाया। उन्होंने मामले की गहन जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद प्राप्त तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### लखनऊ-हरदोई राजमार्ग पर अज्ञात वाहन ने छात्र को रौंदा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ–हरदोई राजमार्ग पर सड़क हादसे में 16 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। उसे अज्ञात वाहन रौंद दिया। ट्रॉमा सेंटर ले जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना से गुस्साए परिजनों ने हाईवे जाम करके प्रदर्शन किया। पुलिस ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना बुधवार सुबह रहीमाबाद थाना क्षेत्र के कटौली और चिंहुटा गांव के बीच में लखनऊ–हरदोई राजमार्ग पर हुआ। मृतक की पहचान अहमदाबाद गांव के निवासी अंश के रूप में हुई। अंश बुधवार सुबह करीब 9.00 बजे साइकिल से घर से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित स्कूल जा रहा था, तभी हादसा हो गया। अंश की मौत के बाद उसके परिजनों और ग्रामीणों ने अहमादबाद–कटौली गांव के पास शव को राजमार्ग पर रखकर प्रदर्शन किया। उन्होंने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई की मांग की। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने इस संबंध में बताया कि एक छात्र की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। अज्ञात चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गई है।

### भारतीय संविधान एवं बौद्ध धम्म विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान गोमती नगर लखनऊ संस्कृति विभाग द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपराह्न 11:30 बजे संविधान दिवस के अवसर पर शपथ ली। इसी क्रम में अपराह्न 3 बजे से भारतीय संविधान एवं बौद्ध धम्म विषय पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रो सदानंद शाही पूर्व कुलपति श्री शंकराचार्य विश्वविद्यालय, भिलाई, छत्तीसगढ़ मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। संगोष्ठी में संस्थान के सदस्य तरुणेश बौद्ध, प्रो सदानंद शाही राजेश निर्मल संस्थान के निदेशक डॉ राकेश सिंह अरुणेश मिश्र, डॉ धीरेन्द्र सिंह संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित अन्य गणमान्य, बौद्ध भिक्षु, एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित हुए।

### उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को किया संबोधित

# न्याय, समता व बंधुता भारत के संविधान की मूल भावना

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि न्याय, समता और बंधुता भारत के संविधान की मूल भावना हैं। इसे बनाये रखना सबकी जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, संविधान दिवस की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। न्याय, समता और बंधुता भारत के संविधान की मूल भावना हैं। सीएम योगी ने कहा है कि भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की अद्भुत दृष्टि, प्रखर विचार और अथक परिश्रम से निर्मित हमारा संविधान विश्व के सबसे सशक्त लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। उन्होंने कहा है कि संविधान, राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति का आधार होने के साथ ही हर नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और अवसर भी प्रदान करता है। सीएम योगी ने कहा कि संविधान दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाना है, साथ ही संविधान के मुख्य वास्तुकार डॉ. बी.आर. अंबेडकर के महान योगदान को याद करना है। गौरतलब है कि भारत में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस (या राष्ट्रीय कानून दिवस) के रूप में मनाया जाता है।

यह दिन 1949 में संविधान सभा द्वारा देश के संविधान को औपचारिक रूप से अपनाए जाने की याद दिलाता है, जिसे बनाने में दो वर्ष, 11 माह और 18 दिन का समय लगा था। संविधान हमारे देश का सर्वोच्च कानून है जो भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करता है और सभी नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता तथा समानता की गारंटी देता है।

#### ईमानदारी से काम करें केंद्र व राज्य

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने संविधान दिवस पर केंद्र व राज्य सरकारों को ईमानदारी से काम करने की नसीहत देते हुए कहा कि संविधान के उद्देश्यों पर अमल को समय की जरूरत है। मायावती ने एक्स पर लिखा, आज देश संविधान दिवस मना रहा है और इस खास मौके पर भारतीय संविधान के मूल निर्माता व बहुजन समाज के मसीहा बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर को मैं पूरे तहेदिल से शत–शत नमन करती हूं।

#### संविधान को कमजोर करने का काम कर रही भाजपा : प्रमोद

**लखनऊ।** संविधान दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने शुभकामनाएं दीं। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा के लोग संविधान को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, यह संविधान पंडित जवाहरलाल ने सबको साथ लेकर दिया था। मैं इसे दुनिया का सबसे पवित्र संविधान मानता हूं और इसके सामने सिर झुकाता हूं। हमारा संविधान विश्व का सबसे पवित्र ग्रंथ है। पहले हमारी पार्टी ने सभी दलों को साथ लिया था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी इस संविधान को कमजोर करने का काम कर रही है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग एसआईआर को लेकर गुमराह कर रहे हैं, लेकिन हम लोग रुकने वाले नहीं हैं।

### मानव की गरिमा, समानता व स्वतंत्रता को सर्वोच्च महत्व देता है संविधान : केशव

**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संविधान दिवस पर कहा कि हमारा संविधान मानव की गरिमा, समानता और स्वतंत्रता को सर्वोच्च महत्व देता है। हमें अधिकारों से सशक्त तो करता ही है, नागरिक के रूप में हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाता है, जिन्हें हमें सदैव निभाने का प्रयास करना चाहिए। उन्ही संविधान दिवस के अवसर पर 'भारत रत्न' डॉ. भीमराव अंबेडकर , डॉ. राजेंद्र प्रसाद, 'लौहपुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल समेत उन महान संविधान निर्माताओं को नमन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसी विरासत को व्यवहार, कर्तव्य और सेवा की संस्कृति में बदलते हुए संविधान की आत्मा को और अधिक जीवंत किया है।

# जरूरतमंदों व बेघरों के लिए विधायक ने निशुल्क रैन बसेरे का किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** कड़ाके की ठंड में बेघर और जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के लिए डीबीएस लाइफ फाउंडेशन ने मुंशी पुलिया चौराहा के पास निःशुल्क रैन बसेरे की शुरुआत की है। बुधवार को लखनऊ पूर्वी के विधायक ओपी श्रीवास्तव ने रैन बसेरे का उद्घाटन किया और फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की।

विधायक श्रीवास्तव ने कहा कि समाज के वंचित वर्गों के लिए ऐसा सुरक्षित ठिकाना उपलब्ध कराना बेहद प्रशंसनीय कदम है। फाउंडेशन संस्थापक डीबी सिंह ने बताया कि रैन बसेरे में करीब 50 लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। ठंड से बचने के लिए तख्त पर गद्दे बिछाए गए हैं और पर्याप्त संख्या में कंबल उपलब्ध कराए गए हैं।

सुरक्षा और प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए प्रवेश केवल आधार कार्ड सत्यापन के बाद ही दिया जाएगा। रैन बसेरे के संचालन के लिए फाउंडेशन के सदस्य लगातार मौजूद रहेंगे ताकि किसी भी जरूरतमंद को रात में परेशानी न हो। उद्घाटन के दौरान पार्षद रामकुमार वर्मा सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### बिजली संशोधन बिल के खिलाफ देश भर में बिजली कर्मी सड़क पर उतरेंगे

**लखनऊ।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर देश भर में सभी प्रान्तों के बिजली कर्मचारी और इंजीनियर 27 नवम्बर को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करेंगे। आज संयुक्त किसान मोर्चा तथा आल इंडिया ट्रेड यूनियनों के साथ मिलकर बिजली कर्मियों ने निजीकरण और मजदूर विरोधी श्रम कानूनों के विरोध में देश भर में विरोध प्रदर्शन किया। लखनऊ में परिवर्तन चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें सैकड़ों बिजली कर्मी, किसान और मजदूर सम्मिलित हुए। प्रदेश के समस्त जनपदों में लगातार 364 वें दिन व्यापक जोरदार विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

# राष्ट्रपति करेंगी विश्व एकता ध्यान अभियान का शुभारंभ

**ब्रह्माकुमारीज की वार्षिक थीम पर प्रदेशव्यापी अभियान, लखनऊ से मिलेगी नई शुरुआत**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 नवंबर को लखनऊ के सुल्तानपुर रोड स्थित गुलजार उपवन राजयोग ट्रेनिंग सेंटर में ब्रह्माकुमारीज की वार्षिक थीम 'विश्व एकता एवं विश्वास के लिए ध्यान' का राज्य स्तरीय शुभारंभ करेंगी। दोपहर 12 बजे आयोजित समारोह में राष्ट्रपति कार्यक्रम को संबोधित करेंगी और इसके बाद कुछ समय के लिए मेडिटेशन रूम में ध्यान भी करेंगी। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। अभियान के शुभारंभ के साथ ही यूपी के सभी जिलों, तहसीलों और कस्बों में एकता और विश्वास पर आधारित कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी।

ब्रह्माकुमारीज संस्थान ने बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस वर्ष की थीम दुनिया को आपसी विश्वास और एकता की ओर प्रेरित करने पर केंद्रित है। यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज के विश्वभर के 140 देशों में मौजूद 8,000 से अधिक सेवा केंद्रों में भी चलाया जा रहा है। राजयोग सेंटर की निदेशिका बीके राधा दीदी ने बताया कि तीन एकड़ में बने इस नवनिर्मित परिसर के पहले फेज में 'दिव्य संस्कृति भवन' बनाया गया है, जिसमें 200-200 लोगों की क्षमता वाले दो सेमीनार हॉल, 5,000 लोगों के लिए भोजन बनाने वाला विशाल भंडारा, दूसरे फेज में दो हजार क्षमता वाला ऑडिटोरियम और तीसरे फेज में 300 लोगों के रहने के लिए आवासीय भवन बनाया जाएगा। इस भवन का भूमिपूजन 5 नवंबर 2019 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दादी जानकी ने किया था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि ब्रह्माकुमारीज का पहला सेवाकेंद्र 1955 में हजरतगंज में खोला गया था। संस्थापक ब्रह्मा बाबा और प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती भी कुछ समय यहां रहे थे।

# गांवों के रुके हुए समस्त कार्यों को बिना देरी किए जल्द से जल्द करें पूरा : जी.एस. प्रियदर्शी

**ग्राम्य विकास आयुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर बुधवार को ग्राम्य विकास विभाग के कान्फ्रेस हाल में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम्य विकास विभाग आयुक्त जी.एस. प्रियदर्शी ने की।

आयोजित समीक्षा बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य के सापेक्ष कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई एवं लक्ष्य पूर्ण एवं अपूर्ण होने की स्थिति में संबंधित विभागों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने एवं तीव्र गति से कार्यों के निष्पादन के लिए आदेशित किया गया।

बैठक में आयुक्त प्रियदर्शी ने विभागों को ग्रामों में रूके हुए समस्त कार्यों को अविलंब पूर्ण करने, बजट एव लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बढ़ाने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने महिला कल्याण विभाग के आये प्रतिनिधि से ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को आवास, ऋण उपलब्ध कराने एवं उन्हें राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़ने के लिए विशेष आग्रह किया जिससे ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

समीक्षा बैठक में जल निगम, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, खाद्य एवं रसद, सिंचाई, लोनिवि, बाल विकास एवं पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा, यूपी स्टेट एग्रो, कृषि, महिला कल्याण, एवं यूवा कल्याण जैसे विभागों ने कार्य प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में मनरेगा अपर आयुक्त अमनदीप डूली समेत कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ट्रॉले में घुसी स्लीपर बस, अचानक ब्रेक लगाने से हुआ हादसा

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कस्बे में बुधवार सुबह लखनऊ-रायबरेली मार्ग पर एक निजी स्लीपर बस ट्राले से टकरा गई। यह हादसा भारत पेट्रोल पंप के सामने हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अचानक ब्रेक लगने के कारण बस चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया और बस सीधे ट्राले के पिछले हिस्से में घुस गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 6 बजे राहगीरों ने डायल 112 पर घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बताया कि दुर्घटना में बस (नंबर एनएल 07 बी 0931) और ट्रॉला (नंबर जेएच 05 डीएस 4940) शामिल थे। हादसे में बस चालक मोहम्मद अली (निवासी रानीगंज, प्रतापगढ़) को हल्की चोटें आई, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया।

# टिकटिंग मशीन डैमेज होने पर दोषी कार्मिक से पहली बार नहीं होगी कोई वसूली : एमडी

समृद्धि न्यूज

**मशीन खो जाने की स्थिति में लापरवाही स्वतः मानी जायेगी सिद्ध**

**लखनऊ।** राज्य परिवहन निगम स्तर से इरादतन, गैर इरादतन ईटीआईएम मशीन यानि टिकटिंग मशीन के डैमेज या खराब हो जाने की दशा में दोषी कार्मिक से प्रथम अवसर पर कोई वसूली नहीं की जायेगी। प्रतिस्थापन व्यय भार अब निगम स्तर से वहन किये जायेंगे।

प्रबंध निदेशक परिवहन निगम प्रभु एन.सिंह ने क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिये है कि दोषी कार्मिक द्वारा यदि एक वर्ष में पुनः ईटीआईएम मशीनों को फिजकली डैमेज या क्षति पहुंचाने की घटना दुबारा होती है तो इसके प्रतिस्थापन व्ययों की प्रतिपूर्ति, वसूली दोषी कार्मिक से की जायेगी। प्रयोगकर्ता कार्मिक द्वारा मशीन खो जाने की स्थिति में उसकी लापरवाही स्वतः सिद्ध मानी जायेगी। क्षतिपूर्ति, वसूली की कार्यवाही उत्तरदायी कार्मिक से की जायेगी।

एमडी पीएन सिंह ने बताया कि अभी तक की व्यवस्था के अनुसार इरादतन गैरइरादतन ईटीआईएम मशीन के खो जाने खराब हो जाने की दशा में दोषीकर्मी से ही ईटीआईएम मशीनों को हुए फिजकल डैमेज वसूली की जाती रही है। क्षेत्रीय अधिकारियों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर विचारोपरान्त मुख्यालय स्तर से यह निर्णय लिया गया है कि प्रथम बार डैमेज खराब होने की स्थिति में मशीनों का व्यय निगम स्तर से किया जायेगा।

# सामाजिक भेदभाव को दूर करने का प्रयास करना चाहिए : धर्मवीर प्रजापति

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर विधि विभाग की ओर से भारतीय संविधान के 75 वर्ष सामाजिक-आर्थिक न्याय के माध्यम से विकसित भारत का मार्ग-मानचित्र विषय पर आयोजित द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), होम गार्ड एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने बोलते हुए कहा कि भारत का संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है और राष्ट्रनिर्माण में प्रत्येक नागरिक के कर्तव्यों की याद भी दिलाता है। अतः हमें संविधान के मूल्यों को अपने व्यवहार में उतारते हुए एक समरस, संवेदनशील और विकसित समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भी समाज में विभिन्न स्तरों पर असमानताएं देखने को मिलती हैं, लेकिन मात्र संविधान के द्वारा उन असमानताओं को दूर किया जा सकता है। बाबा साहब के आदर्शों को अपनाकर सामाजिक जीवन में व्याप्त कुरीतियों और भेदभाव को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। बीबीएयू कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत की अर्थव्यवस्था अत्यंत कमजोर और बिखरी हुई थी, जिसे एक लंबी साधनात्मक यात्रा के बाद संभाला गया, और इस दिशा में भारत के संविधान का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत एक उभरता हुआ, तीव्र गति से प्रगतिशील राष्ट्र है, और यदि हमें वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र तथा 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है, तो आवश्यक है कि प्रत्येक नागरिक को रोजगार उपलब्ध हो, सभी के जीवन-स्तर में सुधार आए।

**अभियान** | लखनऊ नगर निगम की तरफ से चलाया जा रहा 'स्वच्छ टॉयलेट अभियान 2025' पकड़ रहा तेजी

# अभियान के तहत 81 शौचालयों मानकों के अनुरूप बनाने का लक्ष्य

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** सार्वजनिक स्वच्छता को विश्वस्तरीय मानकों तक पहुँचाने के उद्देश्य से लखनऊ नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा 'स्वच्छ टॉयलेट अभियान 2025' तेजी पकड़ रहा है। नगर निगम शहर के 81 चुने हुए शौचालयों को वॉटर प्लस मानकों के अनुरूप तैयार कर रहा है, ताकि लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हासिल कर सके।

इनमें से 30 शौचालयों का कार्य पूरी तरह समाप्त हो चुका है और उन्हें पूर्णतः मॉडर्न टॉयलेट के रूप में विकसित कर नागरिकों के लिए खोल दिया गया है। 28 शौचालयों में कार्य तेजी से जारी है, जबकि शेष 23 टॉयलेट में जल्द मॉडर्नाइजेशन कार्य शुरू कर दिया जाएगा। नगर निगम के अनुसार शहर में कुल 379 शौचालय चिन्हित हैं, जिनमें 239 पब्लिक टॉयलेट और 140 कम्युनिटी टॉयलेट शामिल हैं।

81 शौचालयों को प्राथमिकता के आधार पर अपग्रेड किया जा रहा है। इन शौचालयों में टाइल्स, वॉश बेसिन, टॉयलेट सीट, नल, दरवाजे, हैंड ड्रायर और सभी आवश्यक सैनिटरी फिटिंग्स लगाए जा रहे हैं, ताकि ये केवल साफ-सुथरे ही नहीं, बल्कि सुरक्षित, सुगम और आधुनिक सुविधाओं से युक्त हों। 'स्वच्छ टॉयलेट अभियान 2025' की तैयारियों के लिए नगर आयुक्त गौरव कुमार द्वारा रोजाना कार्यों की मॉनिटरिंग की जा रही है। यह अभियान केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि एक जनसहभागिता आधारित आंदोलन बनना चाहिए, जिससे सभी सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों में मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। 19 नवंबर से शुरू यह अभियान लगभग पाँच सप्ताह तक चलेगा। इसके अंतर्गत 20-26 नवंबर 75 घंटे, 7500 टॉयलेट अभियान के तहत प्रदेशभर में शौचालयों की सफाई, निरीक्षण और गुणवत्ता मूल्यांकन किया जा रहा है। 27- 30 नवंबर खुले में पेशाब वाले स्थलों को साफ कर उन्हें सेल्फी पॉइंट और 'नेकी की दीवार' जैसे रचनात्मक रूप दिए जाएंगे। 2-6 दिसंबर 2.0 के तहत विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक समूहों की मदद से टॉयलेट वॉल पेंटिंग और संदेश लेखन गतिविधियाँ होंगी। 7-20 दिसंबर शौचालयों के जीर्णोद्धार और मरम्मत का कार्य किया जाएगा। 21-24 दिसंबर स्वच्छ धरोहर अभियान में शहर के धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों पर बने शौचालयों की विशेष सफाई और सौन्दर्यीकरण होगा। 25 दिसंबर सुशासन दिवस स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों और स्टेकहोल्डर्स का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि यह अभियान केवल शौचालय सुधार कार्यक्रम नहीं, बल्कि शहरवासियों की आदतों में स्थायी परिवर्तन लाने का प्रयास है। यदि नागरिक, संस्थान व सामुदायिक संगठन मिलकर इस अभियान में भाग लेते हैं, तो लखनऊ निश्चित ही स्वच्छता में नए मानक स्थापित करेगा। 81 टॉयलेटों का आधुनिकीकरण शहर की स्वच्छता व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने जा रहा है, जो न केवल नागरिक सुविधा बढ़ाएगा बल्कि लखनऊ को देश के सबसे स्वच्छ शहरों में स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## खबरें एक नजर में

### गोशाला को आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश



**शाहजहांपुर।** सदस्य उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग लखनऊ दीपक गोयल द्वारा बुधवार को विकास खण्ड भावलखेड़ा के अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल सिसौआ एवं सरसवां का निरीक्षण किया गया। उन्होंने गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने, गोशाला में साफ–सफाई रखने, गोवंशों को सर्दी से बचाने और गौवंश के भरण–पोषण की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी, सेहरामऊ दक्षिणी, पशु चिकित्सा अधिकारी,भावलखेड़ा व पशु चिकित्सा अधिकारी ददरौल आदि मौजूद रहे।

### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**शाहजहांपुर।** बुधवार को एक ऑकार स्कूल शाहबाजनगर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। स्कूल के छात्र–छात्राओं को चार हाउस में बांटकर प्रतियोगिताएं करवाई गयीं। प्रतियोगिता खो–खो, कबड्डी, रस्साकसी, बालीबाल, लंबीकूद, सौ मीटर एवं दो सौ मीटर हुई। चारों हाउस ने अंत में मार्च पास्ट किया और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह को सलामी दी। मार्च पास्ट में रेड हाउस प्रथम रहा। येलो हाउस ओवर आल चैम्पियन रहा। कार्यक्रम में सभी अध्यापक, अध्यापिकाओं एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों का सहयोग रहा।

### इंडियन सोशल सोसाइटी ने व्यक्त किया शोक

**शाहजहांपुर।** इंडियन सोशल सोसाइटी द्वारा शोक सभा का आयोजन अध्यक्ष एम. एजाज की अध्यक्षता में चमकनी करबला स्थित कार्यालय में किया गया। इस शोकसभा में फिल्म इंडस्ट्री के हीमैन व शोले फिल्म के वरिष्ठ कह जाने वाले अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। धर्मेंद्र ने 300 से अधिक फिल्में में काम किया। इनकी फिल्में हकीकत, शोले, मेरा नाम जोकर, चुपके, चुपके हैं। इसके अतिरिक्त अभिनेता असरानी, सतीश शाह, हरीश राय और अभिनेता जरीन खान के आकस्मिक निधिन पर शोक व्यक्त किया गया एवं इनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। शोकसभा में मास्टर एजाज, नईमउद्दीन, सुनील कुमार, डा. एम.ए इदरीसी, डा. रहमान, फरहत जहां, कुमारी रेखा, राखी कुमारी आदि ने शोक व्यक्त किया।

### 29 को अस्मिता खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग वूमेन लीग का आयोजन

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में पहली बार शाहजहांपुर वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा अस्मिता खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग वूमेन लीग 2025 का आयोजन 29 नवंबर को शांति देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथौड़ा बुजुर्ग में प्रातः 9:00 से किया जाएगा। प्रतियोगिता सब जूनियर जूनियर व सीनियर आयु वर्ग में तथा विभिन्न भार वर्ग में आयोजित होगी। भारत सरकार महिलाओं की खेल में अधिक से अधिक भागीदारी बनाने को अस्मिता खेलो इंडिया लीग का आयोजन कर रही है। छात्राएं पढ़ाई के साथ–साथ खेल में भी रुचि लेनी चाहिए। सभी छात्राएं अपने साथ आधार कार्ड की छाया प्रति साथ लेकर आए। यह जानकारी एसोसिएशन के जिला महासचिव अजय पाल वर्मा ने दी।

### विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन 29-30 को

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** एसडीएम सदर संजय कुमार पाण्डेय ने बताया है कि विधानसभा क्षेत्र सदर की विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन 29 व 30 नवम्बर को टाउन हॉल हॉकी क्लब शहीद पार्क के पास किया जाएगा। जिसमें 29 नवम्बर को आयोजित खेल विधायें– एथलेटिक्स, वॉलीबाल, जूडो, कुश्ती तथा 30 नवम्बर को कबड्ड्डी, फुटबाल, भरत्तोलन, बैडमिंटन प्रतियोगिता होगी।

### अतिरिक्त दहेज की खातिर गर्भवती विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**जलालाबाद–शाहजहांपुर।** अतिरिक्त दहेज़ की मांग पूरी न होने पर गर्भवती विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल देने के मामले मे पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। क्षेत्र के गाँव रुस्तमपुर निवासी अनवर की बेटी शमा ने पुलिस को बताया कि करीब पांच साल पहले उसका निकाह थाना फर्रुखाबाद के थाना कायमगंज के गाँव चिल्सरी निवासी अहमद रजा के साथ हुई थी। घरवालों ने हैसियत अनुसार दहेज़ भी दिया था। शादी के कुछ दिन बाद ससुराली एक लाख रुपये और बाइक की मांग को लेकर उसे परेशान करने लगे घरवालों को बताने पर पंचायत भी कराई गई लेकिन कुछ दिन रुककर वह लोग पुनः वही मांग करने लगे। उसके एक साल का बेटा है तथा वह पांच माह की गर्भवती है। आरोप लगाया कि करीब पंद्रह दिन पहले पति अनवर, सास सितारा तथा ससुर अब्दुल रजा ने परिवार के ही रहीस व हनीफ के साथ मिलकर उसे काफी मारापीटा और उसे व उसके एक साल के बेटे को पहने हुये कपड़ों के साथ रात के समय घर से निकाल दिया। पड़ोसियों की मदद से वह किसी तरह अपने मायके पहुंची। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### पवन बने जिलाअध्यक्ष

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** पवन सक्सेना को अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा में जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके मनोरंजन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेंद्र माथुर एवं अरुण कुमार सक्सेना, पुनीता भटनागर, डॉ राजेश कुमार सक्सेना, प्रदीप खरे आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### वेटलिफ्टिंग में शैलवी ने पाया प्रथम स्थान

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** रूहेलखंड विश्वविद्यालय में चल रही खेल प्रतियोगिताओं में शैलवी मिश्रा ने वेटलिफ्टिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुवायां के रतन सिंह मेमोरियल पीजी कालेज में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा शैलवी मिश्रा ने रूहेलखंड विश्वविद्यालय में वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसके बाद कालेज प्रबंधन राकेश यादव, आदित्य यादव, आकाश यादव आदि ने छात्रा का फूल माला पहनकर स्वागत कर उत्सवर्धन किया।

### किशोरी को गलत नियत से पकड़ा, शिकायत पर परिजनों को पीटा

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** नाबालिग किशोरी घर से शौचालय के लिए जा रही थी कि रास्ते में एक युवक ने बुरी नीयत से पकड़ लिया और खेत में खींचने लगा, जिसका विरोध करने पर युवक ने किशोरी को पीटा। मामले की शिकायत करने पर आरोपी ने किशोरी के परिजनों को भी पीटा। बुधवार सुबह चार बजे नाबालिग किशोरी घर से खेत पर शौच के लिए जा रही थी कि गांव के ही एक युवक ने प्राथमिक स्कूल के पास बुरी नीयत से पकड़ लिया और खेत मे खींचने लगा, किशोरी ने शोर मचाया और बमुश्किल बच के घर पर गई परिजनों को घटना की जानकारी दी। किशोरी के बताने के बाद माता–पिता आरोपी के घर शिकायत करने गये तो आरोपी गाली गलौज करते हुए मारपीट करने पर आमादा हो गया। परिजनों के साथ किशोरी ने कोतवाली पहुंच कर पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक रवि करन सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश चल रही है, घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### फंदे से लटकर युवक ने की आत्महत्या



**तिलहर, शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला पक्के कटरा में एक युवक ने घरेलू कलह के चलते बीती रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। नगर के मोहल्ला पक्के कटरा में विनीत पुत्र गंगाराम 35 ने मंगलवार देर रात घर में ही फांसी लगा ली। शरीर गर्म समझ कर परिजन सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। विनीत के भाई आकाश ने बताया कि रात करीब साढ़े आठ बजे उसका भाई विनीत शराब पीकर आया था । घर में कहा सुनी होने के बाद उसने अपने कमरे का गेट बंद कर लिया और फांसी लगा ली। जब देर तक घर बालों के बुलाने पर विनीत ने जवाब नहीं दिया तो उनके भाई आकाश किसी तरह कमरे के अंदर आए और भाई विनीत को फांसी के फंदे पर लटका देखकर तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शब को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी कोतवाल दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि शब को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है परिजनों की तरफ से मिली तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### पटल सहायक के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करें: मजिस्ट्रेट

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार ने बताया किजिला मजिस्ट्रेट द्वारा दिए निर्देशों के क्रम में ऐसे सभी वैध शस्त्र लाइसेंस धारक, जिनके शस्त्र दुर्गा आर्म्स स्टोर खुटार पर निर्वाचन एवं मरम्मत को जमा किए गये थे। वह अपने शस्त्रों को मुक्त कराये जाने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित शस्त्र अनुभाग में प्रार्थना पत्र, वैध शस्त्र लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जमा बन्दूक की रसीद सहित पटल सहायक के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि उनके शस्त्रों को नियमानुसार मुक्त किए जाने की कार्यवाही की जा सके।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को डीएम ने किया सम्मानित

**▸ मतदाताओं का शत प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरित, एकत्रित, डिजिटाइज करने वाले बीएलओ हुए सम्मानित**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में मोबाइल फोन एवं नगद धनराशि देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने लाटरी के माध्यम से 25 नवंबर तक शत-प्रतिशत डिटाइजेशन कार्य करने वाले तीन बीएलओ 20-20 हजार, 75 प्रतिशत घर करने वाले 6 बीएलओ को 10-10 हजार रुपए के मोबाइल फोन तथा 50 प्रतिशत से ऊपर कार्य करने वाले 10 बीएलओ को 5-5 हजार रुपए की नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया। 25 नवंबर तक 100 प्रतिशत कार्य 141 बीएलओ ने किया है जिसमें से लॉटरी के माध्यम से कुल 3 बीएलओ ददरौल विधानसभा के महेंद्र भाग सं 209, जलालाबाद से दुर्गेश चंद्र पांडे भाग सं 424 एवं अरुण कुमार सिंह भाग सं 320 को 20-20 रुपए के मोबाइल फोन दिया गया। 75 प्रतिशत कार्य करने कार्य करने वाले 221 बीएलओ में से लॉटरी के माध्यम से कटरा की बबीता देवीभाग सं 9, राजरानी भाग सं




147, तिलहर से कमलेश कुमारी भाग सं 103, रेखा रानी भाग सं 179, पुवायां से अनुराधाभाग सं 351, ददरौल से नेतराम भाग सं 16 सहित 6 बीएलओ को 10-10 हजार रुपए के मोबाइल फोन दिए गए। 50 प्रतिशत कार्य करने वाले 622 बीएलओ में से लॉटरी के माध्यम से तिलहर से धनदेवी भाग सं 3, कटरा से अरविंद कुमार भाग सं 163, अमर सिंह भाग सं 327, सुरदीप भाग सं 359, पुवायां से पूजा देवी भाग सं 412, वरुण कुमार भाग सं 89, जलालाबाद से मिथिलेश कुमारी भाग सं 357, मुनेंद्र भाग सं 237, ददरौल से रमाकांत भाग सं 246 एवं सरोज कुमारी भाग सं 28 सहित कुल 10 बीएलओ का 5-5 हजार का नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि 30 नवंबर शत-प्रतिशत डिटाइजेशन कार्य करने बीएलओ को इसी तरीके से 1 दिसंबर को प्रत्येक विधानसभा से 2-2 तथा शेष रेंडम तरीके से लॉटरी के माध्यम से चयन करके सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि डिजिटाइजेशन कार्य की गति बढ़ाकर प्रत्येक दशा में 30 नवंबर तक शत प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त बीएलओ से अपील की कि वे इसी प्रकार कर्तव्यनिष्ठा, समयबद्धता और सटीकता के साथ कार्य करते हुए अपने-अपने लक्ष्यों को पूर्ण करें तथा एस आई आर 2026 अभियान को सफल बनाने में पूरी प्रतिबद्धता से योगदान दें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का सुदृढ़, त्रुटिरहित एवं अद्यतन होना निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता का आधार है, जिसके लिए बीएलओ लगातार फील्ड में बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बरेली का युवक अवैध असलहे के साथ शाहजहांपुर में गिरफ्तार

**मीरानपुर कटरा–शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कटरा पुलिस ने बरेली जनपद के एक अभियुक्त को 12 बोर की एक अवैध पौनिया देशी व एक 12 बोर का जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है। कटरा थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल के नेतृत्व में कटरा पुलिस टीम क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने व जुर्म जरायम की रोकथाम व तलाश वांछित अपराधियों के लिये भ्रमणशील थी कि मुखबिर खास की सूचना पर हुलासनगला अंडरपास के पास एक नफर अभियुक्त आरिफ शाह पुत्र कल्लू



शाह निवासी मोहल्ला फरकपुर थाना फरीदपुर जनपद बरेली को एक अदद पौनिया देसी 12 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कटरा थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया आरिफ शाह पर बरेली जनपद के सीबीगंज थाने पर भी दो अभियोग पंजीकृत है।

### गांव में लगातार मर रहीं भैंसे, पशुपालक परेशान

**जलालाबाद–शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर अफगानान में अज्ञात रोग के चलते तीन दिनों में पांच भैसों की मौत हो गई। जबकि कई अन्य लोगों की भैंस बीमार हैं। गांव की भैंस मे फैले इस रोग को लेकर लोग काफी परेशान हैं। गांव के धर्मवीर कुशवाहा ने बताया कि उनकी सहित रामसागर शर्मा, उदयवीर, दुर्वेश व अतुल पांच लोगों की भैंस चार दिन के अंतराल मे मर गईं। बताया कि मरने वाली भैंस में कई दिन पहले से बुखार, चारा न खाने तथा दूध देना बंद कर देने जैसे समान लक्षण देखे गये। अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वीरपाल, गिरिजा देवी, महाराज सिंह सहित करीब दर्जन अन्य मालिकों की भैंस भी इन लक्षणों के साथ बीमार हैँ जिसके कारण वह लोग काफी परेशान है। पूछने पर बताया कि वह लोग बीमार जानवरों का इलाज कराने सरकारी अस्पताल नही गये। प्राइवेट डॉक्टर से ही इलाज करवाया जा रहा है।

## बीएलओ गणना प्रपत्र भरने एवं संग्रह कार्य में जुटे, सहयोग की अपील

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और पारदर्शी बनाने के लिए जिलेभर में कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में मतदाता अपने-अपने बीएलओ के पास पहुंचकर गणना प्रपत्र भरने और डिजिटाइजेशन हेतु फीडिंग कराने के लिए पहुंच रहे हैं। मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराया। बीएलओ द्वारा फॉर्म वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन प्रक्रिया की जा रही है। जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देशित किया कि गणना प्रपत्र भरने के दौरान प्रत्येक विवरण को ध्यानपूर्वक जांचें मतदाताओं को आवश्यक जानकारी सही तरीके से समझाएं वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और नई पात्रता वाले युवा मतदाताओं को विशेष सहयोग प्रदान करें फॉर्म की फीडिंग और डिजिटाइजेशन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता और शुद्धता अत्यंत आवश्यक है। सभी बीएलओ अपने कार्य को सर्वोच्च जिम्मेदारी के साथ पूरा करें। विशेष पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई पात्र मतदाता छूटने न पाए और कोई अपात्र मतदाता सूची में शामिल न रहे। उन्होंने पूरी टीम को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं ताकि जिले की मतदाता सूची पूरी तरह अद्यतन और त्रुटिरहित तैयार की जा सके।

## कांगेस के कार्यकर्ताओं ने सविधान दिवस पर की गोष्ठी

**▸ कांग्रेसियों ने मुंबई हमले में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि**



**पुवायां, शाहजहांपुर।** बुधवार को बंडा रोड़ स्थित कांग्रेस कार्यलय पर विचार गोष्ठी की। जिसमे उन्होंने मुंबई हवाले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया जिसमें 26 नमम्बर को ही संविधान दिवस के दिन ही हमारे देश के जवान शहीद हुए थे। जिला किसान अध्यक्ष अरुणोद मिश्रा ने बैठक में संविधान दिवस पर चर्चा करते हुए कहा कि यह दिन संविधान निर्माण के प्रयासों और लोकतंत्र के मूल सिद्धान्तों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। बैठक में जिला किसान अध्यक्ष अरुणोद मिश्रा, जिला किसान उपाध्यक्ष आनंद आर्य, जिला सचिव सुनील कुशवाहा, राहुल मौर्य, सौरव शुक्ल, ब्लाक मंडल अध्यक्ष राम मोहन मिश्र, अध्यक्ष आशीष तिवारी, राकेश मिश्रा, पंकज मिश्रा नगरिया, सरमोद मिश्र आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिला हिंसा दिवस पर रेडक्रॉस की ओर से गोष्ठी आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी परिसर में स्थित इंडिया रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यालय में महिला सशक्तिकरण मिशन के क्रम में विश्व महिला हिंसा दिवस की संध्या पर सेंट्रल बार ऐसोसिएशन शाहजहांपुर के अध्यक्ष अजय वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। अजय वर्मा का स्वागत करने के उपरांत रेडक्रॉस के सचिव डॉ विजय जोहरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जन जागरूकता बढ़ाने के लिए 25 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के रूप में घोषित किया गया है। यह दिन महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ हिंसा के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिए है। रेड क्रॉस का मानना है कि महिला हिंसा एक गंभीर मानवीय समस्या है जिसका



समाधान करने के लिए यौन और लिंग-आधारित हिंसा को रोकने और उसका जवाब देने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। इसके लिए सहायता कार्यक्रम, मानवीय कूटनीति, और गरिमा, पहुंच, भागीदारी और सुरक्षा का समर्थन करना आवश्यक है। यह संगठनों को कानूनी और सामाजिक दोनों स्तरों पर काम करने की आवश्यकता पर बल देता है। सेंट्रल बार ऐसोसिएशन के अध्यक्ष अजय वर्मा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया महिला हिंसा कई प्रकार की होती है, जिनमें शारीरिक, यौन, मनोवैज्ञानिक, आर्थिक और सामाजिक हिंसा शामिल है। घरेलू हिंसा को इसी श्रेणी में रखा जाता है, जिसमें शारीरिक हमला, भावनात्मक शोषण, यौन शोषण और वित्तीय शोषण जैसे कृत्यों को शामिल किया जाता है। इसके अलावा, जबरन विवाह, पीछा करना, और कार्यस्थल व सार्वजनिक जीवन में यौन उत्पीड़न भी इसके उदाहरण हैं। बैठक में शीशराम यादव, पवन सक्सेना, अम्ब्रीश सक्सेना, विपिन सक्सेना, एडवोकेट सूरज तिवारी, शोएब अंसारी इत्यादि रेडक्रॉस के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हाइवे पर पड़ी गिट्टी में फिसला ट्रक, अनियंत्रित होकर बस्ती में घुसा

**जलालाबाद–शाहजहांपुर।** बरेली हाइवे पर पड़ी गिट्टी के चक्कर मे बुधबार सुबह चार बजे अनियंत्रित हुआ ट्रक नाले को तोड़ता हुआ बस्ती मे जा घुसा। ट्रक की चपेट मे आया खोखा पूरी तरह तहस नहस होने के साथ एक मकान व गाडी भी क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि हादसा सुबह तड़के होने के कारण जनहानि होने से बच गई। हादसे के बाद चालक ट्रक मौके पर छोड़कर फरार हो गया जिसे कुछ देर बाद पुलिस ने पकड़ लिया। बरेली हाइवे पर बस्ती वाले क्षेत्र में बीते तीन दिनों से गिट्टी पड़ी हुई कि दूसरी तरफ डिवाडर होने के कारण बड़े वाहन बामुश्किल निकल पा रहे



है। बुधबार सुबह चार बजे बरेली की तरफ से आ रहा एक ट्रक अचानक सामने आये गिट्टी के ढेर से बचने के प्रयास मे अनियंत्रित हो गया और हाइवे के नाले को तोड़कर उसके सामने रामकिशोर गुप्ता के मकान के अगले हिस्से की टीन, जाली व जनरेटर को तोड़ता हुआ। बाल कटिंग करने वाले शकील के खोखे पर चढ़ गया। आगे अधिवक्ता मुकेश गुप्ता के घर के सामने खड़ी दो गाड़ियों से टकराने के बाद चालक ट्रक पर काबू पा सका। हादसे के बाद ट्रक भी काफी क्षतिग्रस्त हो गया और मौका पाकर चालक भाग गया। लोगों के अनुसार हादसे मे डेढ़ से दो लाख की सम्पत्ति का नुकसान हुआ है। बता दें कि नगर सीमा में हाइवे के किनारे वाले क्षेत्र मे हर समय भीड़भाड़ बनी रहती है हादसा सुबह तड़के होने के कारण वहाँ कोई मौजूद नही था जिससे बड़ी घटना होने से बच गई। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि चालक को पकड़कर उससे पूछताछ कर रहे है। इस मामले मे कोई तहरीर नही दी गई। हाइवे से गिट्टी हटवाने के लिये पालिका प्रशासन से कहा गया है।

## बजरंग दल ने भरी हुंकार, मांग- अवैध रोहिंग्या हों देश से बाहर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**▸ अंटा चौराहा स्थित नाले पर अवैध दुकानें धवस्त करने हेतु विहिप ने दिया ज्ञापन**

विश्व हिंदू परिषद शाहजीपुर महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रियंका चौधरी को सौंपा। दिए गए ज्ञापन में बताया मुख्यमंत्री के आदेश के अनुपालन में तत्काल जनपद की सभी मस्जिदों के लाउडस्पीकर की आवाज कम कराई जाए ताकि आम जनमानस को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। मुस्लिम अराजकतत्वों द्वारा लैंड जिहाद के रूप में किए गए अवैध मस्जिद, मजार निर्माण, विस्तारीकरण को तत्काल कठोरता से रोका जाए। मुस्लिम अराजक तत्वों द्वारा जनपद में सरकारी भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को तत्काल सरकारी जमीन से हटाया जाए। अंटा चौराहे पर मस्जिद के पास अवैध



अतिक्रमण करके सरकारी नाले के ऊपर बनी अवैध दुकाने हटाकर नाले को अवैध कब्जा मुक्त कराया जाए। कुछ अराजक तत्वों द्वारा जनपद में खुलेआम चाइनीज मांझे की बिक्री की जा रही है जिससे जनपद में कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं जिसे रोक कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। शासन की मंशा के अनुरूप जिले में अवैध प्रवासी, घुमंतू बांग्लादेशी रोहिंग्याओं को चिन्हित कर वापस भेजा जाए। ज्ञापन देने वालों में महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर, विभाग मंत्री अशनील सिंह, प्रांत सह संयोजक प्रियम चौहान, जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह, राहुल कनौजिया, प्रान्त मिलन प्रमुख हरीश, प्रदीप प्रजापति, विभाग सह संयोजक अंकित मिश्रा, श्रीओम गुप्ता, संयोजक हर्षित गुप्ता, दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका प्रीति शुक्ला, सरिता प्रचार प्रमुख अनुभव गुप्ता, मिनाक्षी पाठक, भीम प्रकाश गौतम, विकास प्रजापति, कुनाल राठौर, आदर्श, छोटेलाल वर्मा सहित सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खुटार में मनाया गया संविधान दिवस

**▸ डॉ. अंबेडकर की मूर्ति पर किया माल्यार्पण, योगदान को सराहा**

**खुटार–शाहजहांपुर।** खुटार में संविधान दिवस पर भारत रत्न डाक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया। उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। कस्बा के पुवायां रोड स्थित बुद्धा पार्क में बड़ी संख्या में बाबा साहेब के अनुयाई एकत्र हुए। और उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया।भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहेब डा भीम राव अंबेडकर के योगदान को सराहा गया। 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुए था। 19 नवंबर 2015 को भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर 26



नवंबर को संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया। तब से प्रति वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक आर के रावत ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया। बुद्धा पार्क में आयोजित कार्यक्रम में राजेश गौतम, बाबूराम गौतम, अनिल सागर, डा. दीपक, जगदीश पेंटर, शोभित गौतम, वेदपाल, रामू लाल, मनोज गौतम, राजवीर, संजीव कुमार सभासद, जगजीवन, रामनरेश, पंकज कुमार, शिव सिंह, रेनू देवी आदि लोग मौजूद रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने किया मॉडलों का बेहतर प्रदर्शन

**तिलहर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**▸ मुख्य अतिथि वरिष्ठ एसपीएस शिव मुरारी सहाय ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन**

एलबीजेपी इण्टर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का प्रधानाचार्य बृजपाल के सानिध्य में मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईपीएस शिव मुरारी सहाय व प्रबंध समिति अध्यक्ष गौरव सहाय तथा शैक्षिक निदेशक डॉ दिवाकर शर्मा ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर शुभारंभ किया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं द्वारा दर्शाए गए विभिन्न मॉडलों का अतिथियों ने अवलोकन करते हुए उनके बारे में बच्चों से जानकारी भी ली। मुख्य अतिथि शिव मुरारी सहाय ने कहा आज का युग विज्ञान का युग है। बच्चों में वैज्ञानिक सोच, तकनीकी एवं नवाचारों को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान है। इससे छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है। विशिष्ट अतिथि गौरव सहाय ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना एवं उनमें रचनात्मक क्षमताओं को जागृत करना होता है। प्रेम शंकर सक्सेना ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों में वैज्ञानिक कौशल, सृजनात्मकता, नवाचार एवं समाज में विज्ञान के प्रति जगरूपता आती है। प्रधानाचार्य



बृजपाल ने कहा कि हम बच्चों में उत्साहवर्धन, और वैज्ञानिक मनोदशा के समावेश के लिए प्रतिवर्ष विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करते हैं। प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि व निर्णायक मंडल में शामिल राजकीय इण्टर कॉलेज शाहजहांपुर के प्रवक्ता प्रेम शंकर सक्सेना, सुरेन्द्र पाल एवं आरबीएम के प्रवक्ता सुरेश कुमार को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने तकनीक, स्वचालित प्रणालियों, जल संरक्षण, इको फ्रेंडली कार, वर्षा जल संचयन, आधुनिक यातायात प्रणाली, सड़क सुरक्षा, आधुनिक सिचाई पद्धति, डीएनए आधारित एवं जीवन को सरल तथा सुगम बनाने में उपयोगी तकनीकों पर अनेक मॉडलों का निर्माण कर प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट मॉडलों का प्रदर्शन किया। मॉडल प्रदर्शन में सीनियर वर्ग में फैज अली एवं अमन दुबे कक्षा 12 बी प्रथम, अपूर्वा सिंह द्वितीय, एवं मोनू कुशवाहा एवं मोहम्मद, अरीब तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में अरमान प्रथम अंशुमान द्वितीय, एवं मृत्युंजय श्रीधर मिश्रा तृतीय रहे। जूनियर वर्ग में यस प्रथम, आनंद गंगवार द्वितीय, शिवम् तृतीय रहे । कार्यक्रम में विजेताओं को प्रमाण पत्र एवम् शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। संयोजन भारत भूषण ने तथा संचालन आशीष कुशवाहा एवं डॉ अनिल कुमार ने किया। इस अवसर पर रबिंद्र यादव, अशोक कुमार, डॉ ललित कुमार, धीरेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार समेत स्टाफ के लोग शामिल रहे।

### संबंध विच्छेद सूचना

मैंने अपने पुत्र शुभम श्रीवास्तव पुत्रवधू सपना श्रीवास्तव को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। बीना पत्नी राजवीर नि.मो. लोधीपुर, थाना-रोजा, शाहजहांपुर।

### सूचना

आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश प्रवीण कुमार लिख गया है, जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा सही नाम प्रवीण कुमार पांडेय है। भविष्य में मुझे प्रवीण कुमार पांडेय पुत्र पवन कुमार पांडेय, निवासी ग्राम नवादा अशरफपुर, पोस्ट महासिर, ब्लॉक सिंधौली, जिला शाहजहापुर के नाम से जाना व पहचाना जाए।

# सभी को संविधान का सम्मान करना चाहिए: जिला जज



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

संविधान दिवस के अवसर पर जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा द्वारा संविधान की प्रस्तावना के पाठन कराया गया, जिसमें सभी न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि हम सभी को संविधान का सम्मना करना चाहिए। जिस तरह सभी धर्मो के धार्मिक ग्रंथ पवित्र हैं, उसी प्रकार हमारे भारत देश का संविधान हम सभी के लिए पवित्र ग्रंथ है। संविधान के अनुसार ही जीवन-यापन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय नरेन्द्र कुमार-तृतीय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदीप कुमार जायसवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशीष वर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ओमप्रकाश मिश्र-तृतीय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र नाथ पाण्डेय एवं अन्य न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी, एलएडीसीएस के अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## 'आप देश के भविष्य, अपने कर्तव्यों का पालन करें'

**शाहजहांपुर।** जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में संविधान दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन संजय कुमार सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज हथौड़ा बुजुर्ग में किया गया। अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ओम प्रकाश मिश्र-तृतीय द्वारा की गयी। सचिव द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर संविधान के अनुच्छेदों के विषय में विस्तार से चर्चा करते हुये बताया कि अनुच्छेद-14 के अनुसार समानता का अधिकार, अनुच्छेद-15 के अनुसार स्वतंत्रता का अधिकार के विषय से अवगत कराया। उनके द्वारा बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों जैसे शिक्षा का अधिकार, संरक्षण का अधिकार और अन्य अधिकारों से सम्बन्धित जानकारी दी गयी। साथ ही उन्होंने बच्चों को साइबर अपराध से सतर्क रहने के लिए भी सचेत किया। एलएडीसीएस चीफ दिनेश कुमार मिश्रा द्वारा शिविर में उक्त दिवस के विषय पर बच्चों को जानकारी देते हुये बताया कि देश की उन्नति के लिए संविधान बहुत जरूरी है। संविधान के बारे में पढ़कर अच्छी जानकारी रखें और आगे बढ़े। आप देश के भविष्य हैं, देश को उन्नति की ओर ले जाने के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करें। संविधान देश के कल्याण के लिए बना है। एलएडीसीएस असिस्टेंट विवेक शर्मा द्वारा बच्चों को उक्त दिवस पर चर्चा करते हुये बताया कि आज के दिन हमारा संविधान बनकर तैयार हुआ था तथा हमारे अधिकारों को व स्वतंत्रता से जीवन जीने का अधिकार प्राप्त हुआ था। संजय सरस्वती बाल विद्या मन्दिर विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक मो. अफजल, अध्यापक आदि मौजूद रहे।

# हमारा संविधान विश्व का सर्वश्रेष्ठ सुव्यवस्थित लिखित संविधान है: मुनीश



**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज के तत्वावधान में राजकीय बालगृह बालक नवादा इन्देपुर में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मंच पर मुकेश सिंह परिहार परामर्शदाता परिवार न्यायालय, एडवोकेट मुनीश सिंह परिहार सदस्य न्यायपीठ बाल कल्याण समिति, डॉ अनिल कुमार शाह संयोजक लीगल एड क्लीनिक, रामविनय यादव अधीक्षक, मंचासिन रहे। मुकेश सिंह परिहार ने बालकों को संविधान की उद्देयिका का सामूहिक पाठ कराया और अनुच्छेद 24 में वर्णित बालकों के अधिकार को समझाया। मुनीश सिंह परिहार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान विश्व का सर्वश्रेष्ठ सुव्यवस्थित लिखितसंविधान है यह लोकतंत्र की आत्मा है। डॉ. अनिल कुमार शाह ने कहा कि हमारा संविधान सर्वोच्च विधान है और हमारे पुरखों द्वारा हमारे लिए लिखी हुई वसीयत है। डॉ राम विनय यादव ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथिगण का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रदीप कुमार, सुतीक्षण कुमार, कुलदीप सिंह, शोभा संजीव कुमार, विनय कुमार, आशीष कुमार का विशेष सहयोग रहा।

## प्राइवेट बस की टक्कर से दंपती घायल, पति गंभीर

**खुटार-शाहजहांपुर।** बच्चों के कपड़ों की खरीददारी का वापस जा रहे बाइक सवार दंपति को निजी बस ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए। 108 एंबुलेंस ने घायल दंपति को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पति की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। नवदिया ओरीलाल गांव निवासी पंकज कुमार 34 वर्ष अपनी पत्नी पूजा देवी 32 के साथ बुधवार को बाइक से खुटार आया था। दोनों बच्चों के कपड़े, बैग आदि सामान की खरीददारी कर वापस अपने घर जा रहे थे। खुटार पूरनपुर रोड पर सलनहां गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार निजी बस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा होते ही मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने दोनो घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने पंकज कुमार को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

# एमए पब्लिक स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के मुड़िया मोड़ स्थित जीएम पब्लिक स्कूल एमए पब्लिक स्कूल में रैली निकाल कर गोष्ठी का आयोजन कर भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। स्कूल के प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में प्रत्येक वर्ष 2015 से 26 नवंबर को संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है यह दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारा संविधान विभिन्न धर्मो भाषाओं और संस्कृतियों वाले 140 करोड़ लोगों को एकता के धागे में पिरोता है। शिक्षक कृष्ण पाल गौतम ने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में संवैधानिक मूल्यों न्याय स्वतंत्रता समानता बंधुत्व की भावना को बढ़ावा देना है। शिक्षक नीतेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि हमारा संविधान दो वर्ष 11 मा 18 दिन में बनकर तैयार हुआ संविधान दिवस कार्यक्रम के आयोजक सकीम खान ने कहा कि राष्ट्र का निर्माण केवल अधिकारों के उपभोग से नहीं बल्कि जिम्मेदारियों के निर्वहन से होता है। इस मौके पर जी एम पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल इरम मंसूरी मनीषा सिंह आसना चौहान रोमाना खान शिवांगी वर्मा सोनम मिश्रा आदित्य सिंह रीना अंचल त्रिवेदी निदा अंसारी जितेंद्र कुशवाहा राजकुमार पाल जितेंद्र सक्सेना मोहम्मद सलीम करुणा शंकर पांडे जैद मंसूरी गुलफिजा मंसूरी अनुपम शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# संविधान दिवस पर सपाइयों ने संविधान को बचाने का लिया संकल्प

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशनुसार संविधान दिवस संविधान मान स्तंभ रखकर जनपद बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाया गया। इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन कर सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में संविधान दिवस के बारे में चर्चा की गई। इस मौके पर सभी समाजवादी पार्टी के नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने देश के संविधान को बचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि आजाद भारत देश के इतिहास का 26 नवंबर सबसे महत्वपूर्ण और खुशी का दिन है चुकी 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार किया गया था जिसको पूर्ण रूप से 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था इसका श्रेय बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को जाता है। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि संविधान को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी व अखिलेश यादव लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इस मौके पर सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा युवज़न सभा के राष्ट्रीय सचिव पार्थ यादव, पूर्व सभासद दुर्गेश कुमार गुप्ता, जाफरीन, डॉ जफर, हफ़ीज़ अंसारी, बिलाल, जबर सिंह यादव, नीलम, रानू खान, सुनील यादव, सिद्दीक खान, अनिल दास, अब्दुल समद, यश मौर्य, जगबीर राजपूत, आरिफ खान आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पति के किसी और से संबंध, इसलिए करता है मारपीट, सास-ससुर भी करते हैं प्रताड़ित, दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव पसिगनपुर निवासी छाया देवी पुत्री सतपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी थाना क्षेत्र निगोही के गांव घाटभोज निवासी अंकुल पुत्र सेठपाल के साथ हिंदू रीति, रिवाज के अनुसार हुई थी। उसने आरोप लगाया कि उसके पति अंकुल के किसी से अवैध संबंध है। इसी बात को लेकर वह उसके साथ आए दिन मारपीट कर मानसिक व शारीरिक रूप से उसे प्रताड़ित करता चला रहा। कई बार पंच पंचायत के बावजूद भी वह नहीं माना इसके साथ ही उसके ससुर सेठपाल पुत्र रामेश्वर, सासु मां शांति देवी, जेठ रामनिवास भी उसके साथ मानसिक रूप से उसे प्रताड़ित करते रहे हैं। बीते 20 नवंबर को उसके पति ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और गला दबा दिया। बाद में उसे नशीली दवा खिलाकर बेहोश कर दिया। जब उसे दूसरे दिन होश आया तो सारी आप बीती अपने मायके पक्ष के लोगों को फोन द्वारा जानकारी दी। इस पर उसके पिता आए और उसको अपने साथ घर ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति अंकुल, सास शान्ति देवी, ससुर सेठपाल, जेठ रामनीवास के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की।

### पुलिया टूटने से किसानों की फसलों में भर रहा पानी



**शाहजहांपुर।** तिलहर तहसील क्षेत्र के ग्राम मरेना निवासी नेत्रपाल पुत्र नरेश कुमार सहित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शपथपत्र देकर शिकायत दर्ज कराई है कि गांव से कटरा मार्ग पर सरकारी पुलिया को तोड़कर उस पर मिट्टी डाल दी गई है, जिससे खेतों में पानी भरने लगा है और किसानों की फसलें खराब हो रही हैं। शपथपत्र में बताया गया कि पुलिया तोड़ने का कार्य कथित रूप से मोहल्ला आतिशबाजान थाना कटरा निवासी एक व्यक्ति द्वारा कराया गया, जो सरकारी भूमि पर अवैध प्लॉट का निर्माण भी कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया टूटने से जल निकासी बंद हो गई है, जिससे सिंचित फसलें नष्ट हो रही हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि सरकारी खड़ंजे की पटरी की लंबाई और चौड़ाई कम कर कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि उच्चस्तरीय जांच टीम गठित कर मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, पुलिया का पुनर्निर्माण कराया जाए और सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाए जाएं। ग्रामीणों ने 6 नवम्बर 2025 को जिलाधिकारी को शपथ पत्र पर अवैध प्लॉटिंग निर्माण व सरकारी पुलिया तोड़ने ब पाटने को लेकर शिकायत की गई थी। शपथ पत्र पर एडीएम शाहजहांपुर को 6 नवंबर 25 को जिलाधिकारी ने आदेश दिया था कि जांच कर आख्या दें। इसके बाद एडीएम के द्वारा एसडीएम तिलहर व तहसीलदार तिलहर को जांच कर अवैध प्लाटिंग रुकवा देने का 10 नवंबर 25 को आदेश दिया। मगर कोई जांच नहीं हुई। जिला पंचायत सदस्य नेत्रपाल गंगवार ने बताया कि एसडीएम से मिलकर मामले से अवगत कराया गया लेकिन अभी तक उच्चाधिकारियों द्वारा कोई जांच टीम गठित नहीं की गई। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामवासियों का कहना है कि उन्होंने यह शपथपत्र 31 अक्टूबर 2025 को न्यायालय परिसर शाहजहांपुर में सत्यापित कर डीएम को सौंपा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# संपत्तियों के मूल्यांकन पर हुई कार्यशाला

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एसएस कॉलेज के वाणिज्य विभाग में संपत्तियों के मूल्यांकन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य प्रशिक्षक इंजी. आरके अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को समझाया कि बैंक से ऋण लेते समय कोई ना कोई संपत्ति गिरबी रखनी पड़ती है। बैंक इस संपत्ति का मूल्यांकन करने के बाद सामान्यतः मूल्य का अधिकतम 80 प्रतिशत के बराबर ऋण देता है। उन्होंने बताया कि संपत्ति का मूल्यांकन किन-किन बातों को ध्यान में रखकर किया जाता है। संपत्ति का मूल्य निर्धारण करते समय संपत्ति के स्थानीयकरण, सरकार द्वारा निर्धारित सर्किल रेट, बाजार में प्रचलित मूल्य, संपत्ति के ऐतिहासिक महत्व, संपत्ति के भावी जीवन, निर्माण लागत आदि को ध्यान में रखा जाता है। मूल्यांकन करने वाले व्यक्ति में दो गुण मुख्य रूप से आवश्य होने चाहिए। उसके अंदर एक इंजीनियर की दृष्टि होनी चाहिए और उसे एक अच्छा वित्तीय विश्लेषक भी होना चाहिए। मूल्यांकक द्वारा संपत्ति का मूल्य निर्धारित किए जाने के बाद बैंक जोखिम का अनुमान लगाता है तथा रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित गाइडलाइंस के अनुसार समस्त औपचारिकताएं पूरी करके ऋण देता है। ऋण देने के कारण बैंकिंग सेवा आम आदमी से जुड़ गई है। इसीलिए अब बैंक न केवल देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं अपितु वे सामाजिक विकास में भी उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यशाला के मध्य इंजी. आरके अग्रवाल द्वारा लिखित साइंस एंड इंजीनियरिंग पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यशाला की समाप्ति पर एक परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वोच्च अंक पाने वाले टॉप 10 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। टॉप 10 छात्रों में बीकॉम (ऑनर्स) से सार्थक शुक्ला, वासुदेव सक्सेना, मयलका, मुसब्बेहा, अनुष्का शर्मा, इशांत कुमार, साहिबा, बीकॉम (सामान्य) से अपूर्व शर्मा, गायत्री एवं बीकॉम (कंप्यूटर) से सानिया जावेद सम्मिलित थे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी शुकदेवानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि से हुआ। संचालन डा. रूपक श्रीवास्तव ने किया। कार्यशाला में डा. अनुराग अग्रवाल और अपर्णा त्रिपाठी ने भी अपने विचार रखें।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद की बैठक संपन्न




**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में 17 वृहद औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिसमें 3 बड़ी औद्योगिक इकाई कृभको फर्टिलाइजर्स, केआर पेपर, बजाज एनर्जी एवं अन्य औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों को जिलाधिकारी ने निर्देश दिये, कि औद्योगिक इकाई को कुल भूजल उपयोग का 50 प्रतिशत वर्षा जल तालाबों के माध्यम से संचयन कराना अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने तहसील स्तर पर तालाबों के लिए भूमि उपलब्ध कराकर औद्योगिक इकाईयों द्वारा जल्द से जल्द तालाबों के निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस अवसर पर सीनियर हाइड्रोजियोलाजिस्ट-नोडल अधिकारी भूगर्भ जल विभाग के अधिशासी अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## इटावा के लाइन सफारी भेजा गया शावक

**गन्ने के खेत में सूखे कुएं से रेस्क्यू कर निकाला गया था तेंदुआ का बच्चा**

**खुटार-शाहजहांपुर।** सौफरी गांव में गन्ना के खेत में सूखे पड़े कुआं से रेस्क्यू कर निकाला गया तेंदुआ का शावक वन विभाग की टीम ने इटावा के लाइन सफारी में भेज दिया। रविवार को गांव सौफरी के रहने वाले किसान राजा वर्मा के गन्ने के खेत में दोपहर के करीब 12:00 बजे तेंदुए के शावक को मजदूरों ने खेत में बने सूखा पड़े कुएं में हांफते हुए देखा था। तेंदुए के शावक को कुएं में पड़ा देख खेत स्वामी राजा वर्मा व गन्ना छील रहे मजदूरों ने आनन-फानन में वन विभाग व पुलिस को सूचना दी थी। वन रेंजर मनोज श्रीवास्तव व थाना प्रभारी आर के रावत अपनी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। 1 घंटे चले रेस्क्यू पर तेंदुए के शावक को कुएं से सुरक्षित बाहर निकाला गया था। वन क्षेत्राधिकारी मनोज श्रीवास्तव तेंदुए के शावक को खुटार वन क्षेत्र कार्यालय मैलानी लेकर चले गए थे। उच्चाधिकारियों के निर्देश ही मंगलवार को डिप्टी रेंजर विकास प्रताप सिंह, वन दरोगा रोहित पांडे, वनरक्षक संतोष गौड़, बालगोविंद, दाताराम, डाक्टर दया तेंदुए के शावक को इटावा के लाइन सफारी में भेजने को रवाना हो गए थे। मेडिकल परीक्षण के बाद शावक को लाइन सफारी में पहुंचा कर वन विभाग की टीम वापस चली आई।

## श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ व श्रीराम कथा भंडारे के साथ संपन्न

**धार्मिक अनुष्ठान करने अथवा करने से जीवन बाधाओं से मुक्त होता है: गोविंदाचार्य**

**तिलहर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



श्रीराम कथा एवं श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति के तत्वावधान में एक सप्ताह से चल रहा धार्मिक अनुष्ठान बुधवार को विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न हो गया। बुधवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक 21 कुण्डीय महायज्ञ में यजमानों ने विद्वानों के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ सपत्नीक आहुतियां दी गई। तदोपरांत नैमिषधाम के कथा व्यास श्री गोविंदाचार्य महाराज ने भगवान श्री राम कथा के अंतिम सातवें दिन दशानन के बध के बाद माता जानकी के साथ अयोध्या वापस पहुंचने, भरत मिलाप और भगवान के राजतिलक की मनोहारी कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान करने अथवा उसमें शामिल हैकर यथा शक्ति दान करने से जीवन बाधा मुक्त रहता है। इस दौरान समिति के सदस्य डॉ प्रमोद मिश्रा, राधारमण मिश्रा, विवेक मेहरोत्रा, श्याम गर्ग, सुरेंद्र गुप्ता, पंकज सक्सेना, सुनील सैनी, रामौतार गुप्ता, आशु सक्सेना, प्रतीक गर्ग, सुधीर गर्ग समेत तमाम लोगों ने आरती उतारी। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जो देर रात तक चला। पधारे कथा व्यास व यज्ञाचार्य को दान दक्षिणा देकर विदाई दी गई। कथा व्यास गोविंदाचार व यज्ञचार्यो ने सभी को मंगल कामना का आशीर्वाद दिया।

## मुमुक्षु क्रिकेट लीग के पांचवें मुकाबले में एसएसएमवी इलेवन जीता

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में चल रही मुमुक्षु क्रिकेट लीग में पांचवें दिन भी प्लेग्राउंड रोमांच से भरा रहा। पांचवां मैच साइंस-11 तथा एसएसएम लवी-11 के मध्य खेला गया। कड़ी खींचातानी ने दर्शकों को दिल थामने पर मजबूर कर दिया। मैच का टॉस साइंस-11 टीम ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। मैच के दौरान दोनों टीमों के मध्य बेहतरीन प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। साइंस-11 टीम ने 16 ओवर में 6 विकेट पर 155 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम के खिलाड़ी हर्ष पाराशरी ने 48 गेंदों पर 6 चौकों एवं 9 छक्कों की बरसात करके 89 रन स्कोर किए। एसएसएमवी-11 की टीम ने भी जवाबी पारी में बेहतरीन

**प्लेग्राउंड रहा रोमांचमय, अनिल बने मैन ऑफ द मैच**

प्रदर्शन किया और 12.3 ओवर में मात्र 3 विकेट के नुकसान पर 158 रन बनाकर जीत का दर्जा अपने नाम कर लिया। खेल के दौरान शिवओम शर्मा कमेंटेटर की भूमिका में रहे। 47 गेंदों पर 112 रन की धुंआधार पारी खेलकर एवं 16 शानदार छक्के मारकर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले एसएसएमवी-11 के अनिल सिंह को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इस मौके पर खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई हेतु कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ अवनीश मिश्र, प्रो आलोक मिश्र, प्रो आदित्य सिंह, प्रो प्रभात शुक्ला, प्रो अजीत सिंह चारग, डॉ शालीन सिंह, डॉ प्रांजल शाही, डॉ आलोक सिंह, डा राजीव कुमार, डॉ सुजीत कुमार वर्मा, डॉ. संदीप कुमार वर्मा, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार सहित भारी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भारतीय संविधान और सामाजिक न्याय की अवधारणा विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज में राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज में राष्ट्रीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय संविधान और सामाजिक न्याय की अवधारणा विषय पर एक विद्वतापूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाहजहाँपुर के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र एवं राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. आदित्य सिंह स्वामी शुकदेवानंद पी. जी. कॉलेज तथा स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जय शंकर ओझा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ओम प्रकाश मिश्र ने कार्यक्रम में उपस्थित विधि एवं राजनीति विज्ञान के छात्रों को संविधान की प्रस्तावना का शपथ ग्रहण करवाया और प्रत्येक नागरिक के लिए संवैधानिक मूल्यों के पालन की जिम्मेदारी पर बल दिया। अपने संबोधन में उन्होंने समकालीन भारत में सामाजिक न्याय की प्रासंगिकता पर चर्चा की तथा वर्तमान चुनौतियों और उन्हें दूर करने में न्यायपालिका तथा कानूनी संस्थाओं की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने आच्छादन के सिद्धांत का सरल व स्पष्ट वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार संविधान के पूर्व के असंगत कानून तब तक निष्क्रिय रहते हैं जब तक वे मूल अधिकारों के अनुरूप न हो जाएं। श्री मिश्र ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों और उनके सामाजिक न्याय एवं प्रस्तावना में निहित मार्गदर्शक मूल्यों से संबंध पर भी विस्तार से चर्चा की। संविधान दिवस का यह कार्यक्रम भारत की संवैधानिक विरासत का स्मरण कराता है तथा सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र के उन आदर्शों को पुनः स्थापित करता है जिन्हें राष्ट्र के मूल दस्तावेज में सर्वोपरि स्थान प्रदान किया गया है। डॉ. आदित्य सिंह ने मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने भारत में सामाजिक न्याय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए इसकी अवधारणा की उत्पत्ति को प्राचीन सामाजिक संरचनाओं से लेकर आधुनिक सामाजिक सुधार आंदोलनों तक विस्तृत रूप से समझाया। डॉ. सिंह ने बताया कि किस प्रकार संविधान निर्माताओं ने समानता, स्वतंत्रता और न्याय के सिद्धांतों को अपनाकर ऐतिहासिक असमानताओं को दूर करने और समावेशी समाज की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया। उनके संबोधन में उन प्रमुख सामाजिक-राजनीतिक कारकों का उल्लेख किया गया, जिन्होंने संविधान में सामाजिक न्याय की अवधारणा को विशेष स्थान प्रदान किया। डॉ. जय शंकर ओझा, प्राचार्य, स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज, ने सामाजिक न्याय के क्रियान्वयन तथा मौलिक अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण न्यायिक निर्णयों का प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने आधारभूत ढांचा के सिद्धांत को परिभाषित करने वाले ऐतिहासिक निर्णयों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सिद्धांत संविधान के मूल्यों को मनमाने संशोधनों से सुरक्षित रखने में किस प्रकार महत्वपूर्ण है। डॉ. ओझा ने न्यायिक समीक्षा को लोकतंत्र की मूलभूत सुरक्षा व्यवस्था बताते हुए निर्वाचन आयोग जैसे संस्थागत निकायों की भूमिका पर भी चर्चा की, जो संविधान की मर्यादा एवं निष्पक्षता को बनाए रखने में सहायक हैं। लीगल एड क्लीनिक के संयोजक डॉ. अनिल कुमार शाह ने सभी विद्यार्थियों को संविधान दिवस पर शुभकामना व्यक्त किया और बताया कि राष्ट्रहित सदैव व्यक्तिगत हित से उपर है संविधान भारत के प्रत्येक नागरिक को एक परिवार की तरह भाईचारा से रहने की नसीहत देता है। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क विधिक सहायता केन्द्र की तरफ से संविधान ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसमें प्रथम स्थान पर यशस्वी राजानी, द्वितीय स्थान पर विशाल राठौर, तृतीय स्थान पर कुणाल अग्रवाल रहे। इनको मुख्य अतिथि के द्वारा संविधान की पुस्तक और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। डॉ. दीप्ति गंगवार ने मंच संचालन किया। संकाय सदस्यों ने अतिथियों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस आयोजन ने छात्रों की संविधान, न्याय और समाज के पारस्परिक संबंधों के प्रति समझ को और अधिक समृद्ध किया है। कार्यकम के सफल आयोजन में डॉ. अनिल कुमार शाह, डॉ. प्रेम सागर, डॉ. अमित यादव, डॉ. अमरेन्द्र सिंह, सचिन कुमार, अजीत कुमार, विजय सिंह, मृदुल शुक्ल, अरविंद कुमार, डॉ. ज्योत्स्ना गुप्ता, प्रदीप सिंह, प्रियंक वर्मा, चंद्रशेखर मिश्रा, रूपल मिश्रा, अभिलाष पाण्डेय, अमित सैनी, गौरव गुप्ता, अवनीश चौहान, शिवओम शर्मा, सुनील चौहान, सर्वेश शर्मा, रोहित कुमार, भानू, अरुन, हरीश, शिवम आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## शहादत का स्मरण

भले ही श्रीलंकाई संकट के समाधान हेतु भारतीय शांति सेना को श्रीलंका भेजा जाना तत्कालीन सरकार का फैसला रहा हो, लेकिन वास्तव में भारतीय सैनिक राष्ट्र के हितों और सैन्य दायित्वों के लिये ही लड़े थे। इस फैसले का उद्देश्य श्रीलंकाई तमिलों के हितों की रक्षा और उनके न्यायसंगत पुनर्वास के लिये पहल करना भी रहा है। लेकिन यह भी एक हकीकत है कि भारतीय शांति सेना यानी आईपीकेएफ के पूर्व सैनिकों में इस बात को लेकर लंबे समय से रोष व्याप्त रहा है कि आईपीकेएफसैनिकों के बलिदान को उचित सम्मान नहीं दिया गया। अब सरकार व सेना ने इस कमी को पूरा करने की दिशा में कम से कम एक पहल तो की है। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर परमवीर चक्र विजेता मेजर रामास्वामी परमेश्वरन को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करना, इस दिशा में एक महत्वपूर्ण क्षण था। देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस बाबत श्रद्धांजलि संदेश प्रेषित किया है। भले ही शीर्ष अधिकारियों द्वारा की गई यह पहल एक प्रतीकात्मक सुधार हो, लेकिन यह सही दिशा में उठाया गया सार्थक कदम है। हालांकि देर से ही सही, ये प्रयास श्रीलंका में ऑपरेशन पवन के दौरान शहीद हुए 1,171 भारतीय सैनिकों को उचित सम्मान देने में रही एक कमी को दूर करने का प्रयास कहा जा सकता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि इस युद्ध में करीब तीन हजार से ज्यादा सैनिक घायल भी हुए थे। इससे पूर्व कई वीर सैनिकों को वीरता पदक से सम्मानित भी किया जा चुका है। लेकिन एक टीस के साथ कहा जाता रहा है कि यह अकसर भुला दिया जाने वाला युद्ध रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कोलंबो में भारतीय शांति रक्षक सेना और पलाली में 10-पैरा के शहीदों के लिये स्मारक का निर्माण किया गया था। यह विडंबना ही है कि आईपीकेएफके पूर्व सैनिक, शहीदों की विधवाएं और उनके परिजन राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर निजी स्तर पर स्मरणोत्सव आयोजित करते रहे हैं। निश्चित ही देश के हितों के लिये चलाये गए किसी भी सैन्य अभियान में शहीद हुए सैनिकों को सामान्य युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की तरह पर्याप्त सम्मान मिलना चाहिए। दरअसल, ऑपरेशन पवन में शहीद हुए सैनिकों के परिजन और युद्ध में भाग लेने वाले जवान भी उन्हें पर्याप्त सम्मान दिए जाने की आस लंबे समय से रखे रहे हैं। वर्षों से उनकी मांग रही है कि साल 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम और वर्ष 1999 में हुए कारगिल युद्ध के शहीदों की याद में मनाये जाने वाले खास दिनों की तरह 'ऑपरेशन पवन' की याद में भी एक विशेष दिन की घोषणा की जानी चाहिए। वहीं दूसरी ओर शहीद सैनिकों के परिजनों की एक टीस उन्हें दशकों से सालती रही है। चूंकि ऑपरेशन पवन में शहीद हुए कई सैनिकों का अंतिम संस्कार या दफ़नाने की प्रक्रिया विदेशी धरती पर पूरी हुई थी, इसलिए उनके परिजन शहीद सैनिकों के अवशेषों को वापस भारत लाने की नीति को सुव्यवस्थित करने की मांग करते रहे हैं। वे एक ऐसे आयोग के गठन की भी मांग करते रहे हैं जो शहीद सैनिकों के पार्थिव अवशेष को वापस भारत लाने की नीति को तार्किक बना सके। उनकी मांग रही है कि उन अवशेषों को भारत लाकर आईपीकेएफ का एक स्मारक बनाकर, उसमें सम्मान के साथ स्थानांतरित किया जाना चाहिए। निस्संदेह, किसी भी देश के वीर शहीदों के स्मारक सामूहिक स्मृति के प्रतीक होते हैं।

# अरुणाचल प्रकरण से उठी राष्ट्रीय एकता की आवाज

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

बीते वर्षों में भारत ने जिस प्रकार अपनी कूटनीति, राष्ट्रीय सुरक्षा, सीमाई संप्रभुता और नागरिक हित को मूल केंद्र में रखकर निर्णायक फैसले लिए हैं, उसने विश्व को यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि आज का भारत किसी भी दबाव या चुनौती के सामने झुकने वाला नहीं है। वह पूरी दृढ़ता के साथ खड़ा रहने वाला, साहस और आत्मसम्मान से भरा राष्ट्र है। सीमा पर घुसपैठ का मुंहतोड़ जवाब देना हो, अंतरराष्ट्रीय फोरम पर भारत की संप्रभुता की रक्षा करना हो, आतंकवाद के विरुद्ध सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसे साहसिक कदम उठाने हों या फिर दुनिया के किसी भी संकटग्रस्त क्षेत्र में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए बड़े सैन्य अभियान चलाने हों। भारत ने हर मोर्चे पर यह सिद्ध किया है कि उसके प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा सर्वोपरि है।

अब इन सभी का नवीनतम उदाहरण अरुणाचल प्रदेश की युवती पेमा वांग थोंगडोक का मामला है, जिसमें चीन द्वारा किए गए अनावश्यक उत्पीड़न पर भारत की कड़ी और तत्पर प्रतिक्रिया ने एक बार फिर साबित किया कि भारतीय नागरिक कहीं भी हों, देश की सरकार उनके साथ खड़ी रहती है। यह कहना असंगत नहीं होगा कि भारत की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा का पूरा ढांचा पिछले 11 वर्षों में जिस तेजी से बदला है, वह केवल कूटनीतिक व्यवहार का परिवर्तन नहीं है; वह एक व्यापक, गहन और नागरिक केंद्रित बदलाव है, जिसने आम भारतीय को यह भरोसा दिया है कि उनकी सुरक्षा और सम्मान किसी भी परिस्थिति में समझौते का विषय नहीं हैं।

केंद्र सरकार ने अनेक अवसरों पर यह दिखाया है कि भारत अपने नागरिकों के हितों पर किसी प्रकार का दबाव स्वीकार नहीं करता। पेमा वांग थोंगडोक का शंघाई एयरपोर्ट पर चीनी अधिकारियों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार का मामला इसी नीति का एक और सशक्त उदाहरण है, जिसने दुनिया को संकेत दिया कि भारत अब पुराने ढर्रे का शांत दर्शक नहीं, बल्कि आत्मविश्वासी, सजग और संवेदनशील राष्ट्र है। उल्लेखखित है, पेमा को चीन के अधिकारियों ने करीब 18 घंटे रोके रखा। उनका भारतीय पासपोर्ट अमान्य घोषित करने का प्रयास किया गया और यह तक कहा गया कि उनका जन्मस्थान अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है।

भारतीयता के संदर्भ में यह एक नागरिक को प्रताड़ित करने की घटना से अधिक भारत की संप्रभुता को चुनौती देने का स्पष्ट प्रयास था। घटना सामने आते ही भारत ने चीन को कड़ा संदेश दिया और यह दर्शाया कि देश अपनी सीमाई अखंडता के मुद्दे पर किसी प्रकार का दबाव या अपमान सहन नहीं करेगा। इसलिए



**भारतीयता के संदर्भ में यह एक नागरिक को प्रताड़ित करने की घटना से अधिक भारत की संप्रभुता को चुनौती देने का स्पष्ट प्रयास था। घटना सामने आते ही भारत ने चीन को कड़ा संदेश दिया और यह दर्शाया कि देश अपनी सीमाई अखंडता के मुद्दे पर किसी प्रकार का दबाव या अपमान सहन नहीं करेगा। इसलिए पेमा ने कहा भी कि भारत सरकार का हर कदम सभी भारतीयों के हित में होता है। वस्तुतः यह वाक्य आज के भारत की कूटनीतिक सोच और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का सार है। यथार्थ यह है कि पेमा का मामला कोई अपवाद नहीं है, पिछले 11 वर्षों की उस निरंतरता का हिस्सा है जिसमें मोदी सरकार ने हर संकट में अपने नागरिकों को प्राथमिकता दी है। इसी वर्ष ईरान-इजरायल संघर्ष तेज होने पर 18 जून को भारत ने ऑपरेशन सिंधू चलाया। युद्धग्रस्त क्षेत्रों में फंसे भारतीयों खासकर छात्रों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया तत्काल आरंभ हुई।**

पेमा ने कहा भी कि भारत सरकार का हर कदम सभी भारतीयों के हित में होता है। वस्तुतः यह वाक्य आज के भारत की कूटनीतिक सोच और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का सार है। यथार्थ यह है कि पेमा का मामला कोई अपवाद नहीं है, पिछले 11 वर्षों की उस निरंतरता का हिस्सा है जिसमें मोदी सरकार ने हर संकट में अपने नागरिकों को प्राथमिकता दी है। इसी वर्ष ईरान-इजरायल संघर्ष तेज होने पर 18 जून को भारत ने ऑपरेशन सिंधू चलाया। युद्धग्रस्त क्षेत्रों में फंसे भारतीयों खासकर छात्रों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया तत्काल आरंभ हुई। शुरुआती चरण में लगभग 110 लोगों को सुरक्षित लौटाया गया और बाद में यह अभियान व्यापक रूप से जारी रहा। दक्षिण-पूर्व एशिया, विशेष रूप से कंबोडिया में फर्जी नौकरी एजेंटों के जाल में फंसे भारतीयों की समस्या को भी भारत ने गंभीरता से लिया। 05 दिसंबर 2024 को दूतावास सक्रिय हुआ और स्थानीय प्राधिकारियों के सहयोग से लगातार बचाव तथा प्रत्यावर्तन कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही बहुभाषी हेल्पलाइन, ई-माइग्रेट पोर्टल और सोशल मीडिया के माध्यम से एक उत्तरदायी शिकायत तंत्र तैयार किया गया है, जो दुनिया भर में किसी भी संकट में भारतीय नागरिकों के लिए तुरंत सहायता सुनिश्चित कर रहा है। साल 2023 में सूडान में युद्ध के हालात बने तो भारत ने ऑपरेशन कावेरी चलाया। 24 अप्रैल से 05 मई तक भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना के संयुक्त अभियान में लगभग 3,862 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। अंधेरे में बिना किसी प्रकाश व्यवस्था वाले हवाई पट्टी पर वायुसेना के विमानों का उतरना और नौसेना के जहाजों का युद्ध क्षेत्र से लोगों को समुद्री मार्ग से निकालना, ये सभी निर्णय इस बात के प्रमाण हैं कि भारत बड़े युद्धकालीन संकटों में ही नहीं बल्कि रोजमर्रा की चुनौतियों में भी अपने नागरिकों के लिए सुरक्षा कवच तैयार रखता है।

साल 2022 के ऑपरेशन गंगा को कौन भूल सकता है? रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच हजारों भारतीय विद्यार्थियों को सुरक्षित निकालना, युद्धक्षेत्र में विमान भेजना, यह भारत की नागरिक हित प्रतिबद्धता का अभूतपूर्व उदाहरण था। साल 2021 में तालिबान कब्जे के दौरान ऑपरेशन देवशक्ति चलाकर भारत ने अपने नागरिकों के साथ अन्य मित्र देशों के लोगों को भी सुरक्षित निकाला। कोविड-19 महामारी के दौरान चला वंदे भारत मिशन तो इतिहास का सबसे बड़ा नागरिक-उद्धार अभियान सिद्ध हुआ है, जिसमें लाखों भारतीयों को दुनिया भर से सुरक्षित वापस लाया गया।

इसी प्रकार साल 2020 और उसके बाद समुद्री डकैती और जहाज-हाइजैकिंग की घटनाओं में भारतीय नौसेना ने दुनिया के किसी भी हिस्से से भारतीय नाविकों और जहाजों को संरक्षित कर यह दिखा दिया कि वह वैश्विक समुद्री सुरक्षा में भी सबसे विश्वसनीय शक्ति है।इससे पूर्व साल 2015 में यमन से चलाया गया ऑपरेशन राहत भी हजारों लोगों की जान बचाने में सफल रहा। इसी क्रम में साल 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और साल 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक भारतीय सुरक्षा नीति की नई दिशा को दर्शाती हैं।

## उच्च शिक्षण संस्थानों में नफरत का विस्तार

भाजपा शासन में नफरत का विस्तार किस हद तक किया जा रहा है, इसका ताजा उदाहरण जम्मू-कश्मीर से आया है, जहां कटरा के श्री माता वैष्णो देवी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस में मुस्लिम छात्रों का दाखिला रद्द करने की भाजपा ने की और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस मांग को स्वीकार भी कर लिया। यह सरासर छात्रों के साथ अन्याय है और उस संविधान का भी अपमान है, जिसकी शपथ उपराज्यपाल ने पद ग्रहण करते वक्त ली थी। भाजपा की तो राजनीति ही धर्मांधता और नफ़रत की है, लेकिन क्या मनोज सिन्हा अब भी खुद को भाजपा की राजनीति से बांध कर चल रहे हैं। जबकि उनका पद उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर संविधान की मर्यादा के अनुरूप फैसले लेने की मांग करता है।

गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा की अगुवाई में पांच सदस्यीय भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार 22 नवंबर को एलजी मनोज सिन्हा से मुलाकात की और मांग की कि प्रतिनिधिमंडल ने श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के नियमों में संशोधन कर विश्वविद्यालय में केवल हिंदू छात्रों के लिए सीटें आरक्षित की जाएं। इसके साथ ही इस साल मुस्लिम छात्रों का दाखिला रद्द करने की मांग की। सुनील शर्मा का कहना है कि श्इस साल प्रवेश सूची में ज्यादातर छात्र एक ही समुदाय से हैं। यह विश्वविद्यालय एक धार्मिक संस्था है। हर श्रद्धालु अपनी भक्ति भावना से इस धार्मिक संस्था को दान देता है और चाहता है कि उसकी आस्था को बढ़ावा मिले। लेकिन बोर्ड और विश्वविद्यालय दोनों ने इस पहलू पर ध्यान नहीं दिया। हमने एलजी से साफ कहा है कि केवल वही छात्र प्रवेश पा सकें जिन्हें माता वैष्णो देवी में आस्था हो।भाजपा शासन में नफ़रत का विस्तार किस हद तक किया जा रहा है, इसका ताजा उदाहरण जम्मू-कश्मीर से आया है, जहां कटरा के श्री माता वैष्णो देवी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस में मुस्लिम छात्रों का दाखिला रद्द करने की भाजपा ने की और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस मांग को स्वीकार भी कर लिया। यह सरासर छात्रों के साथ अन्याय है और उस संविधान का भी अपमान है, जिसकी शपथ उपराज्यपाल ने पद ग्रहण करते वक्त ली थी। भाजपा की तो राजनीति ही धर्मांधता और नफ़रत की है, लेकिन क्या मनोज सिन्हा अब भी खुद को भाजपा की राजनीति से बांध कर चल रहे हैं। जबकि उनका पद उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर संविधान की मर्यादा के अनुरूप फैसले लेने की मांग करता है।गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा की अगुवाई में पांच सदस्यीय भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार 22 नवंबर को एलजी मनोज सिन्हा से मुलाकात की और मांग की कि प्रतिनिधिमंडल ने श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के नियमों में संशोधन कर विश्वविद्यालय में केवल हिंदू छात्रों के लिए सीटें आरक्षित की जाएं। इसके साथ ही इस साल मुस्लिम छात्रों का दाखिला रद्द करने की मांग की। सुनील शर्मा का कहना है कि श्इस साल प्रवेश सूची में ज्यादातर छात्र एक ही समुदाय से हैं। यह विश्वविद्यालय एक धार्मिक संस्था है। हर श्रद्धालु अपनी भक्ति भावना से इस धार्मिक संस्था को दान देता है और चाहता है कि उसकी आस्था को बढ़ावा मिले। लेकिन बोर्ड और विश्वविद्यालय दोनों ने इस पहलू पर ध्यान नहीं दिया। हमने एलजी से साफ कहा है कि केवल वही छात्र प्रवेश पा सकें जिन्हें माता वैष्णो देवी में आस्था हो। भाजपा शासन में नफ़रत का विस्तार किस हद तक किया जा रहा है, इसका ताजा उदाहरण जम्मू-कश्मीर से आया है, जहां कटरा के श्री माता वैष्णो देवी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस में मुस्लिम छात्रों का दाखिला रद्द करने की भाजपा ने की और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस मांग को स्वीकार भी कर लिया। यह सरासर छात्रों के साथ अन्याय है और उस संविधान का भी अपमान है, जिसकी शपथ उपराज्यपाल ने पद ग्रहण करते वक्त ली थी।

विचार

# आत्मनिर्भर भारत व नारी सशक्तीकरण की दिशा में एक और चरण

**- मृत्युंजय दीक्षित**




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार श्रम सुधारों की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। नयी श्रम संहिताएँ इन्हीं सुधारों का अगला चरण हैं जिनका श्रमिक संगठनों की ओर से व्यापक स्वागत किया जा रहा है। यह चार नए श्रम सुधार व्यापक और सर्वहितकारी हैं। श्रमेव जयते की भावना से कार्य करने वाली मोदी सरकार आने के बाद से श्रमिक वर्ग का सम्मान और उनके लिए सुविधाएं दोनों लगातार बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री स्वयं हर महत्वपूर्ण समारोह में श्रमिकों का सम्मान करते हैं, फिर चाहे वो अयोध्या में दिव्य- भव्य राम मंदिर का उद्घाटन हो या नए संसद भवन या फिर दिल्ली स्थित भारत मंडपम का उद्घाटन।

मोदी सरकार द्वारा लागू चार नई श्रम संहिताओं के माध्यम से श्रमिक वर्ग के लिए सामाजिक सुरक्षा, समय पर वेतन और सुरक्षित कार्यस्थल की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। यह नई संहिताएं श्रमिक वर्ग के लिए बेहतर और लाभकारी अवसरों के लिए एक सशक्त नींव बनाएंगी। श्रमिकों के लिए पहली बार वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020 व व्यावसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य और कार्य स्थितियां संहिता 2020 लागू करने की महती घोषणा की गई है। महिला कर्मचारियों के लिए पहली बार व्यापक संहिताः चार नई श्रम संहिताओं में पहली बार महिलाओं के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। भारत के श्रम इतिहास में पहली बार महिला कर्मचारियों के लिए सुरक्षा के साथ सभी क्षेत्रों में रात्रि पाली में काम की छूट तथा परिवार की परिभाषा में उन्हें अपने सास-ससुर को भी जोड़ने का अवसर दिया गया है। नई श्रम संहिता के अनुसार महिलाएं खनन सहित सभी उद्योगो में काम कर सकेंगी। इस कदम से महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे यद्यपि ऐसे कार्यों में उनकी नियुक्ति उनकी इच्छा से ही कि जाएगी। नए कानून में महिला श्रमिको को बराबरी का दर्जा दिया जा रहा है। सहमति से और अनिवार्यतः सुरक्षा के साथ वह रात की पाली में भी काम कर सकेगी।पहली बार समान काम समान वेतन सहित 26 सप्ताह का वेतन सहित मातृत्व लाभ तथा शिशु पालन संहिता के अंतर्गत घर से काम करने की सुविधा भी दी जा रही है। गिग वर्कर्स के लिए पहलः नई श्रम संहिता में गिग और प्लेटफार्म यानी रैपिडो, जोमैटो, स्विगी, ओला, उबर से जुड़े कामगारों को भी पारिभाषित किया गया है। चार श्रम संहिता में वर्तमान 29 कानून को भी समाहित कर लिया गया है।

**युवा श्रमिकों को अवकाश के दिनों का भी वेतनः नए श्रम कानूनों में पहली बार युवा श्रमिकों को अवकाश के दिनों का भी वेतन मिलेगा तथा सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी जा रही है। नियुक्त पत्र अनिवार्य करने से सामाजिक सुरक्षा रोजगार विवरण को बढ़ावा मिलेगा। नए श्रम कानूनों से अब नियोक्ता मजदूरों का शोषण नहीं कर सकेंगे। नए श्रम कानूनों में निश्चित अवधि वाले कर्मचारियों को स्थायी जैसे लाभ जिसमें सामाजिक सुरक्षा कवर, चिकित्सा सवेतन अवकाश सहित समस्त लाभ मिलेंगे। इलेक्ट्रानिक मीडिया, डिजिटल कामगारों को भी इन कानूनों का लाभ मिलेगा। नई श्रम संहिताएं 45 दिनों के अंदर ही लागू हो जाएंगी।**

युवा श्रमिकों को अवकाश के दिनों का भी वेतनः नए श्रम कानूनों में पहली बार युवा श्रमिकों को अवकाश के दिनों का भी वेतन मिलेगा तथा सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी जा रही है। नियुक्त पत्र अनिवार्य करने से सामाजिक सुरक्षा रोजगार विवरण को बढ़ावा मिलेगा। नए श्रम कानूनों से अब नियोक्ता मजदूरों का शोषण नहीं कर सकेंगे। नए श्रम कानूनों में निश्चित अवधि वाले कर्मचारियों को स्थायी जैसे लाभ जिसमें सामाजिक सुरक्षा कवर, चिकित्सा सवेतन अवकाश सहित समस्त लाभ मिलेंगे। इलेक्ट्रानिक मीडिया, डिजिटल कामगारों को भी इन कानूनों का लाभ मिलेगा। नई श्रम संहिताएं 45 दिनों के अंदर ही लागू हो जाएंगी।

नयी श्रम संहिता, श्रम कानूनों के इतिहास का सबसे बड़ा सुधार होने के साथ साथ बदलती श्रम आवश्यकता को भी संबोधित करती है। श्रमिकों को न्यूनतम वेतन, समाजिक सुरक्षा, महिला श्रमिकों के लिए समान अवसर और गिग व संगठित कामगारों के लिए कानूनी पहचान सुनिश्चित करने वाली ये चारों संहिताएं उनके जीवन स्तर में सुधार लाएंगी। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विशेषज्ञों का मत है कि यह कानून साल 2047 तक विकसित भारत के नए लक्ष्य को गति प्रदान करेंगे। श्रम सुधारों का उद्योग जगत ने व्यापक स्वागत किया है। इन सुधारों से श्रमिकों की दशा बदलेगी और उनके जीवन में भी व्यापक बदलाव आएगा। महिलाओं को रात की पाली मे काम करने की अनुमति मिलना सरकार का कानून व्यवस्था पर आत्मविश्वास दर्शाता है। नए सुधारों से अब औद्योगिक क्षेत्रों के साथ ही लघु उद्योगों में भी वृद्धि होगी। नए श्रम कानूनों के कारण अब पुराने के साथ ही नए उद्योगों का भी विकास होगा। नई श्रम संहिताएं श्रमिकों के जीवन में नया सूर्योदय लेकर आने वाली हैं।



## राशिफल

**मेषः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**बृषभः-** शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव। परिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुनः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी।

**कर्कः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है।

**सिंहः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें।

**कन्याः-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय की अपेक्षित है।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः-** सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**कुंभः-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा।

**मीनः-** पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# वैश्विक चुनौतियां और संयुक्त परिवार की अनिवार्यता

**प्रहलाद सबनानी**

भारत वर्तमान समय में विश्व की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी स्थान प्राप्त कर रहा है। इस प्रगति के साथ-साथ कुछ वैश्विक शक्तियाँ ऐसी भी हैं जिन्हें भारत की यह उन्नति स्वीकार्य नहीं है। परिणामस्वरूप भारतीय समाज, संस्कृति और पारिवारिक संरचना को कमजोर करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के भ्रामक विमर्श निर्मित किए जा रहे हैं। इन विमर्शों के पीछे कई ऐसी शक्तियाँ सक्रिय प्रतीत होती हैं जो भौतिकवाद, उपभोक्तावाद तथा सांस्कृतिक विच्छेदन की प्रवृत्तियों को बढ़ावा देकर भारत के पारंपरिक सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित करना चाहती हैं।

लेखन में उल्लिखित दृष्टिकोण के अनुसार कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद और वैश्विक बाजार शक्तियाँ, भले ही अन्य देशों में एक-दूसरे के विरोध में हों, भारत के संदर्भ में एक साझा स्वर अपनाए हुए दिखाई देती हैं, जिनका उद्देश्य भारत की सामाजिक स्थिरता और सांस्कृतिक मजबूती को कमजोर करना है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के विरोध में अनेक झूठे विमर्शों का निर्माण और प्रसार तीव्र हुआ है। विज्ञापन, मीडिया, मनोरंजन उद्योग तथा डिजिटल प्लेटफ़ॉर्मों के माध्यम से इन विचारों को इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है कि वे सामान्य जनमानस को प्रभावित कर सकें।

**वैश्विक स्तर पर यह धारणा लंबे समय से रही है कि भारत आध्यात्मिकता, संतुलित जीवन-दर्शन तथा आत्मानुशासन का देश है, परन्तु नए विमर्श इन धारणाओं को खंडित करने तथा भारतीय जीवन-शैली को हीन या पिछड़ा सिद्ध करने का प्रयास करते हैं। भारत की तीव्र आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रभावशीलता कुछ राष्ट्रों और बाजार शक्तियों के लिए चुनौती बनकर उभरी है, जिसके कारण भारतीय समाज में भ्रम, असंतोष और विभाजन उत्पन्न करने का संगठित प्रयास दिखाई देता है। भारतीय दर्शन पुनर्जन्म, कर्म, संयम और समष्टि कल्याण के सिद्धांतों पर आधारित है, जिसके कारण भारतीय जीवन-शैली में अतिभोग को स्थान नहीं दिया गया। इसके विपरीत पश्चिमी विचारधारा उपभोक्तावाद को प्राथमिकता देती है।**

वैश्विक स्तर पर यह धारणा लंबे समय से रही है कि भारत आध्यात्मिकता, संतुलित जीवन-दर्शन तथा आत्मानुशासन का देश है, परन्तु नए विमर्श इन धारणाओं को खंडित करने तथा भारतीय जीवन-शैली को हीन या पिछड़ा सिद्ध करने का प्रयास करते हैं। भारत की तीव्र आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रभावशीलता कुछ राष्ट्रों और बाजार शक्तियों के लिए चुनौती बनकर उभरी है, जिसके कारण भारतीय समाज में भ्रम, असंतोष और विभाजन उत्पन्न करने का संगठित प्रयास दिखाई देता है। भारतीय दर्शन पुनर्जन्म, कर्म, संयम और समष्टि कल्याण के सिद्धांतों पर आधारित है, जिसके कारण भारतीय जीवन-शैली में अतिभोग को स्थान नहीं दिया गया। इसके विपरीत पश्चिमी विचारधारा उपभोक्तावाद को प्राथमिकता देती है और व्यक्ति को वर्तमान जीवन में अधिकतम उपभोग करने के लिए प्रेरित करती है, क्योंकि इस्लाम और ईसाईयत में पुनर्जन्म की अवधारणा को स्वीकार नहीं किया गया है। इस मानसिकता के चलते वैश्विक बाजार शक्तियाँ भारत में भी उपभोक्तावादी जीवन-दृष्टि को स्थापित करना चाहती हैं। विशेष रूप से त्यौहारों, जैसे दीपावली, होली, रक्षाबंधन के समय यह प्रवृत्ति अधिक स्पष्ट दिखाई देती है। भारतीय व्यंजनों और परम्परागत खाद्य पदार्थों को अस्वास्थ्यकर बताना, चॉकलेट एवं पैकेज्ड मिठाइयों को 'अधिक सुरक्षित' सिद्ध करना, या फिर भारतीय पर्वों को पर्यावरण-विरोधी बताना, ये सभी इसी व्यापक विमर्श-निर्माण का भाग हैं जिनका लक्ष्य भारतीय सांस्कृतिक आत्मविश्वास को कमजोर करना है।

इसी प्रकार से भारतीय पारिवारिक संरचना, विशेषकर संयुक्त परिवार प्रणाली, पर भी संगठित आक्रमण देखा जा सकता है। भारत में कुटुंब को केवल सामाजिक इकाई न मानकर एक दार्शनिक संस्था माना गया है, जिसके माध्यम से व्यक्ति संस्कार, नैतिकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सामूहिक चेतना का अभ्यस्त बनता है। संयुक्त परिवार भारत की सामाजिक स्थिरता का एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ है, जबकि पश्चिमी समाज में यह संस्था लगभग समाप्त हो चुकी है।

विकसित देशों में युवक-युवतियाँ वयस्क होते ही अलग रहने लगते हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रत्येक परिवार के लिए अलग-अलग आवास, वाहन, विद्युत उपकरण और उपभोग की वस्तुओं की आवश्यकता पड़ती है। इस व्यवस्था से निरन्तर बढ़ती माँग के कारण बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। इसी तर्क के आधार पर ये कंपनियाँ भारत में भी परिवार-विच्छेद को प्रोत्साहित करने वाली सामग्री का निर्माण और प्रसार करती हैं। टीवी सीरियलों, वेब-श्रृंखलाओं और डिजिटल कंटेंट के माध्यम से संयुक्त परिवारों को कलह का केंद्र, परस्पर ईर्ष्या और संघर्ष का स्थान दिखाया जाता है। सास-बहू विवाद, भाई-बहन प्रतिस्पर्धा तथा पारिवारिक विघटन के प्रसंगों को मनोरंजन के नाम पर इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है कि भारतीय दर्शक संयुक्त परिवार को अव्यवस्थित और अनुपयोगी समझने लगें। इस प्रक्रिया का सीधा संबंध उपभोक्तावादी शक्तियों से जुड़ा है, जो भारत में भी पश्चिमी पैटर्न की पारिवारिक संरचना स्थापित करना चाहती हैं ताकि बाजार विस्तार में वृद्धि हो सके।

वास्तविकता यह है कि पश्चिमी देशों का जीवन-दर्शन भौतिकवाद पर आधारित है, जहाँ आर्थिक उन्नति ही जीवन का मुख्य लक्ष्य बन जाती है। चेतना, सामाजिक दायित्व और आध्यात्मिकता को वहाँ गौण स्थान दिया जाता है। इसके विपरीत भारतीय समाज अभी भी समष्टि कल्याण, कर्तव्य-बोध और पारिवारिक एकता जैसे मूल्यों को अपने जीवन का आधार मानता है। इसीलिए भारतीय संस्कृति आज भी वैश्विक मंच पर विशिष्ट पहचान बनाए हुए है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### उच्च प्रा.वि. में वन स्टाप सेन्टर ने बालक-बालिकाओं को बाल विवाह, गुड टच हब फार इम्पावरमेंट की जानकारी दी



**कुरारा, हमीरपुर।** ब्लॉक कुरारा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन वन स्टॉप सेंटर वा हब फॉर इम्पावरमेंट के द्वारा किया गया, जिसमें बालक बालिकाओं को बाल अधिकार एवं बाल विवाह गुड टच बैड टच की जानकारी दी गई, वन स्टॉप सेंटर से तबस्सुम परवीन (केस वर्कर) द्वारा समस्त टॉल फ्री नंबरों 112, 1098, 1090, 181, 1076 की जानकारी दी गई, वही दूसरी ओर HEW से आकिफ़ अहमद (जे एस) द्वारा महिला कल्याण विभाग की ओर से चलने वाली समस्त योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पॉन्सरशिप, निराश्रित महिला पेंशन की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

### दिव्यांग बच्चों की क्रीड़ा प्रतियोगिता ब्लाक संसाधन केंद्र में संपन्न



**मौदहा, हमीरपुर।** ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग बच्चों की क्रीड़ा प्रतियोगिता ब्लॉक संसाधन केंद्र मौदहा में सम्पन्न हुई ।सबसे पहले खंड शिक्षा अधिकारी मौदहा द्वारा सरस्वती प्रतिमा में फूल माला अर्पित कर शुभ आरंभ किया प्रतियोगिता में मौदहा और मुस्करा ब्लॉक के दिव्यांग छात्र और छात्राओं ने प्रतिभाग किया समस्त स्पेशल एजुकेटर द्वारा कुर्सी दौड़ रस्सा कसी दौड़ गणित दौड़ और सुलेख प्रतियोगिता कराई गई इस प्रतियोगिता में मौदहा और मुस्करा के लगभग 50 दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। दौड़ प्रतियोगिता में इमरान, अनुभव प्रथम पीयूष, दीपक द्वितीय और रवि व अर्चना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ बालक वर्ग में अंश सिलौली प्रथम व बालिका वर्ग में दिव्यांशी मुटनी प्रथम और राधा अरतरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया खंड शिक्षा अधिकारी मौदहा ने प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया और इनके अलावा सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मौदहा सुशील कमल , मयंक कुमार अजीत सचान मनोज तिवारी हरिराम अरविंद कुमार छत्रपाल त्रिपाठी, रामकृष्ण त्रिपाठी, शाहिद सईद सिद्दीकी व शिवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चरणों पर पुष्प अर्पित कर संविधान दिवस मनाया

**मौदहा, हमीरपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चरणों में पुष्प अर्पण करते हुए उनको याद कर संविधान दिवस मनाया गया।कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेक चंद यूथ कांग्रेस ने कहा कि बाबा साहब का लिखा हुआ संविधान अमर है गीता कुरान बाइबल केवल धर्म के बारे में जानकारी देती लेकिन संविधान पूरे देश के नागरिकों को चलाने के निर्देश देता है इस अवसर पर सफकतुल्लाह राजू, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ने कहा भारतीय संविधान से देश की एकता अखंडता को मजबूत तब तक बनाए रखा जा सकता है जब तक संविधान जिंदा है इस अवसर पर वरुण राज जिला अध्यक्ष अंश कुमार छोटू कबीर खान निहाल खान पंकज कुमार ऋषिराज मोनू सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किसानों ने जिलाधिकारी से ज्वार तौल कराने की व्यवस्था कराये जाने की मांग की



**कुरारा, हमीरपुर।** स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति में क्षेत्र के किसानों की ज्वार सरकारी दर पर खरीद के लिए स्थापित किया गया है।लेकिन एक सप्ताह से केंद्र प्रभारी के नदारत रहने से किसान परेशान है तथा कम रेट पर व्यापारियों को अपनी ज्वार बिक्री करने को मजबूर हो रहा है।स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति में सरकारी दर पर किसानों की ज्वार खरीद करने के लिए केंद्र की स्थापना की गई है इसका संचालन एक अक्टूबर से शुरू होकर इकतीस दिसंबर तक खरीद करने का प्रावधान है। लेकिन एक सप्ताह से केंद्र प्रभारी के नदारत रहने से किसान परेशान है। उनकी ज्वार की तौल भी नहीं हो पा रही है। अभी तक पंद्रह सौ कुंतल ज्वार की खरीद हो चुकी है तथा दो ट्रक ज्वार की डिलीवरी जा चुकी है। क्षेत्र के किसान गणेश तिवारी, अरुण सिंह, राम बाबू आदि किसानों ने बताया कि एक सप्ताह से केंद्र बंद रहने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र के बाहर किसान अपनी ज्वार बिक्री के लिए ट्रैक्टर की ट्राली खड़ी किए हुए है। लेकिन एक सप्ताह से केंद्र प्रभारी अपर्णा अवस्थी के नदारत रहने से किसान परेशान घूम रहे है। क्षेत्र के किसानो ने जिलाधिकारी से केंद्र में ज्वार तौल कराए जाने की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

### शत-प्रतिशत एसआईआर गणना प्रपत्र भरकर डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण



**महोबा।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अन्तर्गत विधानसभा 230-महोबा में कुल मतदेय स्थल 332 के अन्तर्गत 328896 मतदाताओं का गणना प्रपत्र भरकर डिजिटाइज किये जाने का कार्य बूथ लेबल ऑफिसर द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा है। इस कार्य में लगाये गये 332 बूथ लेबल आफिसर में से भाग संख्या 13 प्राथमिक विद्यालय दुडैयां की बूथ लेबल ऑफिसर रामकुमारी आंगनबाडी कार्यकत्री द्वारा विधानसभा 230-महोबा में भाग संख्या 13 में स्थित कुल मतदाता 467 का शत प्रतिशत गणना प्रपत्र भरकर डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण किया। विधानसभा 230 महोबा में अपने भाग संख्या 13 का शतप्रतिशत एसआईआर-2026 का कार्य पूर्ण कर प्रथम स्थान पाने पर इन्हे प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर उपजिलाधिकारी महोबा/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 230-महोबा द्वारा सम्मानित किया गया।

### इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल में मीना स्कूल से 10 बच्चों का चयन



**कुलपहाड़/महोबा।** पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में 6 दिसम्बर से 9 दिसम्बर तक आयोजित ग्यारवें इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल में नगर के मीना स्कूल से 10 बच्चों का चयन होने पर स्टाफ में खुशी देखी जा रही है। बताया जाता है कि पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में आयोजित इस समारोह में न्यू नालंदा थीम पर चयनित सभी बच्चे विज्ञान से समृद्धि आत्मनिर्भर भारत के लिए पेपर एवं पोस्टर का प्रजेंटेशन देंगे। देश के इस सबसे बड़े प्रतिष्ठान विज्ञान महोत्सव में उत्तर प्रदेश कोटे से मीना पब्लिक स्कूल का चयन गर्व की बात है कि ऐसे समारोह में प्रतिभाग करने का मौका मिला है। बता दें कि पूर्व में भी नगर के मीना पब्लिक स्कूल के बच्चे लखनऊ, कोलकाता, भोपाल एवं गुहाटी में इसी तरह का प्रेजेंटेशन दे चुके हैं। इस कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग सेशन में बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी दी जाती है। इस विद्यालय से मान्य पाठक, दिव्या चौरसिया, प्रिंसी, अंशिका ढगेले, नव्या पाल, दिव्यांशी प्रजापति, देवांश यादव, शैरिफ अली एवं जिगर व्यास आदि बच्चों का चयन हुआ है, जिन्हें विद्यालय के स्टाफ द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### किसानों को मिले एमएसपी पर गारंटी कानून का लाभ



**महोबा।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए कानून बनाने, ऋण माफी, श्रम संहिता, बिजली बिल को माफ करने की मांग सहित सहकारिता को निरस्त करने की मांग उठाई। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा गया। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामखिलावन शुक्ला के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना दिया। बाद में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक सुखबीर सिंह को सौंपा। पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से किसानों की मांगों को उठाया जा रहा है। बार-बार आश्वासन मिलने के बाद भी मांगों के निस्तारण की सुध नहीं ली जा रही है। किसान आंदोलन की 5 वीं वर्षगांठ पर धरना प्रदर्शन किया गया है। एसकेएम को दिए गए लिखित आश्वासन का अब तक पालन नहीं किया गया। किसान बदहाली से पलायन को मजबूर हो रहा है। फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की किसानों को गारंटी मिलनी चाहिए। किसानों को बिजली बिल में माफी दी जाए। किसानों और मजदूरों के लिए ऋण योजना लागू हो जिससे मजदूर रोजगार से जुड़ सकें। मनरेगा में बजट बढ़ाकर 200दिन का काम तथा 700 रुपये प्रतिदिन मजदूरी की जाए। डीएपी की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए किसानों को समय से खाद बिजली और पानी की व्यवस्था हो। इस मौके पर बृजेंद्र सिंह सोनकिया, इशहाक खां, मुहम्मद कमर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिला न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल जज (सीडि), वन्दना अग्रवाल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महेंद्र कुमार पाण्डेय, जिला कारागार, जेल अधीक्षक, मंजीव, जेलर, आनंद, डिप्टी जेलर, देवेन्द्र कुमार दुबे, व शिखर उपस्थित रहे। जेल लोक अदालत में कुल 8 मामलें प्रस्तुत हुये। जिसमें से 7 मामलों का निस्तारण कर दिया। एक बंदी के विरुद्ध कई मामलों में प्रकरण लंबित होने के कारण निस्तारण नहीं किया जा सका उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, के निर्देशों के अनुपालन में प्रत्येक माह के चौथे बुधवार को आयोजित की जाती है। इस अवसर बन्दी अपने लघु प्रकृति के मामलों का शीघ्र निस्तारण स्वेच्छया जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर करा सकते है। इसके अलावा कैदियों से मिलकर उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी की गयी तथा उक्त समस्याओं के निवारण हेतु जेल अधीक्षक, व जेलर को आवश्यक निर्देश दिये गये। सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा कैदियों को यह भी बताया कि वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मुक्त कानूनी सहायता कैसे प्राप्त कर सकते है। सचिव द्वारा बंदियों को बताया कि जिन बंदियों के पास उनकी पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं है, वह जेल अधीक्षक के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र निःशुल्क अधिवक्ता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रार्थनापत्र प्रेषित कर सकता है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर द्वारा बताया गया कि जिला कारागार का निरीक्षण समय-समय पर किया जायेगा।

## पीएम सूर्य बिजली योजना की हुई समीक्षा बैठक

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक आहुत की गई जिसमें वैण्डर कल्प इन्टरप्राजेज के अभिषेख दिक्षित द्वारा शिकायत करने पर जिलाधिकारी ने बैंक मेनेजरों को चार दिवस में विद्युत उपभोक्ताओ को ऋण स्वीकृत करने के निर्देश दिये तथा परियोजना अधिकारी यूपीनेडा को निर्देश दिये कि जो बैंक समय से ऋण स्वीकृत न करें। तो मुझे अवगत कराये हवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विद्युत विभाग के उप खण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि तीन दिवस में नाम परिवर्तन एंव भार परिवर्तत करने की हिदायत दी। तथा अधिशाषी अभियन्ता परीक्षण को निर्देशित किया कि अधिकतम तीन दिन में मीटर स्थापना एंव सोलर कन्सीडर कराने को कहा गया। बैठक में आरबी ओझा परियोजना प्रभारी, जनपदीय बैंक मैनेजर एंव एल.डी.एम., विद्युत विभाग से अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण एंव अधिशाषी अभियन्ता परीक्षण, उपखण्ड अधिकारी एंव जनपद के समस्त पजीकृत वैण्डरों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## संविधान दिवस पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन



**कुरारा, हमीरपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर 16 दिवसीय अभियान के तहत समर्थ इंडिया द्वारा सहयोग संस्था के साथ मिलकर ग्राम शंकरपुर में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं, युवतियां और स्कूल छात्राओं को संविधान की उद्देशिका, संविधान में महिलाओं,लड़कियों के प्रदत्त अधिकार और कर्तव्यों पर चर्चा करते हुए डिजिटल हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान तरंग लीडर ओमशांति, दिशा शुक्ला, मोहिनी, खुशबू, नम्रता, रागिनी द्वारा संविधान गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आशा कार्यकर्ता शकुंतला और आंगनबाड़ी कार्यकत्री शकुंतला द्वारा डिजिटल हिंसा पर आयोजित कैलेंडर का विमोचन किया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के तहत संविधान के बारे में सवाल जवाब किए । इस दौरान बताया गया कि संविधान बनाने वालों 15 महिलाए भी शामिल है। महिला और लड़कियों को संविधान में अनेक अधिकार दिए गए दिए गए । इस दौरान प्रमुख रूप से कौशल्या, पिंकी, क्रांति, रेखा, प्रभा, प्रमुख रूप उपस्थित रही।

## हजारों लोगों ने कुसमुरा गांव पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र के कुसमरा गांव में जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में शहीद होने पर पार्थिव शरीर घर आने पर हजारों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की तथा राजकीय सम्मान के साथ गांव में अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। छोटे भाई ने मुखाग्नि दी। क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी गोविंद यादव ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे मंगलवार को एंबुलेंस से उनका पार्थिव शरीर घर आया था। तथा सेना के जवानों द्वारा रात में ही सलामी दी गई थी। तथा वापस चले गए थे। बुधवार को सुबह परिजनों ने शहीद का अंतिम संस्कार अपने खेत में किया। छोटे भाई भूपेंद्र यादव ने शहीद को मुखाग्नि दी। शोक के माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया तथा जिस एंबुलेंस से शव जम्मू कश्मीर से गांव आया था। वह रात में रुककर सुबह अंतिम संस्कार होने के बाद ताबूत लेकर वापस लौट गई। भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने गांव जाकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। तथा ग्रामीणों की मांग पर शहीद स्मृति द्वार व शहीद पार्क व शहादत ग्राम घोषित कराए जाने के लिए प्रयास करने का आश्वाशन दिया। हमीरपुर महोबा सांसद अजेंद्र सिंह ने गांव जाकर परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त की।अंतिम संस्कार के समय ग्रामीण व रिश्तेदार भारी संख्या में मौजूद रहे।

### शहीद जवान को यादव महासभा ने दी श्रद्धांजलि

**भरुआ सुमेरपुर।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में डियूटी के दौरान गोली लगने से मरे सेना के नायक गोविंद सिंह को यादव महासभा ने उसके पैतृक घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करके जवान के परिजनों को ढांढस बंधाया। महासभा के जिला मीडिया प्रभारी नंदकिशोर यादव ने बताया कि विकासखंड क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी गोविंद सिंह सेना में नायक पद पर जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में तैनात था। गलत 23 नवंबर को ड्यूटी के दौरान गोली लगने से उसकी मौत हो गई थी। 25 नवंबर को सेना के वाहन से देर शाम शव को गांव लाया गया सूर्यास्त हो जाने के कारण मंगलवार को जवान का अंतिम संस्कार नहीं किया गया। बुधवार को जवान का गांव में ही अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान अखिल भारतीय वर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष सुघर सिंह यादव, राजकिशोर यादव, महासचिव रमाशंकर यादव, बदलू फौजी, अनार सिंह आदि शामिल रहे और जवान को श्रद्धांजलि देकर परिजनों को ढांढस बधाते हुए सांत्वना प्रदान की।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कुरारा, हमीरपुर।** अज्ञात कारणों के चलते सूने घर मे एक 20 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना क्षेत्र के ग्राम पारा में मंगलवार शाम करीब 5 बजे के बाद सुने घर मे आरती पुत्री रामभरोसे उम्र करीब 20 वर्ष ने कच्चे मकान में साड़ी के सहारे छप्पर की धन्नी में साड़ी बांध फंदा लगा लिया। पड़ोसियों ने बताया कि पिता रामभरोसे बाहर कही गए है। वही माँ खेतो में थी तभी सुने घर मे युवती ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। ग्राम प्रधान संतोष कुमार ने बताया कि मृतक तीन बहने थी जिसमे दोनों बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है वही मृतका के दो बड़े भाई भी है जो कि शादी के बाद अपने परिवार सहित अलग रहते। मृतका की शादी भी सहुरापुर गांव में तय हो गई थी। जल्द ही उसकी भी शादी होनी थी। वही पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को मर्चरी में रखवाया है। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम होगा।

## श्रीगायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन निकली कलश यात्रा

- कथा व्यास ने बताया कलश स्थापना का आध्यात्मिक महत्व

**भरुआ, सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



श्रीगायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा की शुरुआत श्रीगायत्री विद्या मंदिर इंटर कालेज से हुई। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महिलाएं सिर में कलश रख कर शोभायात्रा में आगे बढ़ी। सिर पर कलश धारण किए महिलाओं, युवा वर्ग और श्रद्धालुओं की लंबी कतारें माहौल भक्तिमय हो गया। रास्ते भर जगह-जगह यात्रा का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। वहीं बैंड-बाजे और आकर्षक झांकियों ने यात्रा की भव्यता को और बढ़ा दिया कथा स्थल पर पहुंचने के बाद कथा व्यास पंडित दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने विधि-विधान से कलश स्थापना कर पूजन संपन्न कराया। उन्होंने पुराणों में वर्णित कलश स्थापना के महत्व को विस्तार से बताते हुए कहा कि कलश दिव्य ऊर्जा, शांति और समृद्धि का प्रतीक है। जल, पंचतत्वों और देव शक्तियों का प्रतिनिधित्व करने वाले कलश की स्थापना से वातावरण शुद्ध होता है तथा घर-परिवार में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में कलश केवल एक पात्र नहीं बल्कि श्रद्धा, विश्वास और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र माना गया है। इस मौके पर कथा परीक्षित कैलाश सोनी,रानी देवी,नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, राजकुमार सोनी सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे। उधर यज्ञवेदी में तीसरे दिन भी गायत्री महामंत्र का जाप जारी रहा। 24 लाख मंत्र जाप के उपरांत के पूर्णाहुति के यज्ञ का समापन होगा। यज्ञवेदी में आचार्य माधवानारायण शास्त्री एवं यज्ञ के ब्रह्मा पंडित बलदेव प्रसाद शास्त्री, सह आचार्य उमादत शुक्ला के निर्देशन में कर्मकांडी ब्राह्मण मंत्र जाप में लगे हुए हैं। साथ ही मेला मैदान में महिलाएं घर गृहस्थी सामान खरीदने के साथ झूला आदि का आनंद ले रहे हैं महायज्ञ के आयोजकों ने बताया कि पूरे सप्ताह चलने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन भजन, कथा और यज्ञ की विशेष श्रृंखलाएं आयोजित होंगी।

## अर्द्धनग्न किसानों ने प्रदर्शन कर सीएम योगी को भेजे खून से लिखे खत



- फसल बीमा घोटाले के आरोपियों की गिरफ्तारी और मामले की जांच सीबीआई-एसआईटी से कराने की उठाई मांग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में हुए कथित घोटाले में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने से परेशान किसानों के सब्र का बांध प्रदर्शन के सौवें दिन आख़िरकार जबाव दे ही गया। आरोपियों की गिरफ्तारी और मामले की जाँच सीबीआई-एसआईटी से कराने की माँग को लेकर आज किसानों ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित अपने खून से लिखे खत भेजकर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। तीन माह से ज्यादा का समय बीतने के बाद भी जय जवान जय किसान एसोसिएशन के बैनर तले किसान तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन प्रशासन द्वारा महज खाना पूर्ति कर कुछ गिरफ्तारियां की गई हैं जबकि किसानों का आरोप है कि अभी तक मुख्य आरोपियो के खिलाफ प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, किसानों ने मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी तक प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान किया है। फ़सल बीमा योजना में घोटाले की भनक लगने के बाद जय जवान जय किसान एसोसिएशन के बैनर तले किसानों का जोरदार प्रदर्शन शुरू हुआ जिसके बाद सक्रिय हुए प्रशासन की सख्ती के बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए जनपद के अलग-अलग थानों में पांच मुकदमे दर्ज कर अब तक 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। फिलहाल मामले की जांच चल रही है। प्रदर्शन कर रहे किसानों का साफ तौर पर कहना है कि जब तक मुख्य घोटालेबाजों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती है तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन के सौवें दिन आज किसानों ने सदर तहसील परिसर में अर्धनग्न होकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा के भ्रष्टाचार में सबसे पहले जिला उप कृषि निदेशक द्वारा बीमा कम्पनी इफ्को टोकियो इंश्योरेंस के जिला प्रबंधक निखिल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। जिले भर में अब तक 5 मुकदमे दर्ज किए गए हैं जिसमें 26 आरोपियों को नामजद किया गया था, जिनमें 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इस दौरान मनोहर सिंह, निर्भाल सिंह, चन्द्रभूषण राजपूत, गुलाब सिंह सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## कायाकल्प टीम ने किया जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण

- मरीजों से बात कर लिया फीडबैक
- जांच के बाद शासन को रिपोर्ट भेजेगी टीम

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



शासन से आई दो सदस्यीय कायाकल्प टीम ने महिला जिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत को परखा। टीम जांच रिपोर्ट शासन को भेजती है। मरीजों से भी बात कर स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया गया। बुधवार को महिला जिला अस्पताल में कायाकल्प की टीम पहुंची। डॉ ज्ञानेंद्र पांडे के नेतृत्व में पहुंची टीम ने वार्ड, स्टोर, लेबर रूम, का निरीक्षण किया। गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण आदि की भी जानकारी हासिल की। अस्पताल में सुरक्षा मानक सहित आग से बचाव के इंतजाम को देखा। सीएमएस डॉ आर के चौरिहा से स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बात की। अस्पताल में सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने के निर्देश दिए। प्रसूताओं को दिए जाने वाले भोजन के बारे में जानकारी कर मैन्यू के अनुसार भोजन देने पर जोर दिया। टीम में डॉ भूपेंद्र भी मौजूद रहे। इस मौके पर डॉ अतुल राजपूत, डॉ दिवाकर, फर्मासिस्ट संतोष कुशवाहा, सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### संयुक्त निदेशक के निरीक्षण के दौरान यूनीफार्म में नहीं मिले कर्मचारी

**महोबा।** संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य चित्रकूट धाम मण्डल बाँदा डॉ अभय प्रताप सिंह ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कर्मचारियों के ड्रेस में न मिलने पर नाराजगी जाहिर की। सफाई व्यवस्था को भी बेहतर करने के निर्देश दिए। बुधवार को चित्रकूट धाम मंडल के संयुक्त निदेशक डॉ अभय प्रताप सिंह ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्डो में हीटर न मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए हीटर लगवाने के निर्देश दिए। कहा कि डॉक्टर बाहर की दवाएं न लिखें। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलना चाहिए। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर है। सीएमएस डॉ सुरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। संयुक्त निदेशक ने इमरजेंसी वार्ड का भी निरीक्षण किया जहां कर्मचारी बिना ड्रेस के कार्य करते मिले।

# दो दिवसीय किसान मेले का जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जनपद में संचालित गुणवत्तायुक्त पान उत्पादन को प्रोत्साहन योजना वर्ष 2025-26 अन्तर्गत राजकीय बहुउद्देशीय औद्यानिक इकाई छतरपुर रोड में दो दिवसीय किसान मेला/गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान मेला का शुभारम्भ जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा फीता काटकर व माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण कर किया गया। किसान मेला में जनपद में पान की खेती करने वाले कृषकों को सम्बोधित करते हुये पान की खेती में आ रही समस्याओं व दिनों-दिन जनपद की पहचान प्रमुख फसल देशावरी पान के घटते क्षेत्रफल के विषय में चर्चा की गयी। जिस पर किसान मेला में उपस्थित पान कृषकों द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पान की खेती सुरक्षा व दैवीय आपदाओं में सुरक्षा की दृष्टि से कृषकों द्वारा संगठित रुप से की जाती है। ऐसे में किसानों द्वारा अन्य भू-स्वामियों की भूमि पर पान की खेती की जा रही है परन्तु उद्यान विभाग द्वारा पान विकास हेतु संचालित योजना की पात्रता श्रेणी में कृषक की स्वयं की भूमि या रजिस्टर्ड लीज प्रमाण पत्र पर ही अनुदान देय है। साथ ही पान बरेजा तक विद्युत व्यवस्था, रास्ता आदि न होने से पान फसल का क्षेत्रफल घटता जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में पान की फसल को संरक्षित करने व पान कृषकों को पान फसल में आ रही समस्याओं के चिन्हांकन हेतु मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी महोबा, जिला उद्यान अधिकारी व जिला कृषि अधिकारी की संयुक्त समिति का गठन किया गया है, जो पान किसानों को पान की खेती में आ रही समस्याओं का चिन्हांकन करते हुये अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर पान कृषकों की समस्याओं को शासन तक पहुंचाकर यथावश्यक सम्भव प्रयास किये जायेंगे।

किसान मेला में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद के कृषकों को बागवानी क्षेत्र की ओर उन्मुख करने हेतु प्रेरित किया गया। सिट्रस विशेषज्ञ औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, बरुआसागर से आये कीट वैज्ञानी डॉ निर्वेश सिंह द्वारा बागवानी व कृषि फसलों में लगने वाले कीट की पहचान कर कीट नियंत्रण की विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ रामसेवक चौरसिया पूर्व वैज्ञानिक द्वारा पान फसल की तैयारी से लेकर बिक्री तक की विस्तृत जानकारी दी गई एवं पान कीट नियंत्रण के बारे में बताया गया। उपनिदेशक भूमि संरक्षण द्वारा जैविक कृषि अपनाते हुये मोटे अनाज की विशेषता बताते हुये कृषि विभाग द्वारा संचालित योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। किसान मेला के आयोजनकर्ता सुरेश कुमार जिला उद्यान अधिकारी द्वारा पान कृषि के विकास हेतु संचालित योजना की विस्तृत जानकारी देते हुये कृषकों को आश्वासन दिया गया कि पान कृषकों को पान की खेती में आने वाली समस्याओं का चिन्हांकन करते हुये किसानों की मदद के हर सम्भव प्रयास किये जायेंगे। साथ ही जिला उद्यान अधिकारी द्वारा सूक्ष्म खाद्य उद्योगों के उन्नयन हेतु उद्यान विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की जानकारी देते हुये बताया गया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना व उन्नयन पर अधिकतम इकाई लागत रु.-35.00 लाख की सीमा तक उद्यान विभाग द्वारा बैंक लिंक्ड सब्सिडी के रुप में 35 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। जनपद में पान की खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों को जिलाधिकारी द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ हरीप्रकाश नामदेव द्वारा किया गया। इस दौरान भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, देवीधरन कुशवाहा-उद्यान निरीक्षक, अमिता सिंह-सहायक उद्यान निरीक्षक सहित जनपद के सैकड़ों कृषकों ने प्रतिभाग किया।

# संविधान हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा देता: एसपी

- संविधान दिवस पर पुलिसकर्मियों को दिलायी शपथ
- थाना मऊदरवाजा व राजेपुर में भी दिलायी गयी शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ स्थित पुलिस लाइन में संविधान दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को संविधान की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के साथ-साथ सबसे बड़ा संविधान भी रखता है। संविधान हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा देता है। सभी को संपूर्ण प्रभुत्वसंपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया।

थाना मऊदरवाजा में थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में संविधान दिवस मनाया गया। उन्होंने उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को संविधान दिवस पर शपथ दिलाई और संविधान के विषय में विस्तृत जानकारी दी। थाना परिसर में सभी पुलिसकर्मियों को संविधान में लिखित समस्त अनुच्छेदों का निष्ठापूर्वक पालन करने और कराने की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह के साथ एसएसआई वीरेंद्र सिंह, बीबीगंज चौकी इंचार्ज नितिन कुमार, बजरिया चौकी इंचार्ज लक्ष्मण सिंह, एसआई पंकज कुमार, एसआई अजय कुमार, कांस्टेबिल सौरव चौधरी, कांस्टेबिल सुभाष पांडेय, कांस्टेबिल विनीत चौधरी, महिला कांस्टेबिल मोनिका तिवारी, सोनी और विमलेश सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। संविधान दिवस पर राजेपुर थाना परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने पुलिसकर्मियों को भारत के संविधान की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी पुलिसकर्मियों ने संवैधानिक आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करने का संकल्प लिया। थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सभी को भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान पर जोर देते हुए बताया कि भारत का संविधान अनेकता में एकता का प्रतीक है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों को देश की अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने तथा संविधान की रक्षा करने की भी शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार के साथ दरोगा श्याम बाबू, दरोगा अमित कुमार और अपराध निरीक्षक कामता प्रसाद सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



पुलिसकर्मियों को शपथ दिलातीं पुलिस अधीक्षक



थाना मऊदरवाजा व थाना राजेपुर में शपथ लेते पुलिसकर्मी

## गर्भवती महिलाओं, बच्चों का हुआ टीकाकरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ज्योना उप स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार 26 नवंबर 2025 को गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की एनसी (एंटीनेटल केयर) की जांच भी की गई।

टीकाकरण अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ 9 माह,16 माह और 5 वर्ष तक के बच्चों को टीके लगाए गए। अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक भी किया गया। एएनएम प्रांशी ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 6 बच्चों का टीकाकरण किया गया और 5 गर्भवती महिलाओं की एनसी जांच की गई। उन्होंने बताया कि 9 माह तक के बच्चों को पेंटाथाइड, 16 माह तक के बच्चों को डीपीटी बूस्टर और एमआर सेकंड, जबकि 5 साल तक के बच्चों को डीपीटी बूस्टर के टीके दिए गए। इस अवसर पर आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।



टीकाकरण करवाती गर्भवती महिला

# उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन की फर्रुखाबाद इकाई ने बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट संजय बंसल को एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में संगठन ने केंद्र सरकार से चार श्रम संहिताओं को तत्काल निरस्त करने की मांग की गयी है। एसोसिएशन ने अपनी मांगों में बिक्री संवर्धन कर्मचारी (सेवा की शर्तें) अधिनियम 1974 सहित मौजूदा श्रम कानूनों को जारी रखने का आग्रह किया। संगठन का कहना है कि इन कानूनों को निरस्त नहीं किया जाना चाहिए। संगठन ने अवैधानिक और मजदूर विरोधी श्रम शक्ति नीति 2025 को भी समाप्त करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों को चिकित्सा देखभाल के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने पर भी जोर दिया। ज्ञापन सौंपते समय कपिल दिवाकर, जनरल सेक्रेटरी विमलेश कुमार मिश्रा और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

# पुलिस ने दो साइबर ठगों को दबोचा दो एंड्रायड मोबाइल व नकदी बरामद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा मु.अ.सं. 12/2025 धारा 318(4), 111(2) बीएनएस व 66 डी आईटी एक्ट में वांछित 02 अभियुक्तों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 02 एंड्रायड मोबाइल व 1800/- रुपये की नकदी बरामद हुई। साइबर क्राइम पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अश्वनी उर्फ सनी कुशवाहा पुत्र उमेश कुशवाहा निवासी राजेपुर थाना राजेपुर व कुश राठौर उर्फ माना पुत्र विजय सिंह निवासी महशेपुर थाना राजेपुर को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग अपने मोबाइल से जस्ट डायल एप पर फर्जी आईडी बनाकर उस आईडी पर प्राप्त होने वाले लोगों की ट्रांसपोर्ट पैकर्स मूवर्स के लिए ऑनलाइन बुकिंग की इन्क्वायरी कर उनसे संपर्क कर व्हाटसएप चैट के जरिए परचून व घरेलू सामान को सस्ते दानों पर बेचने का प्रलोभन देकर इच्छुक लोगों से एडवांस के नाम पर धोखाधड़ी करने के बाद उनका नंबर ब्लाक कर देते हैं।



# आचार संहिता के उल्लंघन में पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल दोषमुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल को विशेष एमपी/एमएल न्यायाधीश ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने दोष मुक्त किया। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव में बसपा व सपा पार्टी के गठबंधन से मनोज अग्रवाल प्रत्याशी थे। 15 अप्रैल 2019 को मनोज अग्रवाल को समय 2 बजे से शाम 9 बजे तक कार्यकर्ता बैठक मेजर एसडी सिंह मेडिकल कॉलेज बेबर रोड पर करने की अनुमति प्रदान की गयी थी। कार्यकर्ता सम्मेलन का कवरेज सदर प्रभारी रवींद्र नारायण द्वारा किया गया था। कवरेज की सीडी उपलब्ध करायी गयी थी। सीडी का अवलोकन किया गया गया था। जिसमें कार्यकर्ताओं को नाश्ता के पैकट वितरित किए गए, जो कि अनुमति पत्र का उल्लंघन था। प्रभारी बीडीओ शिव प्रकाश ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कार्य कराया था। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक रामलखन ने कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता डॉ. दीपक द्विवेदी, गौरव यादव की पैरवी व अभियोजन पक्ष की दलील को सुनने के बाद विशेष एमपी/ एमएलए न्यायाधीश ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने मनोज अग्रवाल को दोष मुक्त कर दिया। बीस हजार रुपए के प्रतिभूत धनराशि का बंध पत्र दाखिल करने का आदेश दिया गया।



अधिवक्ता डॉ. दीपक द्विवेदी व मनोज अग्रवाल

# तीर्थ यात्रा पर जा रहे भोजपुर विधायक के परिजन मार्ग दुर्घटना में घायल

- दूसरी कार से टकराकर कार खड्ड में पलटी, सभी को आयीं मामूली चोटें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा के भोजपुर से विधायक नागेंद्र सिंह राठौर का परिवार तीर्थ यात्रा पर जा रहा था। इस दौरान इटावा-बरेली हाईवे पर उनकी कार की भिड़ंत सामने से आ रही दूसरी कार से हो गई। जिससे दोनों कारें अनियंत्रित होकर हाईवे से उतरकर खड्ड में जाकर पलट गईं। कार पलटने से विधायक के पुत्र, पुत्रवधू, चालक समेत लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गये। गनीमत रही की किसी को कोई खास चोट नहीं आयी और उन्हें दूसरे वाहन से वापस भेज दिया गया।

कोतवाली फतेहगढ़ के जेएनवी रोड निवासी भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर के पुत्र अजय राठौर, पुत्रबधु दीक्षा, पौत्री शशि, स्वाति व पौत्र अयांक के साथ कार से कैंचीधाम जा रहे थे। कार उनका चालक नवादा निवासी केपी चला रहा था। साथ में विधायक का एक सरकारी गनर भी था। उनकी कार जब थाना राजेपुर के ग्राम उजरामऊ के निकट नयागांव के पास से गुजरी, तो एक कार चालक ने अचानक सामने से कार मोड़ दी। जिससे दोनों कारों में भिड़ंत हो गयी। दोनों कारें अनियंत्रित होकर खड्डा में जाकर पलट गयीं।

जिससे कार सवार सभी लोग कार में फंस गये। मौके पर ग्रामीणों की मदद से कार से विधायक के परिवार को सकुशल निकाला गया।? उसके बाद पुलिस ने दोनों कारों को सीधा कराया। विधायक के परिजनों को कोई खास चोट नहीं आयी। थोड़ी बहुत खरोचें आयी हैं।

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सुदेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कारों को सीधा किया। विधायक के परिवार को दूसरी कार से घर भेजा गया। दूसरी कार सवार कार छोड़कर फरार हो गया।



खड्ड में पलटीं कारें

# प्रेम-प्रसंग में युवक की हत्या के मामले में दंपति सहित तीन लोगों पर दोष सिद्ध

- आरोपी धर्मेंद्र चौहान ने पुत्री के प्रेमी की हत्या कर शव को घर के पास था दफनाया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले में अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने धर्मेंद्र चौहान पुत्र झब्बू, उमा पत्नी धर्मेंद्र चौहान निवासीगण भगुआनगला, सच्चिदानंद उर्फ मनोज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 27 नवंबर की तिथि नियत है। बीते चार वर्षो पूर्व कोतवाली पुलिस को कन्हैयालाल अवस्थी पुत्र श्रीराम अवस्थी निवासी ग्राम सरह फतेहगढ़ ने दी गई तहरीर में बताया कि मेरा मझोला पुत्र अंकित अवस्थी नोएडा में काम करता था। भाईदूज के दिन दिनांक 6 नवंबर 2021 को घर आया था। दूसरे दिन घर से गांव के अन्य लड़कों के साथ नोएडा जाने के लिए निकला था। पांचाल घाट चौराहे पर टेंपो से उतारकर अपने परिचित धर्मेन्द्र चौहान के घर श्रीराम कोल्ड स्टोरेज के पीछे भागुआ नगला गांव गया था, जबकि गांव के अन्य लड़के टेंपो से फर्रुखाबाद की तरफ चले गए। शाम को मेरे लड़के से बात हुई, तो बताया कि धर्मेंद्र चौहान के मकान पर हूँ।

उसके बाद मेरे पुत्र का फोन स्वीच ऑफ हो गया। सुबह गांव के लड़के से पता किया, तो उन्होंने बताया कि अंकित नहीं आया है। जब हम लोगों ने धर्मेंद्र चौहान को फोन किया, उनकी पत्नी उमा चौहान ने फोन उठाया। कोई संतोषजनक जवाब न देने पर मैं धर्मेंद्र चौहान के घर पहुंचा, तो देखा कि उनके मकान पर ताला लगा था और उनके मकान के बगल में ताज़ी मिट्टी खुदी पड़ी थी। बाद में पता चला कि धर्मेंद्र चौहान व उमा चौहान, प्रशांत ने मेरे बेटे की हत्या कर दी है, क्योंकि धर्मेंद्र चौहान की पुत्री से अंकित का प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर विवेचना में प्रशांत का नाम पृथक कर दिया था। साक्ष्य के आधार पर धर्मेंद्र चौहान, उमा चौहान, सच्चिदानंद उर्फ मनोज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 27 नवंबर की तिथि नियत की गयी है।

# बहन की शादी में शामिल होने जा रहे युवक को जहर खुरानी गिरोह ने लूटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बगिया मंगूलाल निवासी सूर्यकान्त उम्र 20 वर्षीय पुत्र रामचंद्र जो की अपने भाई देवेन्द्र के साथ दिल्ली ग्रेडर नोयडा में रहकर प्राइवेट कम्पनी में नौकरी करता है। उसकी बहन काजल की बीते दिन गुरुवार को बारात आनी है। उस बारात में शामिल होने के लिए रोडवेज बस द्वारा वापस अपने घर के लिए लौट रहा था। रास्ते में जहर खुरानी गिरोह ने उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर उसे बेहोश कर उसके पास रखे परिजनों के लगभग 10 जोड़ी नये कपड़े सहित लगभग 15 हजार रुपये निकाल कर फरार हो गये। रोडवेज बस चालक द्वारा बेहोशी की हालत मे सूर्यकान्त को पपड़ी से कुछ ही दूर पर रोड के किनारे उतारकर चला गया। वहाँ पर पड़ा देख राहगीरों ने उसके पास निकले फोन द्वारा परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुँचे परिजन सूर्यकान्त को 108 एम्बुलेन्स द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।



घर पर लेटा पीड़ित

# एसीएमओ को सीएचसी में मिलीं कमियां, डॉ. गौरव राजपूत को लगाई फटकार

- 11 बजे तक अस्पताल में कोई चिकित्सक नहीं पहुंचा था, मरीज करते रहे इंतजार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एसीएमओ सर्वेश कुमार व आर.सी. माथुर ने निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। उसके बाद स्टॉक रूम, लेबर रूम, केंद्र की लैब का निरीक्षण किया। इमरजेंसी वार्ड व स्टॉक रूम में रखे ऑक्सीजन सिलेंडर की जांच की। सभी सिलेंडर भरे पाए गए। अस्पताल में कुछ अंदरूनी कमियां पाई गईं। निरीक्षण के बाद उन्होंने डाक्टर गौरव राजपूत को अस्पताल में मिली कमियों के लिए जमकर फटकार लगाई और जल्द से जल्द कमियों को सुधारने के निर्देश दिए।

मंगलवार शाम हुई घटना में उन्होंने डाक्टर गौरव राजपूत से मरीज नन्हेंलाल गुप्ता की अस्पताल में भर्ती होने और रेफर करने का समय पूछा, तो गौरव राजपूत के बताया कि मरीज नन्हेंलाल को साढ़े पांच बजे अस्पताल में भर्ती किया और 20 मिनट बाद मरीज को रेफर कर दिया। एसीएमओ ने बताया कि सिलेंडर में ऑक्सीजन थी। किसी कारण वश वह सिलेंडर काम नहीं कर रहा था। अस्पताल में लगभग 7 सिलेंडर मौजूद है। मरीज की हालत ज्यादा नाजुक थी। दूसरा सिलेंडर लगने को लेकर मरीज के परिजनों और वार्डवाय में नोंकझोंक हो गई थी। घटना के समय डाक्टरों की मौजूदगी पूछे जाने पर एसीएमओ सर्वेश कुमार कोई संतोष जनक जवाब न देकर गोलमोल जवाब देने लगे और कहा कि जांच के बाद उचित कारवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसीएमओ ने पाया कि सुबह 11 बजे तक अस्पताल में कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था। अधीक्षक का कक्ष खुला था, लेकिन कोई कर्मचारी नहीं था। एक्सरे कक्ष, इमरजेंसी कक्ष, दंत चिकित्सा कक्ष और ओपीडी कक्ष सहित अन्य कमरों पर बाहर से ताले लगे थे। इस दौरान कोकापुर गांव के निवासी रामसिंह कुत्ते के काटने का रैबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए पर्चा बनवाकर बाहर इंतजार कर रहे थे। उन्हें मेडिकल स्टोर से सिरेंज खरीदकर लाने के लिए कहा गया था। सुबह 10 बजे फार्मासिस्ट राजीव यादव ने अस्पताल पहुंचकर औषधि कक्ष खोला। इसके बाद एलटी सुनील शुक्ला भी अस्पताल पहुंचे। हालांकि 11 बजे तक भी कोई चिकित्सक नहीं आया। रामकिशोर, अजय कुमार, अंशु कुमार और सुषमा देवी सहित कई अन्य मरीज डॉक्टरों का इंतजार करते रहे। अंततः इन मरीजों ने फार्मासिस्ट राजीव यादव को दिखाकर दवा ली और चले गए। डॉक्टरों के देर से आने या अनुपस्थित रहने के कारण अधिकांश मरीज कस्बे के निजी और झोलाछाप चिकित्सकों के पास जाने को मजबूर हैं।

आपातकालीन स्थिति में डॉक्टरों को फोन करके बुलाया जाता है। चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेश शर्मा ने बताया कि वह दो सप्ताह की छुट्टी पर हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बुधवार को डॉ. गौरव राजपूत की ड्यूटी थी, लेकिन उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि डॉ. गौरव राजपूत लेटलतीफ क्यों पहुंचे।



उपस्थिति रजिस्टर देखते एसीएमओ

# भीम आर्मी एकता मिशन ने बैठक कर संविधान बचाओ की दिलायी शपथ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को भीम आर्मी एकता मिशन के जिला अध्यक्ष जयद्रथ ने अपने पदाधिकरियों व कार्यकर्ताओं के साथ गाँव बराबिकू में एक बैठक कर संविधान बचाओ की शपथ दिलाई गयी।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय संविधान देश की आत्मा और सर्वोच्च विधान है। यह केवल नियमों और कानूनों का संग्रह नहीं, बल्कि एक ऐसा पवित्र ग्रंथ है जो हमें एक राष्ट्र के रूप में दिशा दिखाता है और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के सुचारु संचालन की गारंटी देता है। आज जब हम 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं, तो यह हमें उस ऐतिहासिक यात्रा की याद दिलाता है जो स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक थी। यह दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि हमारा संविधान विभिन्न धर्मों भाषाओं और संस्कृतियों वाले करोड़ों लोगों को एकता के धागे में पिरोता है। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में संवैधानिक मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देना है। यह दिन डॉ0 भीमराव अंबेडकर के अतुलनीय समर्पण और अथक परिश्रम का सम्मान करता है। जिन्होंने 2 वर्षए 11 माह और 18 दिनों की कड़ी मेहनत से इस अद्वितीय दस्तावेज़ का मसौदा तैयार किया।

संविधान दिवस हमें हमारे मौलिक अधिकारों के बारे में जागरूक करता है। साथ ही हमें अपने मौलिक कर्तव्यों की याद दिलाता है, क्योंकि राष्ट्र का निर्माण केवल अधिकारों के उपभोग से नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों के निर्वहन से होता है।

इस दौरान रजनेश गौतम, सूर्य कान्त, बृजेश, जैकी, कर्मवीर उर्फ पिन्टू सहित भीम आर्मी एकता के पदाधिकारी मौजूद रहे।



शपथ लेते कार्यकर्ता

# रेवन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का 14वें दिन भी धरना जारी



धरने पर बैठे अधिवक्ता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

रेवन्यू बार एसोसिएशन के अधिक्ताओं का तहसील में व्याप्त विभिन्न मांगों को लेकर 14वें दिन भी धरना जारी रहा। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार रिश्वतखोर पीठासीन अधिकारियों का स्थानान्तरण नहीं होगा और समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक अधिवक्तागण अनिश्चितकाल हड़ताल पर रहेंगे और विरोध प्रदर्शन कर धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। धरना प्रदर्शन के दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष विशेश्वर दयाल यादव, सचिव अवनीश गंगवार,. नाजिर खाँ, बाल किशन, अनोखेलाल शाक्य, रजनेश कुमार, अमित कुमार गंगवार, सतीश चन्द्र शाक्य, माधव शुक्ला, सुखवीर सिंह, अनीस खाँ, इन्द्रेश गंगवार सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## बुखार से पीड़ित महिला की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बुखार से पीड़ित महिला की हालत बिगड़ गयी। उसे सीएचसी ले जाया गया।जहां चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमारने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार जनपद मैनपुरी के कस्बा भोगांव निवासी किरनलता उम्र 40 वर्षीय पत्नी अमित कुमार जो की बीते दिनों अपने भतीजे सुरेन्द्र कठेरिया निवासी मोहल्ला चिलांका कस्बा कायमगंज के यहाँ आई थी। उन्हें बुखार आने पर परिजन उन्हें पुलगालिब पुलिया के निकट एक प्राइवेट चिकित्सक के यहाँ ले जाकर उपचार करवाया। बुधवार को किरन की हालत बिगड़ने पर उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 अमरेश कुमार ने किरनलता को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मसिस्ट रोहित ने महिला की मौत का मेमो कोतवाली भिजवाया। तत्काल प्रभाव से कस्बा चौकी से कांस्टेबिल विजय गुर्जर व सचिन कुमार ने आकर देखा, तो उनके आने से पहले ही परिजन शव घर लेकर चले गये।

# तटबंध बनाने को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**एक माह के अंदर कार्यवाही न हुई तो पदयात्रा निकालकर होगा आंदोलन**



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में प्रतिवर्ष गंगा में आने वाली भीषण बाढ़ से पूरे क्षेत्र में तबाही और बर्बादी को रोकने के लिए गंगा के दोनों किनारों पर जिले की सीमा पर तक तटबंध बनाए जाने को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा।

फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा भईयन ने पहल करते हुए प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। जनपद के गंगापार क्षेत्र में गंगा के दोनों किनारों पर स्थित गांव में बाढ़ तबाही लाती है चारों तरफ फसले जलमग्न होकर बर्बाद होती हैं। बाढ़ की वजह से लोगों के घर मकान बाढ़ में बह जाते हैं या गिर जाते हैं। प्रतिवर्ष हजारों पशुधन की हानि होती है, न जाने कितने लोग प्रतिवर्ष बाढ़ में अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं और बाढ़ की वजह से जनपद की लाखों बीघा खेती गंगा जी में कटान होकर समा जाती है। गंगा जी जनपद में प्रवेश करती हैं। वहां से लेकर जहां तक जनपद में प्रवाहित होकर आगे जाती हैं, वहाँ तक दोनों तरफ तटबंध बना दिया जाए। तटबंध बन जाने से सभी को लाभ मिलेगा। यदि एक माह के अंदर घोषणा नहीं हुई तो शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठायी जायेगी और 25 दिसम्बर से जनपद की सीमा पर सैकड़ों साथियों के साथ पदयात्रा निकालते हुए तटबंध की मांग की जायेगी। इस मौके पर कोमल पाण्डेय, निशित कुमार दुबे, सुमित, रोहित शुक्ला, विजेन्द्र सिंह, अंकित राजपूत, केशव, उपेन्द्र सिंह यादव, बलराम यादव, विजय सक्सेना, विजयवीर पाल, प्रदीप कुमार, दशरथ, पप्पू यादव, प्रिंस यादव, छविराम यादव, सरोज यादव, रामू, मोहित, प्रांशु, रुद्र, विजय, प्रशांत, आलोक, माही, शिखा, पायल, हिमांशु, गौरी, उन्नति, आरुषी, शिवओम, आजाद, विवेक, अजीत, अंकित, देव, जगमोहन प्रसाद, अर्पित, नीलू, सुशांत, रोहित, राज, राघव आदि लोग मौजूद रहे।

## कच्ची शराब सहित एक गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।

अपराध एवं अपराधियों व शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक मोहित द्विवेदी हमराह कांस्टेविल विजय गुर्जर, पुष्पेन्द्र, रोहित की टीम ने मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध अवस्था में एक पिपिया लिये एक युवक दिखाई दिया।

पुलिस टीम ने घेराबन्दी करके पिपिया में 10 लीटर कच्ची अवैध शराब सहित आरोपी युवक राम निवास उर्फ टमटम पुत्र सोवरन निवासी अताईपुर कोहना थाना कायमगंज को गिरफ्तार करके सुसंगत धाराओं में चालान कर दिया।

## भाकियू हरपाल गुट ने समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट ने समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें कहा कि जनपद उन्नाव में रितिक यादव की हत्या के आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाये।

भारतीय किसाना यूनियन के नेताओं की गाड़ियों से टोल प्लाजा पर टोल न वसूला जाये। किसनों पर 6.5 प्रतिशत लगाई गयी जी0एस0टी0 हटाई जाये। विद्युत विभाग द्वारा किसानों से अवैध वसूली की जा रही है और किसानों के ऊपर झूठे मुकदमें लिखे जा रहे हैं जांच कर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाये। गरीब किसानों की विधवा व वृद्धा तथा साठ साला पेंशन को 3 हजार रुपये किया जाये। स्मार्ट मीटरों द्वारा बिजली बिल अधिक निकाले जा रहे हैं, इनको सही किया जाये, जिससे किसानों को ठगने से बचाया जाये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार कठेरिया, सुल्तान सिंह, विजय सिंह, रनवीर सिंह आदि मौजूद रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते भाकियू नेता



कार्यक्रम में मौजूद सपा नेता

## शमशाबाद में एसआईआर के बारे में दी गई जानकारी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड शमशाबाद में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एसआईआर की ग्रामीणों को जानकारी दी गई। ब्लाक शमशाबाद में नियुक्त प्रभारी व पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी ने ग्राम चौरा, शरीफ पुछिछनी, मंझा, वाजिदपुर, बिरिया दाड़ा आदि गांव में भ्रमण कर मतदाताओं को एसआईआर के लिए जागरुक किया व बीएलओ को सुझाव दिया कि वे संवाद स्थापित कर गणना प्रपत्र भरकर जमा करे। छात्रसभा के जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार, अनिल यादव, अरविन्द यादव, सावेज खां आदि लोग मौजूद रहे।

## भाकियू ने समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**किसानों ने धरना देकर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



धरने पर बैठे भाकियू नेता

कलेक्ट्रेट में संयुक्त किसान मोर्चा के आवाह्न पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन द्वारा धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। जिले की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। अध्यक्षता छविनाथ शाक्य ने की व संचालन गोपी शाक्य ने किया। प्रदेश के उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने कहा कि यह सरकार गूंगी और बाहरी है। इस सरकार को किसी की कोई फिक्र नहीं है, जब किसान मजबूर हो जाता है तब धरने पर बैठता है। आज पांचवी वर्षगांठ है, ऐतिहासिक आंदोलन की जिसमें किसान 13 महीने तक दिल्ली के बॉर्डर पर डाटा रहा। कानपुर मंडल के उपाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर जोशी ने कहा कि ऐतिहासिक आंदोलन की पांचवी वर्षगांठ पर हम सभी शहीद किसानों को नमन करते हैं और यह प्रण लेते हैं कि किसानों की समस्याओं को हर हाल में सुलझाएंगे। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि आज हम सब संयुक्त किसान मोर्चा के आवाह्न पर ऐतिहासिक किसान आंदोलन की पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुए हैं। किसान आंदोलन के द्वारा संयुक्त मोर्चा संयुक्त ट्रेड यूनियन आंदोलन का सक्रिय समर्थन प्राप्त हुआ था और यह आंदोलन 380 दिनों तक चला था। जिसमें 736 किसान बलिदान हुए थे। भारत सरकार को जो तीन कृषि काले कानून थे उनको मजबूरी में निरस्त करना पड़ा। उन्होंने कहा कि सभी फसलों के लिए एसपी गारंटी कानून लाया जाए, सभी ब्लॉकों में मंडिया स्थापित की जाए, गन्ने का राज्य परामर्श मूल्य 500 प्रति कुंतल किया जाए और गाने के सभी भुगतान ब्याज सहित तुरंत निपटाए जाएं, किसानों और कृषि मजदूरों के लिए व्यापक कृषि ऋण माफी योजना घोषित की जाए, किसानों से ऊंची ब्याज पर ऋण की वसूली न की जाए एवं किसानों को ब्याज मुक्त ऋण दिया जाए। इस अवसर पर अफरोज मंसूरी, कृष्ण गोपाल मिश्रा, ब्रजेश गंगवार, अभय यादव, सुग्रीव पाल, बिजनेश यादव, पुजारी कटियार, विजय सिंह शाक्य, प्रेम चंद्र यादव, अरविंद गंगवार, राजेश गंगवार, गुड्डू यादव, दिनेश सिंह गौर, रामप्रकाश पाल, अनुज राजपूत, सोनू सोमवंशी, प्रदीप यादव, शिवराम शाक्य, पवन जोशी, रेहान पठान, अशोक शाक्य, संजय सिंह, बबलू खटीक आदि मौजूद रहे।



बच्चों को शपथ दिलाते प्रधानाध्यापक

## संविधान दिवस पर बच्चों को दिलायी गई शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय संविधान के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए शिक्षामित्र कमलेश राजपूत ने कहा दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान भारत का है, जहां सभी धर्मों को समानता का अधिकार है। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने संविधान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जयवीर, हुकुम सिंह, सचिव शशिदेव यादव, हेमवती, आशा उमा, सत्यवती आदि मौजूद रहे।

## बसपा की बैठक में एसआईआर के बारे में दी गई जानकारियां



बैठक में मौजूद बसपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा सदर में गांव चलो अभियान के अंतर्गत एवं एसआईआर के संबंध में जानकारियां दी गई। बहुजन समाज पार्टी की बैठक में मण्डल प्रभारी जितेन्द्र शंखवार, मण्डल संयोजक विजय भास्कर, शिवकुमार गौतम ने विचार व्यक्त किये। जितेन्द्र शंखवार ने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर बाबा साहब अंबेडकर को माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। बसपा की 4 बार की रही मुख्यमंत्री बहन कु0 मायावती के कार्यों के बारे में बताया गया।

निर्वाचन आयोग द्वारा कराया जा रहा एसआईआर कार्य के बारे में जानकारी दी और बूथ कमेटी मिलकर घर-घर जाकर बीएलओ से मिलकर एसआईआर के फार्म वितरण कराकर उन सबको भरकर जमा करने का कार्य करेंगे और एक एक वोट बनाकर इस मिशन को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। विजय भास्कर ने कहा हम लोग मिलकर बूथ स्तर पर जाकर कार्य करेगे और 2027 में इस प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने का कार्य करेगे। इस मौके पर सर्वेश भारती, अमित गौतम, विनोद गौतम, सुरजीत, आरडी बौद्ध, बृजेश फौजी, रामरतन गौतम, अखिलेश भास्कर, योगेन्द्र सिंह, इस्लामुदीन, राजेश गौतम, सूरज गौतम, जगवीर सिंह, राजकुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस पर जिलाधिकारी ने दिलाई शपथ



शपथ दिलाते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिलारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाया गया। डीएम ने सभी कर्मियों और अधिकारियों को संविधान की शपथ दिलाई व लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। मुख्यमंत्री का संबोधन भी सुना गया व संविधान पर आधारित लघु फिल्म को देखा गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी व समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## संविधान दिवस पर सपा कार्यालय में गोष्ठी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संविधान दिवस मनाया गया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन हुआ।

चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि भारत का संविधान हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा है, जो हर नागरिक को अधिकार और समानता प्रदान करता है। इसे सुरक्षित रखना हर भारतीय का प्रथम कर्तव्य है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान की मूल भावना को कमजोर करने और लोकतांत्रिक ढांचे को बदलने की कोशिश कर रही है, जो देश के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि संविधान देश की एकता, अखंडता और न्यायपूर्ण व्यवस्था की मजबूत नींव है, जिसकी रक्षा करना ही सच्चा राष्ट्रधर्म है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा अपने राजनीतिक लाभ के लिए संवैधानिक संस्थाओं और मूल सिद्धांतों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, जिसे देशवासी कभी स्वीकार नहीं करेंगे। जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव ने कहा कि संविधान ही देश चलाता है और आज भारतीय जनता पार्टी संविधान को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर विजय अनुरागी, डॉ. आकाश यादव, यशवर्धन सिंह यादव, अक्षय यादव, चंद्र प्रताप सिंह यादव, विवेक भारद्वाज, शीलू, अखिल कठेरिया, अर्पित चौहान, यश गुप्ता, रजत मिश्रा, देव चौहान, हरिओम पाल, निखिल यादव, आदर्श कश्यप, अनंत यादव, आयुष पाल, अभिराज यादव, आदित्य शाक्य, राजा पांडे, आशुतोष यादव, धीरज राजपूत, आदित्य शाक्य, राज यादव मौजूद रहे।



गोष्ठी में मौजूद सपा नेता

## जनपद में नहीं होगी खाद की कमी, मिली 78000 बोरी यूरिया

**समितियों पर भी पीसीएफ में भण्डारित 69000 बोरी, खाद लगातार भेजी जा रही है**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जांच पड़ताल करते कृषि अधिकारी

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा प्रतिदिन सुबह जिला कृषि अधिकारी एव उर्वरक से जुड़े समस्त अधिकारियों के साथ जनपद में उर्वरकों की आपूर्ति एवं वितरण तथा उपलब्धता की नियमित समीक्षा की जा रही है। जनपद में वरिष्ठ अधिकारियों एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा उर्वरक वितरण की स्थिति पर सजग निगरानी की जा रही है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में गत वर्ष की तुलना में डेढ़ गुना डीएपी उर्वरक का वितरण किया जा चुका है तथा पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। जनपद में रेलवे रैंक एवं सड़क मार्ग से लगातार उर्वरकों की आपूर्ति हो रही है। तीन दिवस में मेसर्स चम्बल फर्टि0, इफको, नर्मदा वायोक्षेम, आरसीएफ कम्पनी की 78000 बोरी जनपद को प्राप्त हो गयी है, जिसे उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर भेजा जा रहा है। इसके अतिरिक्त पीसीएफ वफर गोदाम में भण्डारित यूरिया में से 69000 बोरी समितियों पर भेजने के आदेश जारी कर दिये गये हैं, प्रत्येक सहकारी समिति पर लगातार आपूर्ति जारी है। किसान बिक्री केन्द्र पर खतौनी एवं आधार अवश्य लेकर जायें। जिससे उनकी भूमि के अनुपात में उर्वरक मिल सके। कृषक मिट्टी की जांच के आधार पर संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का प्रयोग करें। जनपद में उर्वरकों की आवश्यकतानुसार समुचित उर्वरक उपलब्ध है, कोई कमी नहीं है और न ही कमी होने दी जायेगी। इसके अतिरिक्त आगामी 03 दिवस में पीपीएल डीएपी 3000 बोरी, एनपीके 8000 बोरी, आरसीएफ कम्पनी की एनपीके 8000 बोरी जनपद को प्राप्त होगी। जनपद में कृषकों की मांग से अधिक उर्वरक उपलब्ध है, किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है।

## महरम सिंह के नाम से शीघ्र द्वार बनवाये जाने की मांग

**सात दिन के अंदर जबाव न मिला तो होगा आंदोलनः मंथन ठाकुर**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



ज्ञापन सौंपते करणी सेना के लोग

राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को ज्ञापन सौंपा। पीडब्लूडी अधिकारी को दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि 21 नवम्बर को सड़क चौड़ीकरण के नाम पर जनपद फर्रुखाबाद के गांधी कहे जाने वाले व चार बार के विधायक स्व0 महरम सिंह की स्मृति में बने द्वार को ध्वस्त किया गया था। जिसमें सबकी भावना आहत हुई है।

मांग है कि मेला रामनगरिया प्रारंभ होने से पहले पूर्व विधायक स्व0 महरम सिंह के नाम से भव्य द्वार बनवाया जाये। उनकी मूर्ति को भी स्थापित किया जाये। मेला रामनगरिया के दिव्य और भव्य रुप लाने में स्व0 महरम सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनका अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संगठन ने मांग की है कि सात दिन के अंदर संतोषजनक जबाव नहीं मिला तो विशाल आंदोलन किया जायेगा। इस मौके पर मनोज सिंह गौर, प्रदीप सिंह राठौर, अंश प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## मेला रामनगरिया में जन सुविधायें दुरुस्त कराने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन राधे के राष्ट्रीय सचिव सुधीर कुमार मिश्रा ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन में मांग की है कि जनहित में मेला रामनगरिया में मिलने वाली जन सुविधाओं को सुचारु करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मेले में स्वामी धर्म चेतन्य महाराज के यहां रहकर कल्पवासी कल्पवास करते है। पाण्डाल की व्यवस्था व अनेक आने-जाने वाली सवारियों की व्यवस्था की जाती है। गुरुकृपा क्षेत्र चेतन्य महाराज के यहां साधु-संत आते है, प्रशासन सहयोग करें और क्षेत्र में भण्डारा भी चलता है। ऐसे में दो समर, 35 शौचालय, 30 नल कल्पवासियों के लिए उपलब्ध कराये जाये।

## बैंक ऋण अदायगी के अब तक 1143 मामले चिन्हित



बैठक लेते अपर जिला जज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

13 दिसम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में प्रभारी जनपद न्यायाधीश शैली राय के निर्देशन में बैंक मामलों संबंधित बैठक अपर जिला जज के विश्राम कक्ष में सम्पन्न हुई। संचालन अपर जिला जज/सचिव संजय कुमार ने किया। बैंक ऋण अदायगी से संबंधित अधिक से अधिक मामले राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित किये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैंक ऋण अदायगी के विभिन्न बैंकों से अब तक 1143 मामले चिन्हित किये जा चुके है। तैयारी बैठक में एलडीएम विवेक कुमार, प्रबंधक शिखा गंगवार, नीरज मौर्य, हर्षित मिश्रा, आशुतोष जायसवाल, गगन गोयल, अनुराग आदि मैनेजर मौजूद रहे।

## 33 कीटनाशी दुकानों पर छापा, दो को कारण बताओ नोटिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कीटनाशी दुकान पर छापेमारी करते अधिकारी

जिलाधिकारी के आदेश पर जनपद के कृषकों को गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित मूल्य पर कीटनाशी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जनपद के समस्त तहसीलों में कृषि विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कराते हुए छापे हेतु कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। गठित की गई टीम में कीटनाशी निरीक्षक उपकृषि निदेशक व वरिष्ठ प्राविधि सहायक ग्रुप-ए (कृषि रक्षा) को तहसील सदर, जिला कृषि अधिकारी व आलू एवं शाकभाजी अधिकारी को तहसील कायमगंज, जिला कृषि रक्षाधिकारी व जिला गन्ना अधिकारी को तहसील अमृतपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टीम ने छापे के दौरान कीटनाशी के 5 नमूनें ग्रहित किये एवं 33 प्रतिष्ठानों पर छापा/निरीक्षण की कार्यवाही की। नमूनों को जांच हेतु प्रदेश की प्रयोगशालाओं में भेजा जायेगा।

अमानक पाये जाने पर सम्बन्धित विक्रेता के विरूद्ध न्यायालय में वाद संस्थित करने के साथ ही विधिक कार्यवाही भी की जायेगी। जांच के समय बिना किसी कारण प्रतिष्ठान बंद कर दिया गया है, जिनको कारण बताओ नोटिस दिये गये। गैसर्स-गों वैष्णों बीज भण्डार आंतर बिना सूचना के दुकान बन्द पाये जाने के कारण व मैसर्स-कुशवाहा खाद एवं बीज भण्डार सलेमपुर राजेपुर बिना सूचना के दुकान बन्द पाये जाने के कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए छापे की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। स्टॉक तथा बिक्री रजिस्टर जो जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रमाणित कर विक्रेताओं को दिया जाता है, सभी प्रतिष्ठानों पर रखना अनिवार्य है। समस्त बिक्रेता जिन कीटनाशी कम्पनियों के कीटनाशक दवा बिक्री कर रहे हैं, उसके अर्थॉरिटी का अंकन लाइसेंस में अवश्य करायें।

## भागवत गीता जयंती सप्ताह कार्यक्रम की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीमद् भागवत गीता वैदिक न्यास की आवश्यक बैठक अधिवक्ता रामजी बाजपेयी के आवास पर गीता जयंती सप्ताह के उपलक्ष्य में सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष के आवास पर बैठक में बताया गया कि 25 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक विभिन्न कार्यक्रम सर्वसम्मति से कराने के लिए निर्णय लिया गया। 25 नवम्बर को संगोष्ठी, तैयारी बैठक, 26 नवम्बर को सामूहिक गीता पाठ एवं गीता स्वास्थ्य कार्यक्रम, 27 नवम्बर को गीता स्थापना व मंदिरों व प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों में जागरुकता, 28 नवम्बर को विद्यालयों की प्रार्थना सभा में गीता पाठ संकल्प, 29 नवम्बर को गीता जन जागरण यात्रा सम्पर्क अभियान, 30 नवम्बर को गीता जयंती पर अपने-अपने घरों में दीपक जलाना, 1 दिसम्बर को विशाल मानव श्रृंखला बनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक के दौरान रामजी बाजपेयी, अवधेश पाण्डेय, अविनाश सारस्वत, अनिल सिंह, सदानंद शुक्ला, धनश्याम बाजपेयी, केके पाठक, सुकेश कुमार, धीरेन्द्र नाथ तिवारी, निर्दोष शुक्ला, संदीप कुमार चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# आपातकालीन सेवा 112 के लिए लोगों को किया जागरूक

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जनपद में 112 आपातकालीन सेवा के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनसामान्य में त्वरित पुलिस सहायता की उपलब्धता के संबंध में जागरूकता बढ़ाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप पुलिस मुख्यालय यूपी-112 टीम एवं जनपदीय यूपी-112 टीम द्वारा जनपद के विभिन्न चौराहों, सार्वजनिक स्थलों तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक, विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस कर्मियों द्वारा स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों, राहगीरों, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों से संवाद स्थापित कर 112 की महत्वता एवं उपयोगिता बताई गई। साथ ही उपस्थित लोगों को बताया कि किसी भी आपात स्थिति जैसे मारपीट, छेड़छाड़, सड़क दुर्घटना, आग लगना, संदिग्ध गतिविधि, मेडिकल इमरजेंसी, घरेलू हिंसा, बुजुर्गों की सहायता आदि में 112 पर मात्र एक कॉल करने से तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

स्कूल-कॉलेजों में विद्यार्थियों को आपातकाल में सही समय पर सूचना देने का महत्व समझाया गया तथा बालिकाओं को सुरक्षा हेतु 1090 व अन्य हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराते हुये 112 का रेस्पॉन्स टाइम, पेट्रोलिंग व्यवस्था, वाहन तैनाती एवं कॉल रिस्पॉन्स प्रोसेस के बारे में जानकारी दी गई। इन जागरूकता कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य जनपद के प्रत्येक नागरिक तक आपातकाल में तुरंत सहायता 112 की अवधारणा को पहुंचाना तथा पुलिस सेवाओं को और अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाना है।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चन्द्र एवं क्षेत्राधिकारी भरथना अतुल प्रधान मौजूद रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में यूपी-112 पर तुरंत कॉल करें, ताकि समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# धर्म ध्वजा सिर्फकेसरिया झण्डा नही सनातन धर्म का स्वाभिमान है: डॉ. हरीशंकर पटेल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



अध्यात्मिक राजधानी अयोध्या धाम में धर्मध्वजा के साथ पूर्ण वैभव की हुयी स्थापना के साछी रहे धर्म प्रेमियों का इटावा वापस आने पर अपना दल एस ने तिलक एवं मल्यापर्ण कर सुबह 5.15 पर जोशीले नारो के साथ भव्य स्वागत पक्का तालाब चौराहे पर पटेल प्रतिमा के सामने किया। अपना दल एस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, समाजसेवी डॉ. हरीशंकर पटेल के नेतृत्व में किया गया पटेल जी ने धर्म ध्वजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्म ध्वजा सिर्फ एक केसरिया झण्डा नही है बल्कि सनातन धर्म का स्वाभिमान है पुरुषोत्तम श्रीराम जी के मन्दिर का प्रथम चरण 5 अगस्त 2020 को भूमि पूजन और शिलान्यास के साथ शुरू हुआ, दूसरा चरण जनवरी 2024 में श्रीराम मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ पूरा हुआ अब 25 नवम्बर 2025 को शिखर पर धर्म ध्वजा फहरने के साथ श्रीराम मन्दिर सम्पूर्ण हो गया है। इस धर्म ध्वजारोहण प्रोग्राम में विशिष्ट अतिथि वन अयोध्या धाम में शिखर पर धर्म ध्वजा विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री भानू प्रताप सिंह, सह जिला मंत्री दीपक चतुर्वेदी, जन प्रतिनिधि के रूप मे डाँ. सुधीर सविता, एडवोकेट अमित चौरसिया, मुकेश कुमार आदि सहित कुल 34 महानुभाव साक्षी बने। धर्म, वजारोहण कार्यक्रम के साक्षी बन वापस जनपद इटावा आने पर अपना दल एस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. हरीशंकर पटेल, अनुपम पटेल, निखिल सविता, श्रद्धा पटेल, तेजस पटेल आदि ने प्रातः काल स्वागत किया।

## फ़ातिमा ज़हरा रिसालत और इमामत को जोड़ने की एक कड़ी हैं: अबूज़र अब्बास

**इटावा।** रसूल अल्लाह की इकलौती मज़लूमा बेटी फ़ातिमा ज़हरा की शहादत पर राहत अक़ील शक़न की ओर से शरीफमंज़िल सैदबाड़ा इटावा में चल रहे पांच दिवसीय अय्यामे फ़ातमीया के खमसे की मजलिसों का समापन हो गया। अलविदाई मजलिस में तक़रीर करते हुए मौलाना अबूज़र अब्बास खान इमामे जुमा शिकोहाबाद जनपद फ़ीरोजाबाद ने कहा मज़लिसों में आने के लिए कोई पाबंदी नहीं है सभी धर्मों के लोग मज़लिसों में आते हैं। रसूल की मज़लूमा बेटी फ़ातिमा ज़हरा की शहादत पर पूरे देश मे मज़लिसों का सिलसिला जारी है। रसूल ने फरमाया है कि अगर कायनात के लोगों के दिलों में अली की मोहब्बत होती तो अल्लाह को दोजख बनाने की जरूरत ही नहीं पड़ती। अल्लाह ने नबी जनाबे ईसा की मां मरियम से बड़ा मर्तबा इमाम हुसैन की मां फ़ातिमा ज़हरा को दिया।

# खुलेआम हो रहा संविधान का अपमान: नीलांशु चतुर्वेदी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



देश में आज जिस तरह से संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं वह किसी से छुपा नहीं है। एसआईआर के नाम पर खुलेआम लोगों के नाम काटकर चुनाव आयोग संविधान का अपमान कर रहा है। उक्त उद्गार दिल्ली से पधारे अ. भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं उ.प्र. प्रभारी नीलांशु चतुर्वेदी पूर्व विधायक ने कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एवं 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली महारैली से संबंधित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कही। 26 नवंबर संविधान दिवस के इस मौक़े पर राष्ट्रीय सचिव ने संविधान रचयिता भीमराव आंबेडकर को नमन करते हुए अपनी बात जारी रखते हुए कहा कि यदि हमें संविधान बचाना है। तो अधिक से अधिक संख्या में बूथों पर अपने कार्यकर्ताओं को तैनात करना होगा बीएलए के रूप में। कानपुर से पधारीं इटावा कोऑर्डिनेटर सुमन तिवारी ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि उन्हें प्रक्रिया में बढ़चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी। इसी के साथ ही 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली महारैली में ज्यादा से ज़्यादा लोगों के पहुंचने की अपील की। बैठक में पूर्व प्रांतीय महासचिव अंशु तिवारी ने भी सभी कार्यकर्ताओं से एसआईआर अभियान में भाग लेने की बात रखते हुए दिल्ली महारैली में पहुंचने की अपील की। बैठक को संबोधित करने वालों में शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, पूर्व प्रांतीय सदस्य अनिल यादव, मखलू पांडे, कोमल सिंह कुशवाह, प्रशांत तिवारी, आलोक यादव, अरुण यादव, प्रेरणा जुबैरी, सतीश नागर एवं आसिफ जादरान आदि रहे। बैठक के अंत में बैठक की अध्यक्षता कर रहे ज़िलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने सभी का अभिवादन करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की। संचालन एड. पल्लव दुबे ने किया।

## प्राइवेट कंपनी के मैनेजर ने वाहन मालिक से की अभद्रता

**नरैनी/बांदा।** प्राइवेट कंपनी के मैनेजर ने वाहन मालिक के साथ फाड कर बदसलूकी और मारपीट की।पीड़ित व्यक्ति ने कंपनी मैनेजर के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करवाया। गिरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मलेहरा गांव निवासी आशुतोष पुत्र शिवाकांत ने तहरीर देकर बताया कि वर्ष 2022 में एल एन टी कंपनी से सोनालिका ट्रैक्टर फाइनेंस करवाया था। जिस पर मैं तिमाही 43200 की किस्त अदा करता रहा। इसी दौरान एक किस्त न दे पाने पर मैनेजर विकास दीक्षित ने बेंदा गांव निवासी रणविजय सिंह को ट्रैक्टर लेने के लिए भेजा।15 दिसंबर वर्ष 2023 को घर से उक्त व्यक्ति ट्रैक्टर ले गया ट्रैक्टर को कम्पनी में जमा नहीं किया। रणविजय और विकास दीक्षित ने फतेहपुर जनपद के थाना गाजीपुर के सोनवासा गांव निवासी महेंद्र पुत्र भोला प्रसाद को बेच दिया। उस समय मेरी कुल किस्त 1 लाख 80 हजार देने को शेष थी। जो अब वर्तमान में 3 लाख 30 हजार हो गई है।

# किसानों-मजदूरों ने जुझारू प्रदर्शन कर भरी हुंकार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




संयुक्त किसान मोर्चा एवं केन्द्रीय ट्रेड यूनियनो के देशव्यापी आहवान पर इटावा में जुझारू प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया।

ज्ञापन में एतिहासिक किसान आंदोलन के समय मोदी सरकार द्वारा किए गये लिखित समझौते को लागू रकने, एमएसपी की गारंटी, बिजली निजीकरण बिल वापसी, कर्जा मुक्ति, 4 लेवर कोड वापसी, न्यूनतम वेतन 26,000 रू. माह करने व कर्मचारी का दर्जा देने, स्मार्ट मीटर वापसी, सरकारी क्रय केन्द्रो पर धान खरीद कराने, बासमती श्रेणी का धान 5000 रू. कुंटल कराने, खाद की किल्लत दूर करने, किसान पेंशन 10,000 रू. माह करने, अन्यायपूर्ण भूमि अधिग्रहण बंद करने, बेमौसम वर्षा से बर्बाद फसलों का मुआवजा, मंहगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, ताखा तहसील में 100 शैया तैयार अस्पताल और आईटीआई को चालू कराने, मंडी की स्थापना, बुंदेलखंड एक्सप्रसे वे पर रोडवेज बसों का संचालन व कुदरैल पर कट बनाने आदि मांगो को उठाया गया। किसान सभा के प्रांतीय महामंत्री और एसकेएम उ.प्र. के नेता मुकुट सिंह ने संविधान दिवस के मौके पर एतिहासिक किसान आंदोलन की 5वीं वरसी पर बोलते हुए सरकार के समझौते से पलटने की कडी निंदा की गयी।

उन्होने कहा कि मोदी-योगी सरकार की नीतियां कारपोरेटपरस्त, साम्प्रदायक हैं, यह जनता के जीवन और जीविका पर हमलावर है, 4 लेबर कोड लागू कर मजदूरो को कारपोरेटस मालिकान का बंधुआ बनाने का फरमान जारी किया है। जिसकी वापसी के लिए किसान-मजदूर मिलकर लडाई तेज करेंगें। सीटू के प्रांतीय नेता अमर सिंह शाक्य ने 4 लेबर कोड वापसी की मांग उठायी, आशा यूनियन की प्रदेश महामंत्री संगीता कश्यप ने स्कीम वर्कर्स के लिए 26,000 रू. वेतन और कर्मचारी दर्जे की मांग उठायी। किसान सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष नाथूराम यादव, जिलामंत्री संतोष शाक्य, डा. शौकीन सिंह, अनिल दीक्षित, संतोष राजपूत, किसान यूनियन टिकेत के रामनरायण, मुन्नेश सिंह, रामनेरश, यूपीएमएसआरए के अध्यक्ष अभिषेक दुबे, सुनील अग्निहोत्री, अंकित शर्मा, किसान सभा के शिववचन, रामवरन, शिवराम, वैध विश्राम सिंह, डीवाईएफआई के जिलामंत्री मोनू यादव आदि ने सम्बोधित किया। अध्यक्षता रामबृजेश यादव, शकुंतला, अभिषेक दुबे के अध्यक्ष मण्डल ने तथा संचालन संतोष शाक्य ने किया।

# श्रीराम मंदिर पर धर्म ध्वजा को लेकर श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

विश्व हिन्दू महासंघ के जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की शाम को भूरागढ़ के केन आरती स्थल पर केन मां की आरती कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक मंगलवार की भांति इस बार भी सायंकाल को किया गया। मितेश कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाता है। आज के आरती कार्यक्रम में श्रीराम मंदिर पर धर्म ध्वजा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिला। समिति के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज श्रीराम मंदिर में भगवा धर्म ध्वजा को लेकर मन अत्यंत ही आनंदित है, उन्होंने बताया कि यह पवित्र ध्वजा गरिमा, एकता और संस्कृति निरंतरता का संदेश देती है तथा रामराज्य के आदर्शो का प्रतीक भी मानी जाती है आगे उन्होंने बताया कि ये पवित्र भगवा ध्वजा राम राज्य के आदर्शो को प्रतिबिंबित करते हुए गरिमा, एकता और सांस्कृतिक एकता का संदेश देता है।

इस मौके पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने श्रीराम मंदिर पर भगवा धर्म ध्वजा स्थापना को लेकर अपनी खुशी जाहिर की साथ ही जय श्री राम और जय गंगा मईया एवं जय केन मईया के नारे लगाकर वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

# क्रिकेट टीम में छह विद्यालयों ने किया प्रतिभाग

**बकेवर इटावा, समृद्धि न्यूज।**



ज्ञानस्थली ग्रुप आफस्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत ज्ञानस्थली करवा खेड़ा में ज्ञानस्थली ग्रुप के स्पोर्ट्स डायरेक्टर आसिफ खान की देखरेख में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में ज्ञानस्थली ग्रुप के अंतर्गत संचालित 6 विद्यालयों ने प्रतिभा किया जिसमें शिवाजी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज इटावा, बाबूराम सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज बकेवर, ज्ञानस्थली इंटर कॉलेज हिंदी मीडियम भरथना, सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज बिधूना सरस्वती ज्ञान मंदिर कॉलेज औरैया, सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज भटौली रूरा ने प्रतिभा किया जिसमें फाइनल में बाबूराम सरस्वती ज्ञान इंटर कॉलेज बकेवर व सरस्वती ज्ञान में इंटर कॉलेज बिधूना दोनों टीमे सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में पहुंची फाइनल में टॉस बाबूराम सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज बकेवर ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया जिसमें बाबूराम सरस्वती ज्ञान मंदिर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 ओवर में 101 रन का टारगेट बिधूना टीम को दिया वहीं दूसरी ओर सरस्वती ज्ञान मंदिरज्ञान मंदिर बिधूना ने पीछा करते हुए 92 रन बनाकर ऑल आउट हो गए।

इस प्रकार बाबूराम इंटर कॉलेज बकेवर ने बिधूना को 9 रन से हराकर फाइनल मैच जीत लिया इस मौके पर संस्था के प्रबंधक शिवप्रसाद यादव और उपप्रबंधक विनीत यादव तथा ज्ञानस्थली के कोच अमित यादव मौके पर मौजूद रहे विजेता एवंउप विजेता दोनों टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया सभी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बेनी रामपाल एवं इंग्लिश मीडियम के अकादमिक इंचार्जसुधीर यादव ने कहां की खेल एकेडमिक दोनों से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है अंत में ज्ञानस्थली करवा खेड़ा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल तिवारी जी सीनियर टीचर शिवमंगल सरनेभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा विद्यालय के स्टाफ सौरभ जी पीटीआई अनुज जी कृपा शंकर स्वामी शरण अरुण चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## आजाद समाज पार्टी ने मनाया संविधान दिवस



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम ने नगला खादर में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान सभा विचार संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभिषेक आजाद कानपुर मंडल प्रभारी तथा विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष एडवोकेट सुंदरम सिंह बौद्ध उपस्थित रहे। संगोष्ठी में वक्ताओं ने संविधान के महत्व पर विस्तृत विचार रखे और समाज में जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों उपस्थित लोगों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पालन करने और उसके मूल्यों को जीवन में अपनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक आजाद ने कहा कि हमारा इस संगोष्ठी का प्रमुख संदेश घर-घर संविधान पहुँचाने का है,ताकि हर नागरिक अपने अधिकारों, कर्तव्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों को समझ सके। इस मौक़े पर एडवोकेट संदीप भारती, एडवोकेट गोविंद गौतम, दीपक राज, राजीव गोयल आदि लोगों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**बकेवर, इटावा।** औरैया जनपद के गाँव बकवान से बाइक पर सवार होकर ससुराल जा रहे व्यक्ति को अम्बेडकर पार्क बकेवर के समीप बाइक चालक ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया। औरैया जनपद के अछल्दा थाना क्षेत्र के गांव बकबान निवासी सत्य पाल अपने साढू बृजमोहन के पुत्र पियूष निवासी ग्राम चंद्रपुरा थाना अछल्दा को बाइक पर पीछे बैठाकर चकरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रम्पुरा जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक बकेवर थाना क्षेत्र के बकेवर कस्बे के अम्बेडकर पार्क के सामने पहुँची कि तभी बकेवर की ओर से तेज गति से आ रहे बाइक चलाक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक सत्य पाल गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की सूचना पर पहुंची 112 नंम्बर पुलिस ने घायल बाइक सवार को अपनी 112 नंम्बर की गाड़ी में बैठाकर इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल बकेवर ले गये।

# नमामि गंगे के तहत खोदी गई सड़क पाइप लाइन के लिए पड़ी अधूरी

**▸ डीएम से की गडढ़ा भरवाने की मांग**

**पैलानी/बांदा, समृद्धि न्यूज।**



पैलानी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कई गांव में हर घर जल योजना में लगने वाले नालों के कनेक्शन के लिए कई जगह सड़के खोदी गई है और बड़े-बड़े गड्ढे अधूरे पड़े हैं जो मौत को दावत दे रहे हैं पैलानी तहसील से लगभग 500 मीटर की दूरी गौशाला के पास लोगों के आने जाने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है कस्बे के हरिओम ने बताया कि एक बड़ा सा गड्ढा खोद दिया गया जिससे आए दिन घटनाएं होती हैं यह गड्ढा लगभग 15 दिनों से ऐसे ही पड़ा है जिसमें कई घटनाएं भी हो चुकी हैं बच्चों या स्कूल वाहन को भी गिरने की संभावना है। जिलाधिकारी से मांग की जल्द से जल्द या गड्ढा भराया जाए जिससे कोई घटना न हो।

## जागते रहो अभियान के तहत शिविर का आयोजन

**नरैनी,बांदा।** जागते रहो अभियान के सातवें दिन पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरुवा कालिंजर में जागरूकता आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए चित्रकला और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। यह आयोजन परियोजना कोऑर्डिनेटर विष्णु कुमार की पहल पर आयोजित किया गया, जिसमें संविधान दिवस के अवसर पर बच्चों को अधिकारों और कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतियोगिता में लड़कियों और लड़कों ने महिला हिंसा, लड़का-लड़की में भेदभाव, महिला कार्यबोझ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली चित्र और लेख प्रस्तुत किए। बच्चों की रचनाओं ने समाज में मौजूद असमानताओं को उजागर किया और सकारात्मक बदलाव का संदेश दिया।

# जल शक्ति राज्यमंत्री ने दीर्घ सेतु पुल का किया शिलान्यास

**पैलानी बांदा, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम द्वारा पैलानी तहसील अंतर्गत सिंधनकला तुर्री नाला के लिए 1584.97 लाख की लागत से 120.68 मी की लंबाई पर बनने वाले दीर्घ सेतु पुल को आज जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने विधिवत पूजन अर्चन करने के बाद शिलान्यास किया । तुर्री नाला में दीर्घ सेतु पुल बनने से सिंधन कला तथा इसके मजरा गुरगवां, सिंधन खुर्द, पंडवन डेरा,तगडा़ डेरा,बैसन डेरा, लसडा़, बसधरी, अदरी, हरवंश पुरवा,पचकौरी आदि गांवों के ग्रामीणों को बाढ के दौरान तुर्री नाला पुलिया मे केन नदी के बाढ का पानी आ जाने से आवागमन बंद हो जाता था। वहीं आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों में दिनेश सिंह, प्रधान प्रतिनिधि लसडा़ संजय सिंह चंदेल अदरी प्रधान उजैर खां, मैय्यादीन सिंह, प्रधान प्रतिनिधि सिंधनकला छेदीलाल आदि ने मंत्री को मुकुट पहनाकर माला पहनाकर स्वागत किया। जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने अपने संबोधन में कहां की 70 वर्षों बाद तुर्री नाला में बन रहे दीर्घ सेतु पुल से आधा दर्जन गांव के सैकडो़ ग्रामीणो को पुल बन जाने से आवागमन का रास्ता सुगम होगा वही बाढ़ आ जाने पर 2 माह तक बच्चे पढ़ाई से बंचित हो जाते थे तथा स्वास्थ्य क्षेत्र पर भी बुरा प्रभाव पड़ता था ऐसे में अब इस दीर्घ सेतु के बन जाने से लोगों में आवा गमन का रास्ता सुलभ हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि सिंधनकला में बनने जा रहा प्रदेश के 11 आवासीय मॉडल विद्यालय में एक मुख्यमंत्री माडल आवासीय इंटर कॉलेज सिंधन कला में बनने जा रहा है साथ ही साथ उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरे द्वारा भेजे गए 11 प्रस्ताव में आधा दर्जन प्रस्ताव धार्मिक स्थलों में सड़क निर्माण को लेकर पारित किया है इस दौरान सेतु निगम के अधिशासी अभियंता सी पी दिवाकर ,एई पंकज आनंद,जे ई देवमणि, 1008 नरोत्तम दास जी महाराज, शासकीय अधिवक्ता राम सुफल सिंह ,पूर्व मंडल अध्यक्ष राजबहादुर सिंह ,जितेंद्र सिंह चंदेल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जसपुरा महेश निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित निगम, बृजेश सिंह, राजेश सिंह लुकतरा, प्रकाश सेंगर ,सुरेश तिवारी ,जगभान सिंह नांदादेव, मीडिया प्रभारी शिवदत्त तिवारी, समेत सैकडो ग्रामीण मौजूद रहे। संचालन मंडल अध्यक्ष जसपुरा साहिब सिंह ने किया।

# बस ने तीन युवकों को रौंदा, दो की मौत, एक घायल

**बबेरू बांदा, समृद्धि न्यूज।**



बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बेर्राव गांव के पास बाइक सवार तीन युवकों को प्राइवेट बस ने रौंदा, दो युवको की मौत हो गई, वही एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कमासिन थाना क्षेत्र अंतर्गत छिलोलर गांव निवासी शुभम पुत्र रवि करण नामदेव उम्र 20 वर्ष, सुरेंद्र उर्फ सोनी पुत्र देवराज गुप्ता उम्र करीब 20 वर्ष व निखिल पुत्र मूलचंद उम्र करीब 20 वर्ष तीनों निवासी छिलोलर थाना कमासिन यह तीनों एक ही बाइक में सवार होकर बेर्राव गांव से अपने गांव की तरफ जा रहे थे तभी कमासिन की तरफ से सामने से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस बेर्राव गांव के पंडित दीनानाथ महाविद्यालय के पास सामने से बाइक सवार को रौंद डाला, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बबेरू कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, जहां पर सभी घायलों को अपनी ही गाड़ी में ले जाकर तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद सुरेंद्र उर्फ सोनी व निखिल नामदेव को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल शुभम को प्राथमिक उपचार करने के बाद पैर फैक्चर होने की वजह से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रिफर कर दिया है। वही मौत की खबर सुनकर दोनों के परिवार में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है। जिसका बुधवार की दोपहर पोस्टमार्टम कराया गया है। वहीं पुलिस के द्वारा बस को अपने कब्जे में कर लिया है, और आगे की कार्यवाही की जा रही है, जानकारी के मुताबिक मृतक निखिल अपने परिवार में इकलौता था। वहीं मृतक सुरेंद्र उर्फ सोनी यह छ भाइयों में पांचवें नंबर का था, इसमें इस घटना को देखते हुए मृतक निखिल की मां जयरानी व मृतक सुरेंद्र उर्फ सोनी की मां फूलमती सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

यातायात माह नवंबर माह 2025 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत आज मां महेश्वरी देवी चौराहे पर भगवत प्रसाद एकेडमी विद्यालय के छात्र /छात्राओं द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा मेविश टॉक, मंडलीय मास्टर ट्रेनर/ समन्वयक सड़क सुरक्षा डॉ पीयूष मिश्रा, यातायात प्रभारी संजय मिश्रा एवं सदस्य जिला सड़क सुरक्षा समन्वयक समिति सुनील सक्सेना,अन्य संभ्रांत समाजसेवी की उपस्थिति में नगर वासियों को जागरूक किया इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा ने छात्र-छात्राओं के इस प्रयास को सराहते हुए अपने जीवन में अमल में लाने की प्रेरणा दी डॉ. पीयूष मिश्रा ने उपस्थित सभी संभ्रांत नागरिकों से अपील की कि वह इस अभियान से जुड़कर जनपद बांदा को दुर्घटना रहित बनाने में मदद करें हेलमेट तथा सीट बेल्ट का प्रयोग कर जनपद बांदा को आदर्श जनपद बनाएं यातायात प्रभारी ने सभी से यातायात नियमों के पालन करने का आग्रह किया।

सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य सुनील सक्सेना ने सभी बच्चों का उत्साह वर्धन किया समाजसेवी गोपाल कल्पना गारमेंट्स एवं अन्य नगर वासियों ने बढ़-चढ़कर छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

# किसानों की समस्या को लेकर समाजसेवी ने सौंपा ज्ञापन

**बबेरू बांदा, समृद्धि न्यूज।**



बबेरू क्षेत्र के दर्जनों गांव में अन्ना पशुओं से परेशान किसानों की समस्या को लेकर समाजसेवी ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। बबेरू क्षेत्रीय समाजसेवी पीसी पटेल के द्वारा आज बुधवार की दोपहर बबेरू तहसील पहुंचकर अन्ना पशुओं से परेशान किसानों की समस्या को लेकर नायब तहसीलदार मनोहर सिंह, को ज्ञापन दिया है, और औग़ात कराया कि बबेरू तहसील क्षेत्र आहार , बबेरू,मिलाथू,पल्हरी, शिव मवई, पारा,बिहारी, आलमपुर, बगेहटा, देवरथा, अनौसा, जुगरेहली, गांव सहित दर्जनों गांव में सैकड़ो अन्ना पशुओ का झुंड किसानों की फैसले बर्बाद कर रहे है। अगर कोई भी किसान व समाजसेवी किसानों की आवाज उठाता तो संबंधित अधिकारियों को बता देते है, ऐसी कोई समस्या नहीं है, और फर्जी शिकायत थी, समाजसेवी पीसी पटेल ने कहा कि मौके मै किसानों के खेतों पर पहुंचकर अन्ना पशुओं को देखा है और उनका वीडियो फोटो भी लिया, है, कई बार तहसील दिवस में व जिलाधिकारी को ज्ञापन दे चुके है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिससे किसानों की फसलों को अन्ना पशुओं के द्वारा बर्बाद किया जा रहा है, न ही खंड विकास अधिकारी, न सचिव के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है हमारी मांग है, कि अन्ना पशुओ को गौशाला में संरक्षित किया जाए क्योंकि सरकार के द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किया जा रहा है। गौशाला का आया रुपया ग्राम प्रधान व सचिव, व उच्च अधिकारियों के द्वारा खाया जा रहा है।